CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 06°C

हल्द्वानी, शनिवार 24 जनवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 150 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 4 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



चुनाव प्रबंधन निकायों का तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न पेज 2



सुधार की गुंजाईश हमेशा रहती है: अभिषेक शर्मा खेल टाइम्स



बालिकाओं के साथ बढ़ते हैवानियत के मामले चिंताजनक सम्पादकीय




ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनकर फैमिली बिजनेस बढ़ाया पेज 12

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश हुए विमान में पहले से खराबी थी

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में 12 जून 2025 को क्रैश हुए एयर इंडिया के बोइंग 787 विमान में पहले से कई गंभीर तकनीकी दिक्कतें थीं। चार साल पहले प्लेन में आग भी लगी थी।

अमेरिका स्थित फाउंडेशन फॉर एविएशन सेफ्टी (एफएएस) ने दावा किया है कि विमान में इलेक्ट्रिकल सिस्टम फेल होने से एक के बाद एक कई सिस्टम बंद हुए। हो सकता है कि यही हादसे की वजह बना हो। विमान टेकऑफ के कुछ ही सेकेंड बाद अहमदाबाद के रिहायशी इलाके में गिर गया था। इस हादसे में 270 लोगों की मौत हुई थी। सिर्फ एक शख्स जिंदा बचा था। एफएएस के मुताबिक, यह बोइंग 787 विमान 2014 से उड़ानों में इस्तेमाल हो रहा था। व्हिसलब्लोअर के दस्तावेजों के आधार पर संगठन का दावा है कि विमान में शुरुआत से ही बार-बार तकनीकी और सिस्टम से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। 2022 में एक बार उड़ान के दौरान विमान में आग भी लगी थी।

# उत्तर भारत में यकायक बदला मौसम का मिजाज, लौटी ठंड

शाह टाइम्स ब्यूरो



- राजस्थान-यूपी में जमकर बारिश, शीतलहर चली, शिमला-मनाली में सीजन की पहली बर्फबारी, श्रीनगर एयरपोर्ट पर चार इंच बर्फ, सभी फ्लाइट्स कैंसिल, वैष्णो देवी यात्रा रुकी, कई स्थानों पर तापमान में भारी गिरावट

**उत्तर भारत** में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने से मौसम बदल गया है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में देर रात से बारिश हो रही है। तेज हवाएं चल रही हैं। कई जिलों में तापमान घट गया है। हिमालय के राज्यों में भी बारिश-बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है।

हिमाचल के शिमला-मनाली में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। इससे साढ़े तीन महीने से चल रहा ड्राई स्पेल खत्म हो गया है। जम्मू-कश्मीर के मैदानी और पहाड़ी जिलों में बर्फबारी जारी है। श्रीनगर एयरपोर्ट पर 4 इंच तक बर्फ जम गई है, इसके कारण शुक्रवार के लिए सभी फ्लाइट कैंसिल कर दी गई हैं। श्रीनगर-जम्मू हाईवे भी बंद है। नवयुग टनल के पास ट्रैफिक रोक दिया गया है। मुगल, सिंथन रोड भी बंद हैं। कटरा में बर्फबारी के कारण वैष्णो देवी यात्रा रोक दी गई है। राजौरी, पुंछ और कठुआ में स्कूल बंद हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, 26 जनवरी को दूसरा स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। इससे उत्तर भारत के 9 राज्यों में बारिश और पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ या वेस्टर्न डिस्टर्बेंस, पश्चिम से आने वाली हवा और बादलों का एक सिस्टम होता है। इसके एक्टिव होने से पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी, मैदानी क्षेत्रों में बारिश होती है। तापमान में गिरावट, पाला और कोल्डवेव के हालात बनते हैं। जम्मू-कश्मीर में उधमपुर पुलिस ने बर्फबारी में फंसे महिलाओं और बच्चों समेत 12 लोगों को सफलतापूर्वक बचा लिया। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोग चोचरू गल्ला इलाके में खराब मौसम के कारण फंस गए थे। चोचरू गल्ला इलाके से लगभग 12 किलोमीटर दूर संघ में पुलिस पोस्ट को एक इमरजेंसी कॉल मिली। इसके बाद अधिकारियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। उधमपुर पुलिस अधिकारियों को उस इलाके तक पहुंचने में तीन घंटे लगे जहां स्थानीय लोग फंसे हुए थे। शिमला में भी सीजन की पहली बर्फबारी हुई। घरों के बाहर सड़कों पर खड़ी गाड़ियों पर मोटी बर्फ की परत जम गई है। हिमाचल के मनाली में शुक्रवार सुबह से बर्फबारी शुरू हो गई, जिससे पूरी घाटी सफेद चादर से ढक गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### छगन भुजबल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 20 साल बाद बरी

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में लंबे समय से चले आ रहे एक बड़े कानूनी मामले में राकांपा नेता और मंत्री छगन भुजबल को बड़ी राहत मिली है। मुंबई की एक विशेष अदालत ने महाराष्ट्र सदन निर्माण से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें आरोपों से बरी कर दिया है। अदालत ने साफ कहा कि भुजबल के खिलाफ आरोप तय करने लायक ठोस सबूत पेश नहीं किए जा सके। यह मामला वर्ष 2005-06 का है। उस समय भुजबल महाराष्ट्र सरकार में लोक निर्माण विभाग के मंत्री थे। आरोप था कि नई दिल्ली में महाराष्ट्र सदन के निर्माण का ठेका एक निजी कंपनी को गलत तरीके से दिया गया। ईडी ने दावा किया था कि इस सौदे के बदले भुजबल और उनके परिजनों को कथित रूप से रिश्वत मिली थी, जिसे मनी लान्ड्रिंग बताया गया। ईडी का आरोप था कि निर्माण कंपनी केएस चमनकर ने भुजबल परिवार को किकबैक दिया। जांच एजेंसी के मुताबिक यह पैसा उन कंपनियों में भेजा गया, जिनमें भुजबल के बेटे पंकज भुजबल और भतीजे समीर भुजबल निदेशक थे।

### जम्मू-कश्मीर के कठुआ में जैश का आतंकी ढेर

**कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में शुक्रवार शाम सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी को मार गिराया। आईजीपी जम्मू ने आतंकी के मारे जाने की पुष्टि की है। सूत्रों के मुताबिक मारे गए आतंकी नाम उस्मान है। अभी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। सुरक्षाबलों की मुठभेड़ आतंकियों के ग्रुप से हुई है। बिलावर इलाके में अभी भी एनकाउंटर जारी है। सुरक्षाबलों की जाइंट टीम ने बिलावर इलाके में आतंकियों के 3 ठिकानों का भंडाफोड़ किया था।

### बारिश के बीच गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर शुक्रवार को बारिश के बीच गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। बारिश के बावजूद सेना के जवानों ने कदमताल करते हुए मार्च किया। रिहर्सल में कई मंत्रालयों और विभागों की झांकियां भी शामिल रहीं। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर और संस्कृति मंत्रालय ने वंदे मातरम् थीम पर झांकी निकाली। बारिश के बावजूद दर्शक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उन्होंने छाते लेकर परेड और झांकियां देखीं।

## जज को उसकी लिमिट बताने वाले वकील को सीजेआई ने लगाई फटकार

# आंख दिखाना चाहता है, तो दिखाए

शाह टाइम्स ब्यूरो



- वकील महेश तिवारी ने जस्टिस कुमार से कहा था कि वे अपनी हद पार न करें

**नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट** ने शुक्रवार को उस वकील को कड़ी फटकार लगाई, जिसने जज को लिमिट बताने की कोशिश की थी। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने वकील से कहा कि अगर वह आंखें दिखाना चाहता है तो दिखाए, हम भी यहां बैठे हैं। हम भी देखेंगे। वकील का नाम महेश तिवारी है।

उन्होंने पिछले साल कोर्टरूम की कार्यवाही के दौरान झारखंड हाईकोर्ट के एक जज के साथ मौखिक बहस के लिए जारी किए गए आपराधिक अवमानना नोटिस के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। दरअसल, वकील महेश तिवारी 16 अक्टूबर को झारखंड हाईकोर्ट के जज राजेश कुमार के साथ बहस की थी। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। बहस के दौरान वकील महेश तिवारी ने जस्टिस कुमार से कहा था कि वे अपनी हद पार न करें। इसके बाद झारखंड हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना घ्का नोटिस जारी किया। इस पर वह सुप्रीम कोर्ट चले गए। हालांकि, अब सुप्रीम कोर्ट से वकील तिवारी को झटका लगा है। सीजेआई सूर्यकांत ने हाईकोर्ट की अवमानना कार्यवाही के खिलाफ अपील करने के लिए वकील महेश तिवारी को फटकार लगाई और कहा कि वह बस सुप्रीम कोर्ट से एक आदेश चाहता है, ताकि यह दिखा सके कि मेरा क्या बिगाड़ लिया। मामला तब सुलझ गया जब महेश तिवारी ने अपनी क्लाइंट को 50,000 रुपये जमा करने पर सहमति जताई। हालांकि, तिवारी का मामला खत्म होने के बाद यह मुद्दा और बढ़ गया। जैसे ही कोर्ट ने अगला मामला लिया, जस्टिस कुमार ने कथित तौर पर महेश तिवारी के तर्क पेश करने के तरीके के बारे में टिप्पणी की। इसके बाद कोर्ट ने उस वक्त अदालत में ही मौजूद झारखंड स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन से वकील के आचरण का संज्ञान लेने को कहा। इसके बाद तिवारी खड़े हुए, बेंच के पास गए, और जज की ओर इशारा करते हुए कहा कि मैं अपनी तरह से बहस कर सकता हूं, आपके बताए तरीके से नहीं। कृपया इस बात का ध्यान रखें, किसी भी वकील को अपमानित करने की कोशिश न करें, मैं आपको बता रहा हूं। इस पर जज ने पलटकर जवाब दिया और कहा कि आप यह नहीं कह सकते कि कोर्ट अन्याय कर रहा है। इसके बाद वकील महेश ने कहा कि क्या मैंने ऐसा कहा। इसके बाद जज से लाइव वीडियो रिकॉर्डिंग देखने के लिए कहा, यह इशारा करते हुए कि यह कोई और वकील था, जिसने बहस की वह लाइन इस्तेमाल की थी, जिसे जस्टिस कुमार ने अपमानजनक पाया। बयान अधिवक्ता महेश तिवारी द्वारा अदालत की कार्यवाही के दौरान दिया गया बताया जा रहा है। वकील ने कहा कि कृपया रिकॉर्डिंग देखिए। मैंने केवल आपके समक्ष प्रार्थना की थी, देश न्यायपालिका को लेकर जल रहा है, ये मेरे शब्द हैं। किसी भी अधिवक्ता को अपमानित करने की कोशिश मत कीजिए, आप जज हैं, इसलिए सब जानते हैं और हम अधिवक्ता कुछ नहीं, मैं अपने तरीके से बहस करूंगा, सीमा पार मत कीजिए।

### अगर वह माफी मांगना चाहता है, तो उसे माफी मांगनी चाहिए

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अगर वह माफी मांगना चाहता है, तो उसे माफी मांगनी चाहिए, अगर वह जजों को आंखें दिखाना चाहता है, तो वह आगे बढ़ सकता है। हम यहां बैठे हैं, और हम भी देखेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट से यह भी कहा कि अगर वह माफी मांगता है, तो सहानुभूतिपूर्ण रवैया अपनाए। महेश तिवारी का जस्टिस राजेश कुमार के साथ तीखी बहस तब हुई, जब वह अपनी क्लाइंट (एक विधवा) के लिए राहत मांग रहे थे, जिसकी बिजली लाइन 1.30 लाख रुपये के बकाया के कारण काट दी गई थी। सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा था कि उनकी क्लाइंट कनेक्शन दोबारा लगवाने के लिए 25,000 रुपये जमा करने को तैयार है। हालांकि, जस्टिस कुमार ने एक न्यायिक मिसाल का हवाला दिया, जिसमें कुल बकाया राशि का 50 प्रतिशत जमा करने की आवश्यकता थी।

## तमिलनाडु में डीएमके सरकार का काउंट डाउन शुरू: पीएम



**तिरुवनंतपुरम।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को तमिलनाडु और केरल का दौरा किया। यहां उन्होंने दो रैलियों को संबोधित किया। केरल के तिरुवनंतपुरम में 55 मिनट की स्पीच में पीएम ने कहा कि 1987 के पहले गुजरात में बीजेपी एक हाशिए की पार्टी थी। अखबार में दो लाइन नहीं छपती थीं। 1987 में पहली बार अहमदाबाद में नगर निगम में जीत हासिल की, वैसे ही बीजेपी ने तिरुवनंतपुरम में हासिल की। यहां से केरल में भाजपा की नींव पड़ गई है।

तमिलनाडु के चेंगलपट्टू में पीएम ने कहा कि राज्य के लोग डीएमके के कुशासन से मुक्ति चाहते हैं। डीएमके सरकार का काउंट डाउन शुरू हो चुका है। पीएम ने गांधी परिवार का नाम लिए बिना कहा कि तमिलनाडु सरकार बस एक परिवार की जी हुजूरी में लगी है। पीएम का तमिलनाडु और केरल का दौरा इसलिए भी खास है क्योंकि इसी साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। मोदी नेकहा कि डीएमके ने वादे बहुत किए, लेकिन काम जीरो रहा। डीएमके सरकार को लोग भ्रष्ट सरकार बोल रहे हैं। यानी करप्शन माफिया और क्राइम को बढ़ावा देने वाली सरकार। तमिलनाडु की जनता डीएमके को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। यहां एनडीए की डबल इंजन सरकार बनना तय है। डीएमके में वही आगे बढ़ता है जिसके पास करप्शन रूट, एब्यूज वूमेन रूट और एब्यूज अवर कल्चर रूट हैं। यही कारण है कि डीएमके में वहीं लोग आगे बढ़ रहे हैं जिन्हें ए सब काम आते हैं। तमिलनाडु का बच्चा बच्चा जानता है कि कहां कितना करप्शन हो रहा है और ये कमाई किसकी जेब में जा रही है। बीते 11 सालों में एनडीए की केंद्र सरकार ने अभूतपूर्व काम किया है। 2014 से पहले दिल्ली में जब कांग्रेस गठबंधन की सरकार थी। तब तमिलनाडु के विकास के लिए कम फंड दिया जाता था। पिछले 11 साल में एनडीए सरकार ने 3 लाख करोड़ रुपये तमिलनाडु को दिए हैं। ये कांग्रेस सरकार की तुलना में करीब 3 गुना है। एनडीए सरकार ने तमिलनाडु के वेलफेयर के लिए करोड़ों रुपये दिए हैं। कांग्रेस गठबंधन के कार्यकाल में गरीब, एससी, एसटी, ओबीसी के वेलफेयर के नाम पर सिर्फ घोटाले होते थे।

# धार की जमीन ने दिया धीरज का परिचय

- विवादित भोजशाला में सूर्योदय से सूर्यास्त तक हुई पूजा, अमन-चैन के बीच जुमे की नमाज भी अदा कराई गई

**धार।** धार की भोजशाला में शुक्रवार को पड़ी वसंत पंचमी शांति से संपन्न हो गई। कड़ी सुरक्षा के बीच भोजशाला में मां सरस्वती की पूजा और नमाज अदा कराई गई। इस दौरान किसी भी तरह से विवाद को स्थिति निर्मित नहीं हो पाई। तय संख्या में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने नमाज पढ़ी और भोजशाला में सूर्योदय से सूर्यास्त तक मां सरस्वती की पूजा और हवन जारी रहा।

पूर्णाहूति के बाद हवन पूर्ण हुआ और धारवासियों ने चौन की सांस ली। आस्था और इबादत की दोनों धाराएं शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच एक जगह और एक समय पर मिलीं, लेकिन इस बार विवाद नहीं हुआ। न पत्थर चले और न ही आंसू गैस के गोले छोड़े गए। बीते वर्षों में जब भी वसंत पंचमी शुक्रवार को आई थी, धार के हालात बिगड़े थे, लेकिन इस बाद प्रशासन ने अपनी पूरी ताकत झोंक रखी थी और धार के लोगों ने भी धीरज धरा। वसंत पंचमी और जुम्मे की नमाज निर्विघ्न तरीके से सम्पन्न हुई। भोज उत्सव समिति ने धर्मसभा भी आयोजित की। जिसमें वर्ष 2034 तक धार में भव्य मंदिर बनाने की बात कही गई। शांतिपूर्ण तरीके से पूजा और नमाज कराना प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्देश ने राह आसान कर दी। भोजशाला की मस्जिद में दोपहर 2 बजे नमाज भी अदा कराई गई। वज्र वाहन में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों को सुरक्षा के साथ लाया गया। 20 मिनट तक नमाज अदा होने के बाद समाजजनों को वापस ले जाया गया। 15 से अधिक संख्या में मुस्लिम समाज के लोग आए थे। इसके लिए प्रशासन ने पास भी जारी किए। वसंत पंचमी पर धार शहर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था। भोजशाला जाने वाले हर रास्ते पर पुलिस का पहरा था और बैरिकेड लगाए गए थे। आसमान पर ड्रोन मंडरा रहे थे। घरों की छतों से लेकर गलियों तक कड़ी निगरानी रखी जा रही थी। धार में जब-जब शुक्रवार और वसंत पंचमी का मिलन हुआ, धार में तनाव और संघर्ष ने भी दस्तक दी, इसीलिए प्रशासन ने सुरक्षा में कोई कसर बाकी नहीं रखी।

# पाक को लेकर बड़ा खुलासा

- भारत की एंटी ड्रोन शील्ड चेक कर रहा पाकिस्तान, ऑपरेशन सिंदूर के बाद से 800 ड्रोन भेजे

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ लड़ने का एक खतरनाक और सस्ता युद्ध मॉडल अपनाया है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, इस ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान की तरफ से 800 से ज्यादा ड्रोन भारतीय हवाई सीमा में भेजे गए। इसे लो लेवल ड्रोन वॉरफेयर (कम ऊंचाई पर ड्रोन युद्ध) कहा जाता है।

सूत्र बताते हैं कि यह सिर्फ इक्का-दुक्का घटनाएं नहीं हैं, बल्कि भारत की एयर डिफेंस और एंटी ड्रोन शील्ड परखने की सैन्य रणनीति का संकेत है। ये ड्रोन कम ऊंचाई पर उड़ते हैं, जिससे रडार को चकमा दे सकते हैं। ज्यादातर ड्रोन राजस्थान और पंजाब की सीमा पर देखे गए। भारतीय सुरक्षा बलों ने 800 में से करीब 240 ड्रोन मार गिराए। 5 ड्रोन में हथियार या युद्ध से जुड़ा सामान मिला। 160 से ज्यादा ड्रोन दूसरे सामान गिराने के लिए आए थे, जबकि करीब 72 ड्रोन नशीले पदार्थ लेकर आए थे। इस साल जनवरी में अब तक ड्रोन घुसपैठ की 12 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। सूत्रों के अनुसार, ज्यादातर ड्रोन सर्विलांस करने आए थे। इनका मकसद भारतीय सेना की तैनाती और उसका पैटर्न पता लगाना था। पाकिस्तान ऐसे सर्विलांस से आतंकियों की घुसपैठ के रास्ते खोजता रहा है। सैन्य संचालन- महानिदेशक स्तर पर हॉटलाइन पर होने वाली वार्ता में भारत ने ड्रोन एक्टिविटी पर आपत्ति दर्ज कराई है।

# साढ़े चार करोड़ नौकरियां, लाखों कारोबार दांव पर: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

- मोदी जवाबदेह, न राहत दी, न अमेरिकी टैरिफ पर कुछ बोले, यह हमारी डेड इकानोमी की सच्चाई: कांग्रेस सांसद

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि अमेरिकी टैरिफ से कपड़ा निर्यातकों को भारी नुकसान हुआ है। राहुल ने कहा 4.5 करोड़ से अधिक नौकरियां और लाखों कारोबार दांव पर लगे हैं, लेकिन मोदी ने न तो कोई राहत दी है और न ही अमेरिकी टैरिफ पर कुछ कहा। मोदी जी, आप जवाबदेह हैं, कृपया इस मुद्दे पर ध्यान दें। राहुल ने वीडियो के साथ एक्स (ग) पर किए गए पोस्ट में कहा,अमेरिका में 50 फीसदी टैरिफ और अनिश्चितता भारत के कपड़ा निर्यातकों को बुरी तरह नुकसान पहुंचा रही है। नौकरियां जा रही हैं, फैक्ट्रियां बंद हो रही हैं और ऑर्डर कम हो रहे हैं-यह हमारी डेड इकानोमी की सच्चाई है। राहुल कहा कि भारत के लिए यह बेहद जरूरी है कि अमेरिका के साथ ऐसा व्यापार समझौता किया जाए, जिसमें भारतीय कारोबार और मजदूरों के हित सर्वोपरि हों। उन्होंने यह भी कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को अपनी कमजोरी का असर अर्थव्यवस्था पर और नहीं पड़ने देना चाहिए। राहुल ने हरियाणा की कपड़ा फैक्ट्री के अपने हालिया दौरे का वीडियो सोशल पर शेयर किया। उन्होंने मजदूरों के बात भी की। गांधी ने यही वीडियो यूटड्ब पर भी शेयर किया और उसके साथ एक पोस्ट लिखा। मोदी जी, आप जवाबदेह हैं, कृपया इस मुद्दे पर ध्यान दें! वीडियो में राहुल गांधी कपड़ा फैक्ट्री के विभिन्न हिस्सों का दौरा करते हैं। वहां काम कर रहे मजदूरों और अफसरों से बातचीत करते हैं और कपड़ा काटने की प्रक्रिया में खुद भी हाथ आजमाते नजर आते हैं। राहुल ने कहा कि भारत का कपड़ा उद्योग हमारी अर्थव्यवस्था में दूसरा सबसे बड़ा रोजगार देने वाला सेक्टर है। हमारे कपड़े दुनियाभर में पसंद किए जाते हैं और हमारे कपड़ा कारीगरों की कारीगरी वाकई बेजोड़ है। लेकिन आज यह उद्योग अमेरिकी टैरिफ के कारण गहरी अनिश्चितता और डर का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में 50 फीसदी टैरिफ, यूरोप में गिरती कीमतें और बांग्लादेश व चीन से कड़ी प्रतिस्पर्धा के चलते हमारे कपड़ा निर्यातक हर तरफ से दबाव में हैं। गांधी के मुताबिक इसका सीधा असर रोजगार पर पड़ रहा है- फैक्ट्रियां बंद हो रही हैं, कच्चे माल की खरीद घट रही है और पूरे सेक्टर में भारी उथल-पुथल है।श्री गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार मनमाने कानून बनाकर लोकतंत्र, संविधान और 'एक व्यक्ति-एक वोट' के अधिकार को खत्म करना चाहती है। उनकी मंशा है कि हिंदुस्तान के चुने हुए लोगों के पास ही शक्ति हो और वे जिस तरह से चाहें देश को चलाएं। गरीबों को कुचलने का अधिकार भाजपा अडानी-अंबानी को देना चाहती है ।

## कर्नाटक हाईकोर्ट ने बाइक टैक्सी से बैन हटाया

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में अब बाइक टैक्सी चल सकेंगी। शुक्रवार को कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को परमिट जारी करने का निर्देश दिया।

चीफ जस्टिस विभु बखरू और जस्टिस सी एम जोशी की बेंच ने सुनवाई की। बेंच ने कहा कि ओला, उबर समेत एप बेस्ड एग्रीगेटर कंपनियों की अर्जी स्वीकारी गई है। मौजूदा कानूनों के तहत जरूरी परमिशन पर बाइक को ट्रांसपोर्ट व्हीकल के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। बेंच ने कहा है कि बाइक टैक्सी चलाने वाले वाहन मालिकों या एग्रीगेटर कंपनियों को जरूरी लाइसेंस के लिए आवेदन करना होगा। राज्य सरकार बाइक टैक्सी रेगुलेशन में शर्तें लगा सकती है, लेकिन सिर्फ इसलिए रजिस्ट्रेशन की अर्जी खारिज नहीं कर सकती कि वाहन बाइक है। अप्रैल 2025 में हाईकोर्ट ने बेंगलुरु में बाइक टैक्सी पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि जब तक राज्य सरकार मोटर व्हीकल्स एक्ट के तहत नियम नहीं बनाती, तब तक इनपर बैन रहेगा।

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### शंकराचार्य को स्नान से वंचित करना घोर अपराध: आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वहां की सरकार ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को स्नान से वंचित करके घोर अपराध और पाप किया है। सिंह ने शंकराचार्य से प्रयागराज में शुक्रवार को मुलाकात करने के बाद कहा कि शंकराचार्य को स्नान से वंचित कर उत्तर प्रदेश की सरकार ने घोर अपराध और पाप किया है। उन्होंने कहा कि उससे भी बड़ी अपमानजनक बात यह है शंक. राचार्य से शंकराचार्य होने का प्रमाण मांगा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग आज तक अपना डिग्री नहीं दिखा पाए वह शंकराचार्य से शंकराचार्य होने का प्रमाण मांग रहे है।

### योगी ने दी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** स्वाधीनता आंदोलन के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर हजरतगंज स्थित नेताजी सुभाष चौक पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। योगी ने कहा कि क्रांतिकारियों के सिरमौर के रूप में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने भारत की आजादी की लड़ाई को नई दिशा दी। उनका विराट व्यक्तित्व और अदम्य साहस आज भी हर भारतीय को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' और 'दिल्ली चलो' जैसे नारों ने देशवासियों के भीतर आजादी की अलख जगाई और युवाओं में जोश भर दिया।

# उप्र में कौशल क्रांति को मिलेगा नया आयाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ पश्चिमी उप्र के 18 जिलों के 128 विकास खंडों और 10,323 गांवों से जुड़े एक लाख युवाओं को 28 विभिन्न क्षेत्रों में रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण दिया जाएगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और उद्यमिता को नई गति देने के उद्देश्य से नोएडा परिधान निर्यात क्लस्टर और राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

एमओयू के तहत आगामी पांच वर्षों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 18 जिलों के 128 विकास खंडों और 10,323 गांवों से जुड़े एक लाख युवाओं को 28 विभिन्न क्षेत्रों में अल्पकालिक, रोजगारोन्मुख कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद लगभग 70 हजार युवाओं को औद्योगिक इकाइयों में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

इस पहल की एक प्रमुख विशेषता यह है कि कुल प्रशिक्षुओं में 50 प्रतिशत महिलाएं होंगी, जिससे महिला सशक्तिकरण को नई मजबूती मिलेगी।

देश के अग्रणी परिधान निर्यात क्लस्टरों में शामिल एनएईसी, उद्योग की जरूरतों के अनुरूप विशेषकर गारमेंट एवं संबद्ध क्षेत्रों में प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा। प्रशिक्षण से लेकर प्लेसमेंट तक की पूरी प्रक्रिया एनएईसी के डिजिटल पोर्टल 'कौशल गंगा' के माध्यम से संचा. लित की जाएगी। इसके साथ ही 'कौशल आजीविका' और 'कौशल बाजार' पोर्टल प्रशिक्षुओं को आजीविका और बाजार से जोड़ने में सहायक होंगे। इस सहयोग में राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद की अहम भूमिका होगी। भारत सरकार के राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) से मान्यता प्राप्त एससीवीटी प्रशिक्षुओं के मूल्यांकन और प्रमाणन का कार्य करेगी। एमओयू के तहत एनएईसी द्वारा प्रति प्रशिक्षु 1,200 रुपए प्रमाणन शुल्क एससीवीटी को दिया जाएगा। साथ ही एससीवीटी स्वयं स्तर पर पाठ्यक्रम विकसित कर उन्हें राष्ट्रीय परिषद से अनुमोदित भी कराएगी।

### सरकार का लक्ष्य हर युवा कौशल बने: कपिल

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का हर युवा कुशल बने और उसे रोजगार के लिए भटकना न पड़े। एनएईसी और एससीवीटी के बीच यह एमओयू उद्योग और शिक्षा के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करेगा। एमओयू पर हस्ताक्षर के अवसर पर व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरि ओम तथा विशेष सचिव एवं निदेशक, एससीवीटी अभिषेक सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल को प्रदेश की कौशल नीति के क्रियान्वयन की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

# महाराष्ट्र सरकार जो निवेश गिनाती है, वह जमीन पर क्यों नहीं दिखता: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने महाराष्ट्र की भाजपा सरकार पर निवेश के आपसी समझौतों पर हस्ताक्षर-एमओयू करने के मामले में झूठे आंकड़े देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य के मुख्यमंत्री जो दावे करते हैं, वैसा जमीन पर कहीं कुछ नहीं है।

महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता अतुल लोढ़े पाटिल ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि स्विट्जरलैंड के दावोस में हमेशा की तरह इस साल भी 'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम' की बैठक हुई और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस गाजे-बाजे के साथ इस बैठक में भाग लेने के लिए दावोस गए। फडणवीस अब दावा कह रहे हैं कि आने वाले दिनों में महाराष्ट्र में 30 लाख करोड़ रुपए का निवेश आने वाला है। कांग्रेस नेता ने कहा कि 2023-24 में भी इसी तरह के दावे किए गए थे। तब एकनाथ शिंदे राज्य के मुख्यमंत्री थे और उन्होंने 3 लाख 60 हजार करोड़ रुपए निवेश आने की बात कही थी। फिर जब शिंदे को हटाकर फडणवीस मुख्यमंत्री बने, तो 2024-25 में 15 लाख करोड़ का निवेश आने के दावे किए गए और अब 30 लाख करोड़ की बात हो रही है। उन्होंने सवाल किया कि आंकड़ों के मुताबिक पिछले तीन साल में 50 लाख करोड़ का निवेश महाराष्ट्र में आ चुका है और इस हिसाब से महाराष्ट्र की सारी समस्याएं अब खत्म हो जानी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ है तो इससे सवाल पूछना लाजमी है कि महाराष्ट्र सरकार ने कितने एमओयू पर हस्ताक्षर किए और जो दावे किए जा रहे हैं उनमें से कितने कार्यान्वित हुए। इस प्रक्रिया के तहत कितने किसानों से भूमि का आंवटन उद्योगों के लिए किया गया, कितने एमओयू हकीकत में बदले और कितने लोगों को रोजगार मिला।

# सवाल उठाने वालों को अपमानित कर रही भाजपा: सपा

लखनऊ, वार्ता

■ जो मुख्यमंत्री और भाजपा की गुलामी करेगा वो चार्टर प्लेन से चलेगा

समाजवादी पार्टी ने सतुआ बाबा का जिक्र किए बगैर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में 'भाजपा की गुलामी करने वालों' को वीआईपी सुविधा और सुरक्षा मिलती है, जबकि धर्म और जनता की आवाज उठाने वालों को अपमानित कर हिंसा का शिकार बनाया जाता है।

शुक्रवार को समाजवादी पार्टी ने अपने मीडिया सेल हैंडिल पर पोस्ट करते हुए कहा कि जो मुख्यमंत्री और भाजपा की गुलामी करेगा, वो चार्टर प्लेन से चलेगा, बड़ी-बड़ी करोड़ों की गाड़ियों से चलेगा और उसके दरवाजे पर अफसर रोटियां बेलेंगे। लेकिन जो गौमाता की रक्षा, गंगा मैया की रक्षा और आम आदमी की बात करेगा, उसे हिंदू विरोधी और कालनेमी कहा जाएगा। गौरतलब है कि प्रयागराज माघ मेले में इस बार सतुआ बाबा अपनी गाड़ियों को लेकर खासे चर्चा में हैं। कभी डिफेंडर तो कभी पोर्शे तो कभी बुलडोजर पर बैठ कर फोटो खिंच. ाने की तस्वीर ज्यादा वायरल हुई है। सपा ने प्रयागराज के स्नान पर्व में धर्माचार्यों के साथ हुई कथित घटनाओं को 'बेहद शर्मनाक' बताते हुए कहा कि जब सतुआ बाबा और भाजपा के गुलाम बाबा. ओं का बुलडोजर स्नान स्थल तक जा सकता है, तो सदियों पुरानी परंपरा वाली शंकराचार्य की पालकी क्यों नहीं जाने दी गई। पालकी तो बुलडोजर से छोटी होती है, बुलडोजर से एक्सीडेंट की संभावना होती है, फिर भी प्रशासन ने उसे रास्ता दिया और पालकी रोकी। पार्टी ने आरोप लगाया, ये स्पष्ट रूप से शंक. राचार्य की हत्या की साजिश थी, जिसे वक्त रहते शंकराचार्य ने पहचान लिया।

## चुनाव प्रबंधन निकायों का तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न

# मतदाता सूचियों की शुद्धता का संकल्प लिया

नई दिल्ली, वार्ता



■ चुनाव संचालन, प्रौद्योगिकी के उपयोग और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में मिल कर काम करने पर सहमति

■ चुनाव प्रबंधन निकायों का तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'दिल्ली घोषणा-2026' के साथ सम्पन्न

चुनाव आयोग द्वारा लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन पर यहां आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईआईसीडीईएम-2026) शुक्रवार को 'दिल्ली घोषणा-2026' के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें 42 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों ने अन्य बातों के अलावा मतदाता सूचियों की शुद्धता, चुनाव संचालन, प्रौद्योगिकी के उपयोग और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में मिल कर काम करने का संकल्प लिया है।

भारत मंडपम में आयोजित इस सम्मेलन के समापन सत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और उनके सहयोगी चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी, 42 देशों निर्वाचन प्रबंधन निकायों के प्रमुख, 70 से अधिक राष्ट्रीय संस्थानों के विशेषज्ञ, चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिकारी तथा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 36 मुख्य चुनाव अधिकारी उपस्थित थे।

समापन सत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार ने 'दिल्ली घोषणा 2026' को पढ़ा और सम्मेलन में शामिल सभी निर्वाचन प्रबंधन निकायों की ओर से इसे सर्वसम्मति से अपनाया गया। इस घोषणा पत्र में चुनाव निकायों ने पांच क्षेत्रों- निर्वाचक नामावलियों की शुद्धता, चुनावों का संचालन, अनुसंधान एवं प्रकाशन, प्रौद्योगिकी का उपयोग तथा प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण-पर मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया है। प्रतिभागियों ने अपनी प्रगति की समय-समय पर समीक्षा करने तथा 3, 4 और 5 दिसंबर 2026 को भारत अंतर्राष्ट्रीय लो. कतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम), नई दिल्ली में पुन: बैठक करने का प्रस्ताव भी पारित किया। चुनाव आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार उपस्थित सभी चुनाव प्रबंधन निकायों ने विश्व के लो. कतंत्रों पर सह- संकलित लो. कतंत्र विश्वकोश प्रकाशित करने, सात विषयों पर व्यापक रिपोर्ट तथा 36 विषयों पर रिपोर्ट तैयार करने पर का निर्णय लिया है। इनमें सात विषयों पर व्यापक रिपोर्ट तैयार किए जाने का काम वैश्विक अंतर-सरकारी संस्था इंटरनेशनल आईडीईए के नेतृत्व में तथा 36 अन्य विषयों पर रिपोर्ट बनाने के काम का नेतृत्व आईआईआईडीईएम कर रहा है।

### प्रक्रियाओं के प्रशिक्षण एवं आदान-प्रदान का भी संकल्प लिया

सम्मेलन में चुनाव आयोग के एकीकृत डिजिटल मंच ईसीआईनेट जैसी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के सह-विकास, और आईआईआईडीईएम के माध्यम से पारदर्शी प्रक्रियाओं के प्रशिक्षण एवं आदान-प्रदान का भी संकल्प लिया, ताकि चुनाव संचालन एवं निर्वाचक नामावली की तैयारी में व्यावसायिकता को बढ़ावा दिया जा सके। कुमार ने कहा कि इस सम्मेलन ने अंतर्राष्ट्रीय निर्वाचन मानकों पर महत्वपूर्ण संवाद को प्रोत्साहित किया है। सम्मेलन के दौरान आयोजित 40 से अधिक द्विपक्षीय बैठकों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन बैठकों से आपसी सहयोग, सामूहिक प्राथमिकताओं और दृष्टिकोणों की समझ का विस्तार हुआ है। चुनाव आयुक्त डॉ. संधू ने कहा कि पारस्परिक सम्मान, खुलेपन और एक-दूसरे से सीखने की इच्छा वैश्विक निर्वाचन समुदाय की परिपक्वता और व्यावसायिकता को दर्शाती है। चुनाव आयुक्त डॉ. जोशी ने कहा कि ईसीआईनेट का शुभारंभ भारतीय तकनीकी प्रगति का प्रतीक है और यह इस बात को रेखांकित करता है कि चुनाव आयोग प्रौद्योगिकी को इस प्रकार अपनाता है, जिससे वह विश्वास को सुदृढ़ करे, न कि उसका स्थान ले।



सेंसेक्स 81537.70
निफ्टी 25048.65



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 287550
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में फिर गिरावट सेंसेक्स 770 अंक लुढ़का

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को शुरुआती तेजी के बाद बिकवाली हावी होने से बीएसई का सेंसेक्स 769.67 अंक (0.94 प्रतिशत) लुढ़ककर 81,537.70 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 241.25 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की गिरावट में 25,048.65 अंक पर रहा। डॉलर की तुलना में रुपए के कमजोर पड़ने से शेयर बाजार में भी निवेश धारणा प्रभावित हुई। अनंतिम जानकारी के अनुसार रुपया आज 42 पैसे टूटकर पहली बार 92 रुपए प्रति डॉलर तक उतर गया। मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांकों का और बुरा हाल रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.94 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 1.95 प्रतिशत की गिरावट में रहा। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखी गई और सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे। बैंकिंग, रियलटी, स्वास्थ्य, तेल एवं गैस, ऑटो, वित्त और मीडिया सेक्टरों पर दबाव अधिक रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर 7.5 प्रतिशत से ज्यादा टूटा। इटरनल में छह फीसदी से अधिक और इंडिगो में चार प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही। एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व और पावर ग्रिड के शेयर दो से तीन प्रतिशत की बीच टूटे। मारुति सुजुकी, बीईएल, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, ट्रेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज में एक से दो प्रतिशत के बीच गिरावट रही। टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर करीब एक फीसदी ऊपर बंद हुआ। टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एशियन पेंट्स और टीसीएस में भी तेजी रही।

# अब देश में बनेंगे वाणिज्यिक विमान मंगलवार को होगी घोषणा

**नई दिल्ली।** अडानी समूह 'मेक इन इंडिया' की दिशा में बड़ी पहल करते हुए देश में वाणिज्यिक विमानों का निर्माण शुरू करने वाला है। अडानी समूह की कंपनी अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने इसके लिए ब्राजील की विमान बनाने वाली कंपनी एंब्रेयर के साथ करार करने जा रही है। आगामी 27 जनवरी को यहां राजीव गांधी भवन स्थित नागरिक उड्डयन मंत्रालय में इसकी घोषणा की जाएगी। दोनों कंपनियों की ओर से मीडिया ब्रीफिंग के लिए जारी संयुक्त आमंत्रण में कहा गया है कि भारत के वाणिज्यिक विमानन की 'मेक इन इंडिया' यात्रा में एक ऐतिहासिक विकास की घोषणा की जानी है। आमंत्रण में यह भी कहा गया है कि यह घोषणा 'एयरोस्पेस में भारत की आत्मनिर्भरता के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर' साबित होगी। इससे पहले मीडिया में इस तरह की खबर आई थी कि दोनों कंपनियों ने भारत में वाणिज्यिक विमानों के निर्माण के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। पहले उम्मीद की जा रही थी कि 28 से 31 जनवरी तक हैदराबाद में आयोजित 'विंग्स इंडिया 2026' में इसकी घोषणा की जाएगी। 'विंग्स इंडिया 2026' में एंब्रेयर अपने ई195-ई2 और ई175 विमानों का प्रदर्शन कर रही है। ई195-ई2 एक छोटा नैरोबॉडी वाणिज्यिक विमान है, जिसमें 132.146 सीटें हो सकती हैं।

# केंद्र ने वेतन और पेंशन संशोधनों को दी मंजूरी

नई दिल्ली, वार्ता

■ प्रमुख वित्तीय संस्थाओं के 95 हजार से अधिक कर्मचारियों, पेंशनभोगियों को मिलेगा लाभ

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख वित्तीय संस्थाओं के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए व्यापक वेतन एवं पेंशन संशोधनों को मंजूरी प्रदान की। यह कदम सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों (पीएसजीआईसी), राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और भारतीय रिजर्व बैंक के मौजूदा तथा पूर्व कर्मचारियों की आर्थिक कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से लिया गया है।

केंद्र सरकार के इस संशोधन से कुल मिलाकर लगभग 46,322 कर्मचारी (23,570 पेंशनर) और 23,260 परिवार पेंशनर लाभान्वित होंगे। वित्त मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि कर्मचारियों के लिए वेतन संशोधन एक अगस्त 2022 की पूर्ववर्ती तिथि से लागू होगा। इसमें मूल वेतन और महंगाई भत्ता में 14 प्रतिशत वृद्धि की गई है, जिससे कुल वेतन खर्च में 12-41 प्रतिशत वृद्धि होगी। इसके अलावा जो एक अप्रैल 2010 के बाद जुड़े कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में कर्मचारियों का योगदान 10 से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया गया है। परिवार पेंशन में भी 30 प्रतिशत की एक समान वृद्धि की गई है, जो आधिकारिक गजट में प्रकाशन की तिथि से लागू होगी। इन संशोधनों से पीएसजीआईसी पर 8,170.30 करोड़ रुपए का वित्तीय असर पड़ने का अनुमान है। पीएसजीआईसी में जो प्रमुख बीमा कंपनियां शामिल हैं उनमें नेशनल इंश्योरेंस कंपनी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया और एग्रीकल्चरल इंश्योरेंस कंपनी शामिल हैं। नाबार्ड के ग्रुप ए, बी और सी के लगभग 3,800 वर्तमान और पूर्व कर्मचारी एक नवंबर 2022 से लगभग 20 प्रतिशत बढ़े हुए वेतन और भत्ते के हकदार होंगे। इसके साथ ही नाबार्ड के उन सेवानिवृत्तों के लिए भी पेंशन संशोधन मंजूर किया गया है, जो एक नवंबर 2017 से पहले जुड़े और सेवानिवृत्त हुए थे, ताकि उनकी पेंशन भी पूर्व आरबीआई-नाबार्ड सेवानिवृत्तों के समान हो सके। केवल वेतन संशोधन से वार्षिक वेतन बिल में लगभग 170 करोड़ रुपए की वृद्धि होगी, जबकि बकाया राशि लगभग 510 करोड़ रुपए होगी।

# कफ सिरप तस्कर भोला प्रसाद की 28.50 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**सोनभद्र।** कोडीन युक्त कफ सिरप की जांच कर रही सोनभद्र पुलिस की एसआईटी टीम ने मुख्य अभियुक्त भोला प्रसाद की अपराध जगत से अर्जित की गई 28.50 करोड़ की संपत्ति न्यायालय के आदेश पर कुर्क कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने शुक्रवार को बताया कि कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी के मुख्य अभियुक्त भोला प्रसाद के खिलाफ राबर्ट्सगंज कोतवाली में एनडीपीएस व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है। इस मामले की जांच एसआईटी द्वारा किया जा रहा है। एसआईटी ने कफ तस्करी के मुख्य अभियुक्त वाराणसी निवासी भोला प्रसाद को कुछ दिन पहले विदेश पलायन के प्रयास के दौरान दमदम एयरपोर्ट, कोलकाता से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार सोनभद्र में निरुद्ध किया गया है। एसआईटी जांच में प्रकाश में यह तथ्य आया कि अभियुक्त द्वारा कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी के लिए संगठित सिंडिकेट का संचालन करते हुए अपराध से अर्जित लगभग 28 करोड़ 50 लाख की चल एवं अचल संपत्ति अर्जित की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त संपत्तियों को चिन्हित करते हुए धारा 107 बीएनएसएस के अंतर्गत कुर्की के लिए न्यायालय में रिपोर्ट प्रेषित की गई थी। न्यायालय द्वारा पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर 22 जनवरी को अभियुक्त की अपराध से अर्जित चल-अचल संपत्तियों को कुर्क किए जाने का आदेश पारित किया गया।

इस आदेश के अनुपालन में आज 23 जनवरी को इण्डियन बैंक शम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय शाखा, वाराणसी में जमा 53 लाख 93 हजार 276 रुपए और 60 लाख रुपए की फिक्स डिपॉजिट और अन्य दो खाते में जमा 68 लाख 96 हजार, एक मर्सिडीज बेंज कार अनुमानित कीमत एक करोड़ 22 लाख 15 हजार रुपए, तीन अचल संपत्ति अनुमानित कीमत एक करोड़ 98 लाख रुपए समेत 23 करोड़ की संपत्ति को जब्त किया गया है। गौरतलब है कि सोनभद्र पुलिस ने कोलकाता से सरगना शुभम जायसवाल के पिता भोला जायसवाल को गिरफ्तार किया था। दोनों ने मिलकर उत्तर प्रदेश के साथ बंगाल और बांग्लादेश तक प्रतिबंधित कफ सिरप का नेटवर्क फैला रखा था। शुभम जायसवाल और उसके पिता भोला प्रसाद जायसवाल ने शैली ट्रेडर्स फर्म तथा अन्य फर्मों के जरिए करोड़ों रुपए का काला कारोबार प्रतिबंधित कफ सिरप के माध्यम से किया।

# आजादी में बोस के योगदान को मिटाने के कांग्रेस ने किए प्रयास: भाजपा

नई दिल्ली, वार्ता



भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कांग्रेस और जवाहर लाल नेहरू सरकार पर देश की आजादी के लिए किए जाने वाले प्रयासों में बाधा डालने और उनके योगदान को मिटाने और कम आंकने का आरोप लगाते हुए निशाना साधा।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पंडित जवाहरलाल नेहरू पर यह आरोप लगाए और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा उन्हें संरक्षण प्रदान करने का भी आरोप लगाया। त्रिवेदी ने नेता. जी को लेकर कांग्रेस के साथ-साथ कम्युनिस्ट और तृणमूल कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती है, जिसे हम सब पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हैं। नेताजी ने 1943 में भारत की पहली निर्वासित सरकार बनाते समय किसी वायसराय या गवर्नर जनरल से शपथ नहीं ली थी, जबकि पंडित नेहरू को सरकार बनाते समय दो सितंबर 1946 को वेवल ने और 15 अगस्त, 1947 को माउंटबेटन ने शपथ दिलाई थी। श्री त्रिवेदी ने कहा कि आज पूर्ण स्वतंत्र विचारों से स्वतंत्र भारत की पहली स्वतंत्र सरकार स्थापित करने के प्रथम प्रतीक सुभाष चन्द्र बोस के स्मरण का पर्व है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता में अनेक लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं। उसमें नेताजी का योगदान सर्वाधिक अग्रणी और अविस्मरणीय है लेकिन उसे विस्मृत करने के अनेक कुत्सित प्रयास भारत के इतिहास में हुए हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने 1955 में बीबीसी को दिए अपने साक्षात्कार में कहा है कि भारत को जो आजादी मिली, वो इसलिए मिली, क्योंकि भारतीय सेना के सैनिकों की वफादारी अंग्रेजों के प्रति नहीं रह गई थी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि भारतीय सैनिकों की अंग्रेज सरकार के प्रति वफादारी कभी नहीं बदलेगी, ऐसा वो सोचते थे, लेकिन सुभाष चंद्र बोस की वजह से अंग्रेजों का यह सपना पूरी तरह से चकनाचूर हो गया था। त्रिवेदी ने कहा कि 1939 में द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होने के बाद नेता. जी सुभाष चंद्र ने कहा था कि यही मौका है, हमें ब्रिटिश सरकार पर दबाव बनाना चाहिए, लेकिन कांग्रेस ने उस समय उनके विचार को नजरअंदाज कर दिया।

उन्होंने पूछा कि कांग्रेस ने उस समय दबाव क्यों नहीं बनाया और तीन साल तक क्यों इंतजार किया। भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि कांग्रेस कार्य समिति में 14 जुलाई, 1942 को एक प्रस्ताव पारित किया गया था जिसमें कहा गया था कि ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध जो नकारात्मक भाव है, उसे सहयोग और सकारात्मक में बदलेंगे और हम एवं ब्रिटेन मिलकर दुनिया के लोगों और भारत के लोगों के लिए सकारात्मक वातावरण बनाएंगे, आपकी फौजें यहां रहें, इसके लिए कांग्रेस पूरी स्वेच्छा से समर्थन के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यही मूल कारण था कि कांग्रेस ने 1931 से लेकर 1947 तक 1942 को छोड़कर कोई भी आंदोलन नहीं किया।

### इच्छाधारी चुनावी हिंदू हैं अखिलेश: भाजपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हालिया बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि अखिलेश यादव इच्छाधारी चुनावी हिंदू हैं। सनातन संस्कृति को लेकर जब वो कुछ बोलते हैं, तो हंसी आती है। भाजपा के प्रवक्ता आनंद दूबे ने शुक्रवार को कहा कि अखिलेश यादव इच्छाधारी चुनावी हिंदू हैं, जो केवल चुनाव नजदीक आते ही हिंदुत्व का चोला ओढ़ लेते हैं। ये वही लोग हैं जिन्होंने अयोध्या को कारसेवकों के खून से लाल कर दिया था। जैसे ही चुनाव करीब आता है, वैसे ही समाजवादी पार्टी के नेताओं का छद्म हिंदू स्वरूप सामने आ जाता है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यही लोग दिव्य और भव्य महाकुंभ पर सवाल उठाते हैं और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर जैसी ऐतिहासिक परियोजनाओं पर भी आपत्ति जताते रहे हैं। चुनावी समय में ये स्वयं को सनातनी बताकर समाज में घूमते हैं, जबकि इनका आचरण और इतिहास इसके विपरीत रहा है।

CMYK

# उत्तराखंड में बारिश-बर्फबारी: पहाड़ से मैदान तक बढ़ी सर्दी

## प्रदेश के कई जनपदों में बढ़ी ठंड, देहरादून में बारिश होने से तापमान में भारी गिरावट, जनजीवन पर पड़ा असर

**शाह टाइम्स टीम**

**देहरादून।** उत्तराखंड में बारिश-बर्फबारी का लंबा इंतजार खत्म हुआ। पहाड़ सफेद चादर में लिपटे नजर आए। चकराता से मुखबा तक खूबसूरत नजारा दिखा। वहीं बर्फ के दीदार से सैलानी झूम उठे।

उत्तराखंड में मौसम का मिजाज बदलते ही पहाड़ों पर बर्फबारी के खूबसूरत नजारे सामने आने लगे हैं। बर्फबारी ने ऊंचाई वाले इलाकों को सफेद चादर में ढक दिया है। चकराता से लेकर गंगा के शीतकालीन प्रवास मुखबा तक बर्फ गिरने से ठंड बढ़ी है। इसी के साथ पर्यटन स्थलों पर उत्साह और रौनक लौट आई है।

लंबे इंतजार के बाद प्रदेश में आज शुक्रवार को आखिरकार मौसम ने करवट ली। चकराता में सीजन की पहली बर्फबारी दर्ज की गई है। लोखंडी, आसमाड़, खड़म्बा, देवबन, मशक, कोटी कंसार और मुंडोई सहित आसपास की ऊंची पहाड़ियां बर्फ की सफेद चादर में ढक गई हैं।

बर्फ गिरते ही चकराता पहुंचे पर्यटकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सैलानी बर्फ के बीच नाचते-झूमते नजर आए। बर्फबारी का इंतजार कर रहे पर्यटकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उत्तरकाशी जनपद में भी मौसम ने अचानक रुख बदला है। गंगा के शीतकालीन प्रवास मुखबा सहित आपदा प्रभावित धराली क्षेत्र में बर्फबारी शुरू हो गई है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के आसपास के इलाकों में बर्फ गिरने से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। मसूरी, धनौल्टी और आसपास के क्षेत्रों में भी हल्की बर्फबारी और ठंड बढ़ने से मौसम पूरी तरह सर्द हो गया है। निचले इलाकों में बारिश और बूंदाबांदी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार 2300 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना बनी हुई है। सीजन की इस पहली बर्फबारी ने पहाड़ों में ठंड बढ़ाई है, लेकिन साथ ही पर्यटन कारोबारियों, सैलानियों और किसानों के लिए उम्मीद और उत्साह भी लेकर आई है। सीजन की पहली बर्फबारी की शुरुआत इस बार बसंत के आगमन के साथ हुई।

### केदारनाथ धाम में जमी दो फीट तक बर्फ

**रूद्रप्रयाग।** लंबे इंतजार के बाद केदारनाथ धाम में आखिरकार बर्फबारी का सिलसिला शुरू हो गया है। कल रात से धाम में लगातार हो रही बर्फबारी के चलते अब तक लगभग दो फीट तक बर्फ जम चुकी है, जिससे पूरी केदार नगरी सफेद चादर में लिपटी नजर आ रही है।बर्फबारी के बाद केदारनाथ धाम चारों ओर से बर्फ से ढक गया है। कड़ाके की ठंड के चलते धाम में चल रहे सभी पुनर्निर्माण कार्य पहले ही बंद कर दिए गए हैं। वर्तमान में धाम में पुलिस, आईटीबीपी के सुरक्षा जवान और कुछ साधु-संत ही मौजूद हैं।

इधर, जनपद रूद्रप्रयाग में भी मौसम ने अचानक करवट ले ली है। ऊंचाई क्षेत्रों मे बर्फबारी तो निचले इलाको में जमकर बारिश हो रही है। जिससे तापमान में भारी गिरावट दर्ज हो रही है और ठंड में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखने को मिल रही है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

केदारनाथ धाम के साथ-साथ तुंगनाथ और मध्यमहेश्वर धाम में भी रुक-रुक कर बर्फबारी हो रही है। वहीं निचले इलाकों में बारिश हो रही है। प्रसिद्ध पर्यटक स्थल और मिनी स्विट्जरलैंड के रूप से प्रसिद्ध चोपता दुग्गल बिट्टा में भी जमकर बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी के बाद पर्यटकों ने चोपता की ओर जाना शुरू कर दिया है। चोपता में



इस साल की पहली बार गिरी है। हिमालय क्षेत्र में बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में बारिश होने से ठंड भी अधिक बढ़ गई है।

वही दूसरी ओर शिव पार्वती विवाह स्थल त्रियुगीनारायण, तृतीय केदार तुंगनाथ धाम व कार्तिक स्वामी तीर्थ में भी जमकर बर्फबारी हो रही है। तृतीय केदार तुंगनाथ धाम दो फीट तक बर्फ से ढक चुका है। वहीं दूसरी ओर शिव पार्वती विवाह स्थल त्रियुगीनारायण में बर्फबारी रुकने का नाम नहीं ले रही है।

#### बर्फबारी के बीच नवयुगल ने लिए सात फेरे

**रुद्रप्रयाग।** त्रियुगीनारायण सहित आसपास के क्षेत्रों में जमकर बर्फ गिर रही है। इसी बीच मंदिर परिसर में एक नवविवाहित जोड़े ने बर्फबारी के बीच सात फेरे लिए। जिसका दिलकश वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। राज्य सरकार की ओर से त्रियुगीनारायण को आधिकारिक रूप से वेडिंग डेस्टिनेशन के तौर पर प्रमोट किया जा रहा है। बर्फीले मौसम में ऐसी रोमांटिक, आध्यात्मिक शादियां पर्यटकों श्रद्धालुओं को खूब लुभा रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यह बर्फबारी हिमालयी क्षेत्र के लिए शुभ संकेत मानी जा रही है, क्योंकि इससे जलस्रोतों को संजीवनी मिलेगी और आगामी मौसम के लिए संतुलन बना रहेगा। बर्फबारी के चलते पूरे क्षेत्र में ठंडक और बढ़ गई है, वहीं केदारनाथ धाम की बर्फ से ढकी मनोरम छवि श्रद्धालुओं और प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

### ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में हुआ जबरदस्त हिमपात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गैरसैंण।** उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में मौसम की पहली बर्फबारी ने क्षेत्र को सफेद चादर से ढक दिया है। मौसम विभाग ने 23, 24 और 25 जनवरी को इस क्षेत्र में तेज बरसात और बर्फबारी की चेतावनी दी थी। शीतकाल में विंटर रेन तो नहीं हुई सीधे बर्फबारी देखने को मिली है।

शुक्रवार हल्की बरसात के बाद उच्च पर्वतीय श्रृंखलाओं में बर्फबारी होने लगी. गैरसैंण के भराड़ीसैण,सारकोट, पज्याणा, मटकोट,अन्द्रपा, कोयलख, फरकंडे, घनियाल, मेहरागांव रामड़ा, समेत अन्य ऊंचे क्षेत्रों में मौसम की पहली बर्फबारी देखने को मिली। बर्फबारी से स्थानीय लोग बेहद खुश नजर आए। बरसात और बर्फबारी के चलते तापमान में भी भारी गिरावट महसूस की जा रही है. गैरसैंण और आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों में इस वर्ष शीतकाल. ीन बरसात नहीं हुई है, जबकी सीधे बर्फबारी देखने को मिल रही है. जिससे काश्तकारों के चेहरे भी खिल गए हैं।वहीं, सूबे के पहले सरहदी सीमांत नगर ज्योतिर्मठ और विंटर डेस्टिनेशन औली में बसंत पंचमी पर्व पर इस सीजन की पहली बर्फबारी ओर बारिश होने से सीमांत के पर्यटन कारोबारियों सहित काश्तकारो के चेहरे खिल उठे हैं. औली में सीजन की पहली बर्फबारी होने से पर्यटन कारोबारियों ओर पर्यटकों ने जमकर



होटलों से बाहर निकल कर बर्फबारी का आनंद लिया है. औली में बर्फबारी का लुत्फ उठाने के लिए पर्यटकों ने ळडटछ की चेयर लिफ्ट राइड से औली की बर्फीली वादियों को निहारा, छेत्र में ऑरेंज अलर्ट के बाद सक्रिय वैस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते ऊंचाई वाले इलाकों बदरीनाथ धाम सहित वैली ऑफ फ्लावर्स, हेमकुंड साहिब, चिनाप वैली, द्रोणागिरी बागनी वैली नीति वैली सहित कुंवारी पास गोरसों ट्रैक रूट पर अच्छी बर्फबारी हो रही है।

ज्योर्तिमठ नगर क्षेत्र में सुबह हल्की बारिश के साथ साथ हिमपात हो रहा है. साथ ही कड़ाके की सर्दी और शीतलहर का सितम जारी है. शीतकालीन पर्यटन स्थली औली में बर्फबारी का इंतजार कर रहे पर्यटकों ने बर्फ की पहली फाहों के गिरते ही खुशी व्यक्त करते हुए जश्न मनाना शुरू कर दिया. पूरे धोली गंगा और अलकनंदा घाटी में इस सीजन की अच्छी बर्फबारी दर्ज हुई है. लंबे समय से काले पड़े पहाड़ों ऊंचे दरख्तों के साथ साथ सूखे बुग्यालों ओर वनाग्नि की चपेट में आए पहाड़ों को ये बारिश ओर बर्फबारी संजीवनी साबित हो रही है।

# अपनी नफरत की दुकान से झूठ का सामान बेच रही कांग्रेस: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून** । भाजपा ने कांग्रेस पर नफरत की दुकान लगाकर झूठ का सामान बेचने का आरोप लगाया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि, अब तक अने. कों मुद्दों पर झूठ और अफवाह फैलाने को लेकर कांग्रेस नेताओं की पोल खुली है और जिसका खामियाजा उन्हें जनता की अदालत में उठाना पड़ेगा।

हाल में कांग्रेस विधायक के पुत्र द्वारा किए षडयंत्र पर चिन्ता व्यक्त करते करते हुए उन्होंने इसकी कड़ी आलोचना की है। निशाना साधते हुए कहा, पिछले कई दिनों से सभी कांग्रेस नेता अपनी राजनीति चमकाने के लिए बढ़चढ़ कर बयानबाजी कर रहे थे। धरना प्रदर्शन, शहर बंद करने की धमकी, और ये सब कांग्रेस बिना किसी जांच और तथ्यों के कर रही थी। सरकार द्वारा बार बार अनुरोध किया गया कि पुलिस दोषियों को

■ अनेकों मुद्दों पर कांग्रेसी झूठ की खुली पोल, जनता 27 में सिखाएगी सबक



शीघ्र पकड़ लेगी, तब तक राजनीति कर माहौल खराब न किया जाए। लेकिन एक भी विपक्षी नेता ने नहीं सुनी, अब जब सच सामने आ गया है तो उन सभी को सांप सूंघ गया है। किसी एक कांग्रेस नेता ने सामने आकर अपनी गलतियां नहीं स्वीकारी, जिन्होंने स्वीकारी वह सिर्फ परिवार की शर्मिंदगी ढकने के लिए। वहीं सवाल किया कि कांग्रेस नेताओं के गैरजिम्मेदार रुख से यदि माहौल खराब हो जाता तो कौन उसका कसूरवार होता।

उन्होंने आरोप लगाया कि मुहब्बत की दुकान चलाने का दावा करने वाली कांग्रेस, नफरत की दुकान चलाती है, जिसमें सिर्फ झूठ का सामान बिकता है। देश की तरह, उत्तराखंड में भी लंबी फेरहिस्त है कांग्रेस द्वारा झूठ और भ्रम पर आधारित घटनाक्रमों की।

इससे पूर्व भी अंकिता के दोषियों को उम्रकैद के बाद भी विपक्ष ने अपुष्ट वायरल वीडियो के आधार पर शंका का माहौल बनाया था। अब सरकार द्वारा परिवार की सहमति से सीबीआई जांच और वीडियो के कैरेक्टरों का सामने आकर बयान देने से उनकी पोल खुल गई है। वहीं तंज किया कि ऐसे खुलती पोल को देखकर ही जनता बार बार चुनावों में कांग्रेस का डिब्बा गोल कर रही है। लेकिन लगता है कांग्रेस ने सबक नहीं लेने की कसम खाई हुई है।

### सीएम ने चिन्तन शिविर एवं डॉयलाग ऑन विजन 2047 में प्रशासनिक अधिकारियों को किया संबोधित

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रत्येक राज्य हो विकसित: धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सिविल सर्विसेस इंस्टीट्यूट में आयोजित चिन्तन शिविर एवं डॉयलाग ऑन विजन 2047 में राज्य के प्रशासनिक अधिकारियों को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस दो दिवसीय शिविर के माध्यम से, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के अनुसार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ठोस, व्यवहारिक और समयबद्ध रणनीति तैयार की जाएगी। इस दौरान उत्तराखण्ड के समग्र विकास से जुड़े सभी प्रमुख क्षेत्रों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। जिससे राज्य के भविष्य के लिए एक स्पष्ट, व्यवहारिक और समयबद्ध दिशा निर्धारित की जा सकेगी।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प तभी साकार हो सकता है, जब देश का प्रत्येक



राज्य समान रूप से विकसित हो। इसके लिए उत्तराखण्ड को भी अपने संसाधनों, क्षमताओं और विशिष्टताओं के अनुरूप विकास की एक स्पष्ट और दीर्घकालिक दिशा तय करनी होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत "विकसित भारत" का संकल्प किसी एक सरकार, किसी एक कार्यकाल या किसी एक योजना तक सीमित नहीं है, बल्कि ये एक ऐसा व्यापक और दीर्घकालिक राष्ट्रीय दृष्टिकोण है, जिसमें भारत को आर्थिक, सामा. जिक, तकनीकी, सामरिक तथा सांस्कृतिक रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर और वैश्विक नेतृत्वकर्ता राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का संकल्प निहित है। इस विजन की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसमें विकास को केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि इसे मानव केंद्रित, समावेशी और सतत बनाया गया है। विकसित भारत का अर्थ एक ऐसे भारत का निर्माण है जहाँ प्रत्येक नागरिक को समान अवसर प्राप्त हों, जहाँ शासन व्यवस्था पारदर्शी, संवेदनशील और जन-केंद्रित हो।इस अवसर पर सेतु आयोग के सीईओ शत्रुघ्न सिंह, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम, नीति आयोग से प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. नीलम पटेल, आईएएस अधिकारी एवं विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ मौजूद थे।

#### संबोधन में बाद भी मंथन में शामिल हुए सीएम

सिविल सर्विसेस इंस्टीट्यूट में आयोजित चिन्तन शिविर एवं डॉयलाग ऑन विजन 2047 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उद्घाटन सत्र के बाद भी काफी देर तक शामिल हुए। प्रथम सत्र में संबोधन के बाद, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंच के नीचे हॉल की प्रथम पंक्ति में बैठ गए। इस दौरान मंच पर विभिन्न विषयों पर मंथन और संवाद चलता रहा, सीएम पुष्कर सिंह धामी इस दौरान हॉल में बैठकर, परिचर्चा को सुनते रहे, साथ ही संवाद के प्रमुख बिंदुओं और सुझावों को नोट भी करते रहे।

#### विजन को साकार करने में प्रशासनिक तंत्र की भूमिका अहम

मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति निर्माण से लेकर उसके क्रियान्वयन और अंतिम सफलता तक प्रशासन की सक्रियता, संवेदनशीलता और दक्षता ही ये तय होती है। इसलिए इस विजन को साकार करने में प्रशासनिक तंत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए हमारे प्रशासन को न केवल तेजी और पारदर्शिता के साथ कार्य करना होगा, बल्कि प्रत्येक नीति, निर्णय और योजना को 'लक्ष्य आधारित' एवं 'जन-केंद्रित' दृष्टि से लागू करना होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि आप लोग अपने कार्यों को केवल आदेश देने या मीटिंग करने तक सीमित न रखें।

## सीएम ने दी विकास योजनाओं के लिए 11.80 करोड धनराशि की मंजूरी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी कुम्भ मेले की अवस्थापना सुविधाओं के विकास के साथ ही प्रदेश की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के सम्पर्क मार्गो, सडकों, स्थायी रैनबसेरों एवं विभिन्न विभागों के भवनों, पार्को आदि के निर्माण के लिए 11.80 करोड की धनराशि स्वीकृत की है।

मुख्यमंत्री ने कुम्भ मेला-2027 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विकास खण्ड बहादराबाद में निर्माण कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री जनपद पौडी के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर में नगर पालिका दुगड्डा क्षेत्रान्तर्गत निराश्रित व्यक्तियों को एक स्थायी रैन बसेरा बनाये जाने के लिए 70.55 लाख, जनपद जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत में राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज बनबसा, चम्पावत के परिसर में पार्क के निर्माण किया जाने को 70.55 लाख तथा जिला कमाण्डेन्ट, होमगार्डस कार्यालय, उत्तरकाशी के अनावासीय भवन निर्माण के लिए 2.74 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री ने जनपद पिथौरागढ़ में विधानसभा क्षेत्र पिथौरागढ़ के विकासखण्ड मूनाकोट के अंतर्गत ग्राम सभा घुर्चु में आंतरिक सी0सी0 मार्ग एवं सम्पर्क मार्ग निर्माण के लिए 96.39 लाख तथा घुर्चु गोरिला मंदिर से असुरदेव से कांडा के लिए बन्दा तक सम्पर्क मार्ग निर्माण के लिए धनराशि 97.37 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

### राज्यपाल से की उत्तर प्रदेश महिला आयोग उपाध्यक्ष ने मुलाकात



**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को लोक भवन में उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश अपर्णा यादव ने शिष्टाचार भेंट की।

#### गणतंत्र दिवस पर मेट्रो सेवा सुबह तीन बजे से शुरू होगी

**नई दिल्ली।** देश की गौरवपूर्ण परंपरा और भावना के उत्सव गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली मेट्रो 26 जनवरी को सभी लाइनों पर अपनी सेवाएं सुबह तीन बजे से शुरू करेगी।

## माह-ए-शाबान रमजान की तैयारी का अहम महीना: कासमी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** शहर काजी देहरादून मुफ्ती हशीम अहमद कासमी ने शुक्रवार को जुमे की नमाज से पूर्व अपने बयान में कहा कि माह-ए-शाबान रमजान की तैयारी का अहम महीना है। पैगबर मौहम्मद साबह इस महीने में अधिक से अधिक रोजे रखा करते थे, ताकि रमजान के मुबारक महीने में इबादत, सब्र और तकवे (परहेजगारी) के साथ दाखिल हुआ जा सके। यह महीना अपने आमाल को संवारने और अल्लाह से नजदीकी हासिल करने का मौका देता है।

मुफ्ती हशीम अहमद कासमी ने कहा कि शब-ए-बरात और शब-ए-कद्र दो अलग-अलग रातें हैं। शब-ए-कद्र का मकाम बहुत बुलंद है, जिसका जिक्र कुरआन मजीद में साफ तौर पर आया है। जो रमजान में आती है, वहीं,

■ शब-ए-बरात में कब्रिस्तान जाना कुरआन व हदीस से साबित नही
■ इबादत की असल रूह सादगी, इखघ्लास और सुन्नत की पैरवी है

शब-ए-बरात की भी फजीलत हदीसों में बयान हुई है।

उन्होंने बताया कि शब-ए-बरात में कब्रिस्तान जाना जरूरी समझ लेना, मीठा पकाना लाजिमी मानना, या इबादत को जमाअत की शक्ल देना, इन बातों का कुरआन और सहीह हदीस से कोई ठोस सबूत नहीं मिलता। इबादत की असल रूह सादगी, इखलास और सुन्नत की पैरवी में है।

# निर्धारित समय पर आयोजित की जाए नन्दा राजजात यात्रा: हरदा

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने नन्दा राज. जात के स्थगन पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह परंपरा, जो हमारे सांस्कृतिक और धार्मिक विश्वासों से गहरे रूप से जुड़ी है, इस वर्ष स्थगित करने का निर्णय भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाला हो सकता है।

हरीश रावत ने कहा,नन्दा राज. जात का आयोजन उत्तराखंड की एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक परंपरा है, जिसे हर 12 साल में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। यह परंपरा कैलास के साथ हमारे गहरे जुड़ाव को दर्शाती है, जिसमें मां नंदा के मार्ग से कैलास की यात्रा की याद में लोग हर साल श्रद्धा से जुड़ते हैं।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया



■ नन्दा राजजात यात्रा स्थगित करना भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाला निर्णय

कि 2014 में जब राज्य में प्रलयकारी आपदा आई थी, तब भी नन्दा राज. जात का आयोजन किया गया था और सभी तैयारियों के बावजूद यह बिना किसी बड़ी समस्या के सम्पन्न हुआ था।

उस समय भी कठिन परिस्थितियाँ थीं, लेकिन जनभावना और श्रद्धा के कारण नन्दा राजजात सफलतापूर्वक संपन्न हुई थी। पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इस बार नन्दा राजजात के स्थगित होने के निर्णय से उनका मन विचलित है, और इसका सीधा असर लोगों के मनोबल पर पड़ सकता है।

इसका कारण समझ में नहीं आता। अगर 2014 में प्रलय के बावजूद यह आयोजन हो सकता था, तो इस बार क्यों नहीं? उन्होंने उत्तराखंड सरकार से आग्रह किया कि वह इस निर्णय पर पुनः विचार करें और नन्दा राजजात को स्थगित करने के बजाय इसे निर्धारित समय पर आयोजित किया जाए। साथ ही, रावत ने यह भी बताया कि सरकार ने इस वर्ष की नन्दा राजजात की जगह नंदा आम जात प्रारंभ करने का फैसला लिया है, लेकिन इस बदलाव पर भी स्पष्टता नहीं आई है।

## उत्तर रेलवे से सम्बंधित प्रकरणों एवं परियोजनाओं के सम्बन्ध में मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

देहरादून। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में मण्डल रेल प्रबन्धक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद विनीता श्रीवास्तव के साथ मुख्य सचिव कार्यालय में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान उत्तर रेलवे से सम्बन्धित प्रकरणों एवं परियोजनाओं के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्य सचिव ने ऋषिकेश-डोईवाला बाईपास रेलवे लाईन परियोजना के तहत् जिलाधिकारी देहरादून को राजाजी नेशनल पार्क एवं वन विभाग की 3.62 हेक्टेयर वन भूमि को लेकर रेलवे, मुख्य वन्यजीव वार्डन और राजाजी नेशनल पार्क के साथ मिलकर संयुक्त सर्वेक्षण कराते हुए निरीक्षण आख्या शासन को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने देहरादून-मोहण्ड- सहारनपुर टनल आधारित रेलवे लाईन परियोजना के सम्बन्ध में परियोजना का फाईनल लोकेशन सर्वे कराते हुए अद्यतन स्थिति से शीघ्र अवगत कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने रेलवे को हर्रावाला रेलवे स्टेशन विस्तारीकरण का मास्टर प्लान को भी शासन से साझा किए



■ मुख्य सचिव की अध्यक्षता में मण्डल रेल प्रबन्धक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद विनीता श्रीवास्तव के साथ बैठक

जाने की बात कही। कहा कि रेलवे और जिला प्रशासन संयुक्त सर्वे करते हुए शीघ्र ही निरीक्षण आख्या शासन को उपलब्ध कराए।

मुख्य सचिव ने कुम्भ मेला - 2027 के दौरान यातायात व्यवस्था दुरूस्त रखने एवं श्रद्धालुओं को सुगम यात्रा उपलब्ध कराने के दृष्टिगत रेलवे अधिकारियों को जिलाधिकारी हरिद्वार, एसएसपी हरिद्वार, मेलाधिकारी एवं राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) को मिलकर संयुक्त रूप से ट्रैफिक प्लान तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने रेलवे सुरंग हरिद्वार के पास ढलान स्थिरीकरण कार्य को शीघ्र कराते हुए कृत कार्यवाही की आख्या शासन को भी उपलब्ध कराए जाने की बात कही। इस अवसर पर सचिव परिवहन बृजेश कुमार संत, अपर सचिव रीना जोशी सहित रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा की आधी-अधूरी घोषणाओं से न्याय की उम्मीदें धूमिल: गोदियाल

■ अंकिता हत्याकांड में सीबीआई जांच की घोषणा पर गोदियाल का हमला
■ अंकिता को न्याय दिलाने के लिए फिर से आंदोलन शुरू करेगी कांग्रेस



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए अंकिता भंडारी हत्याकांड में सीबीआई जांच व किसान सुखवंत सिंह आत्महत्या प्रकरण की एसआईटी जांच की घोषणाओं को लेकर सवाल उठाए हैं। गोदियाल ने आरोप लगाया कि भाजपा की ओर से की गई आधी-अधूरी घोषणाओं का कोई ठोस परिणाम नहीं निकला, और इन मामलों में न्याय मिलने की संभावना पर गहरा सवाल उठ खड़ा हुआ है।

शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने जम्मू कश्मीर के डोडा में सैन्य वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से हताहत हुए जवानों की शहादत पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

अंकिता भंडारी हत्याकांड में सीबीआई जांच की घोषणा को लेकर गोदियाल ने कहा, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आनन-फानन में सीबीआई जांच की घोषणा तो कर दी, लेकिन ये वही तरीका है, जैसा पेपर लीक मामले में था। इन दोनों मामलों में सीबीआई की तरफ से कोई स्पष्ट बयान तक नहीं आया, और अब स्थिति ऐसी है कि जांच की दिशा भी अस्पष्ट हो गई है।

उन्होंने सवाल किया, क्या सीबीआई के द्वारा किए गए किसी भी बयान का हमें अब तक इंतजार करना होगा या फिर यह भी सिर्फ एक राजनीतिक ड्रामा है? गोदियाल ने चेतावनी दी कि अगर इस मामले में जल्द कार्रवाई नहीं की जाती, तो कांग्रेस अंकिता को न्याय दिलाने के लिए फिर से आंदोलन शुरू करेगी। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के कई प्रमुख नेता मौजूद थे, जिनमें मीडिया प्रभारी राजीव महर्षि, प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह, प्रवक्ता गरिमा दसौनी और सोशल मीडिया के प्रमुख अभिनव थापर शामिल थे। **सुखवंत सिंह आत्महत्या मामले में भाजपा का दोहरा रवैया:** गोदियाल ने काशीपुर के किसान सुखवंत सिंह की आत्महत्या पर भी भाजपा की निंदा की। उन्होंने कहा, किसान सुखवंत सिंह की मौत की जांच अभी तक पूरी नहीं हुई और दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पुलिस विभाग ने दोषियों को रुद्रप्रयाग और चमोली भेजने का निर्णय लिया, लेकिन सवाल ये है कि उन्हें आम जनता की सुरक्षा में क्यों नहीं लगाया गया?

**दुष्यंत गौतम की तस्वीर का गायब होना भी भाजपा की मुश्किलें:** गोदियाल ने भाजपा के पोस्टर्स और होर्डिंग्स से दुष्यंत गौतम की तस्वीर गायब होने को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, दुष्यंत गौतम की फोटो अचानक भाजपा के बैनर से गायब हो गई है। ये संकेत दे रहा है कि भाजपा भी मान रही है कि दुष्यंत गौतम ही अंकिता भंडारी हत्याकांड में शामिल वीआईपी हैं। भाजपा अब इन लोगों से दूरी बना कर जनता को धोखा देने की कोशिश कर रही है।

#### भाजपा की गुटबाजी और खंड-खंड में बंटी पार्टी

गोदियाल ने भाजपा की गुटबाजी पर भी निशाना साधते हुए कहा, भाजपा खंड-खंड में बटी हुई है। जैसे ही अरविंद पांडे ने मुख्यमंत्री के खिलाफ बोलना शुरू किया, भाजपा ने उसे अपने गुट में शामिल करने की कोशिश की। यही भाजपा की सच्चाई है। उन्होंने कहा, भाजपा की अंदरूनी खींचतान अब जनता के सामने आ रही है।

# बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाएगी एचपीवी वैक्सीन

## तीन माह चलाया जाएगा विशेष वैक्सीनेशन अभियान: डीएम आकांक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में हुई तीन माह के विशेष टीकाकरण अभियान की समीक्षा बैठक जिला. धिकारी आकांक्षा कोंड़े की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मानव पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान की योजना एवं क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद स्तर पर प्रस्तावित तीन माह के विशेष टीकाकरण अभियान की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि यह अभियान पूरे जनपद में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए संचालित किया जाएगा, जिसमें उन्हें एचपीवी वैक्सीन की खुराक प्रदान की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. कुमार आदित्य तिवारी ने जानकारी दी कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव में अत्यंत प्रभावी है, तथा यह भविष्य में महिलाओं के स्वास्थ्य



संरक्षण का एक सशक्त माध्यम है। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि विद्यालयों में अध्ययनरत लक्षित आयु वर्ग की बालिकाओं का अद्यतन व सत्यापित डाटा शीघ्र अंतिम रूप दिया जाए, जिससे अभियान का प्रभावी संचालन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि टीकाकरण को लेकर समाज में व्याप्त भय, अफवाहों व भ्रामक सूचनाओं पर सख्ती से रोक लगाई जाए, तथा किसी भी प्रकार की गलत जानकारी फैलने से पूर्व उसका तथ्यात्मक खंडन किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह अभियान हमारी बालिकाओं को सुरक्षित रखने का एक प्रभावी माध्यम है। इसलिए बालिकाओं के साथ-साथ उनके अभिभावकों की समुचित काउंसलिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि वे टीकाकरण के महत्व को भली-भांति समझ सकें। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग आपसी समन्वय से अभियान में कार्यरत्त करेंगे। मुख्य शिक्षा अधिकारी को विद्यालयवार रोस्टर तैयार करने, चिकित्सकों को विद्यालयों में जाकर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने तथा शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए गए, जिससे वे अभिभावकों व छात्राओं को सही जानकारी प्रदान कर सकें। साथ ही, डाक्टरों की उपस्थिति में जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, पूर्व प्रचार-प्रसार एवं क्षेत्रीय स्थिति के आकलन हेतु ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स समिति के बैठकों के आयोजन के निर्देश दिए गए, ताकि जमीनी स्तर पर अभियान की तैयारी व प्रभावशीलता का आंकलन किया जा सके। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को समन्वय, संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान सीडीओ आर सी तिवारी, सीएमओ डा. कुमार आदित्य तिवारी, सीएमएस डा. तपन शर्मा, डीपीओ डा. मंजुलता यादव तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं डॉक्टर उपस्थित रहे।

### डीपीआर में देरी पर डीएम नाराज

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नमामि गंगे की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सीवरेज योजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को समयबद्ध ढंग से तैयार कर प्रस्तुत करने के स्पष्ट निर्देश दिए। जिला. धिकारी ने सर्वे एवं डीपीआर तैयार करने में हो रही देरी पर कड़ी नारा. जगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि बागेवर नगर की डीपीआर 30 जनवरी तक, कपकोट एवं गरुड़ की डीपीआर 15 फरवरी तक तथा हर हाल में 28 फरवरी तक पूर्ण कर प्रस्तुत की जाए। साथ ही अधिका. रियों को समग्र, व्यावहारिक एवं गुणवत्ता-युक्त डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिक. ारी ने पूर्व बैठकों में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रस्तुत डाटा की फोटोग्राफ सहित विस्तृत जांच रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत की जाए। जिला. धिकारी ने जल निगम को निर्देशित किया कि वह जिला पर्यटन विकास अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर होटल एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सीवेज निस्तारण एवं स्वच्छता व्यवस्था की नियमित निगरानी करना सुनिश्चित करें, जिससे मानकों का अनुपालन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है और इस दिशा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने नागरिकों तक प्रभावी पहुंच बनाने के लिए रचनात्मक जन-जागरूकता उपाय अपनाने तथा अनियंत्रित कूड़ा फेंके जाने वाले सभी स्थलों की पूर्ण सूची तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में तय किए गए लक्ष्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में सीडीओ आरसी तिवारी, डीएफओ आदित्य रत्न, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/ नगर पंचायत, जल निगम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### लोन दिलाने के नाम धोखाधड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** कचनाल गाजी निवासी जसवीर सिंह पुत्र रणधीर सिंह ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपकर बताया कि उसकी मुलाक. ात बीती 12 दिसम्बर को एक व्यक्ति से उसके बाजपुर रोड स्थित आफिस में हुई थी। उसने खुद को एक फाइनेंस कम्पनी का कर्मचारी बताया। जसवीर ने बताया कि उसे कार पर लोन चाहिये था तो उसने उससे लोन दिलवाने के लिए कहा। एवज में जसवीर ने अपनी कार की आरसी, आधार व पैन सम्बन्धित कागज दे दिये। कुछ दिन बाद मानपुर रोड स्थित उसके घर पर उक्त फाइनेंस कम्पनी के व्यक्ति आते हैं और कार व घर आदि देखकर चले जाते हैं। दो-तीन दिन बाद उसकी आरसी पर लोन चढ़वाकर आरसी वापिस मिल जाती है और कहा जाता है कि आपके खाते में जल्द लोन की रकम 8 लाख रुपये आ जायेगी। लोन 18 दिसंबर को हो गया व एक किस्त का मैसेज भी आ गया लेकिन लोन की रकम।

### निरीक्षण में एक्सपायरी दवा मिलीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सुरक्षित दवा, सुरक्षित जीवन अभियान के तहत शुक्रवार को बसोली व सोमेश्वर क्षेत्र के विभिन्न मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षक के दौरान आठ मेडिकल स्टोरों में अनियमितताएं मिली, जिस पर एक सप्ताह के भीतर संचालकों से स्पष्टीकरण के निर्देश दिए है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शचि शर्मा और ड्रग इंस्पेक्टर पूजा जोशी के नेतृत्व में टीम ने बसोली व सोमेश्वर के मेडिकल स्टोरों का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने स्टोरों में एक्सपायर्ड दवाईयों की जांच की और लाइसेंस भी चेक किए गए। वहीं, कई मेडिकल स्टोरों में एक्सपायरी दवाइयां मिलीं। जबकि कुछ स्टोरों में एक्सपायरी बॉक्स नियमानुसार नहीं बनाए गए थे। तमाम खामियां मिलने पर आठ मेडिकल स्टोरों को एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने निर्देश दिए। साथ ही मेडिकल स्टोरों में नियमानुसार कैश मेमो मेंटेन करने, लेबल्ड एक्सपायरी बॉक्स बनाने, सभी ग्राहकों को बिल उपलब्ध कराने, एक्सपायरी दवाइयों के सही रख रखाव व साफ सफाई रखने के भी निर्देश दिए।

### ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी

**काशीपुर।** 36वां सड़क सुरक्षा माह जागरूकता अभियान काशीपुर में लगातार जारी है। अभियान को आगे बढ़ाते हुए यातायात पुलिस ने बृहस्पतिवार को टांडा तिराहा पर जन जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर वाहन चालकों को नशे में वाहन नहीं चलाने को कहा। वहीं चालकों को यातायात नियम की जानकारी देते हुए नियमों का उल्लंघन नहीं करने की हिदायत दी। इस दौरान एसएसआई नवीन बुधानी, ट्रैफिक निरीक्षक अरुण कुमार, एसआई गणेश पांडे, एसआई देवेंद्र सावंत, एसआई हेमचंद्र, कांस्टेबल जगदीश नीतेश, हेमंत प्रताप रावत, होमगार्ड रवि, सलमान, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

### वार्षिकोत्सव पर अखंड रामायण पाठ

**काशीपुर।** चैती मेला परिसर स्थित मां बाल सुन्दरी मंदिर में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में गुरुवार को शुरू हुई देव विग्रह द्वितीय वार्षिकोत्सव पर अखंड रामायण पाठ का समापन शुक्रवार को विधि-विधान पूर्वक हवन पूजन और भंडारे के साथ हुआ। हवन पूजन कार्य पं. दयाशंकर जोशी, जगदीश तिवारी, भुवन जोशी, निष्कर्ष बेलबाल समेत विद्वान आचार्यों ने विधि-विधान पूर्वक कराया। हवन पूजन में मुख्य यजमान समाज सेवी आनंद कुमार, शिविर अग्रवाल, प्रदीप मेहरोत्रा तथा गिरीश शर्मा सपत्नीक ने आहुतियां देकर मां बाल सुन्दरी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री ने बताया कि ज्ञान, विद्या, बुद्धि कला और संगीत की देवी मां सरस्वती को समर्पित बसंत पंचमी पर शुरू किए गए कार्यों का विशेष फल प्राप्त होता है। इस अवसर पर मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री, राजीव मेहरोत्रा, दीपक शर्मा, कौशलेश गुप्ता, पार्षद अनिल कुमार, पंडा कृष्ण गोपाल अग्निहोत्री, पंडा शिवा अग्निहोत्री, पंडा शक्ति अग्निहोत्री, पंडा विवेक अग्निहोत्री समेत श्रृद्धालु मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया बसंत पंचमी पर्व

**काशीपुर।** काशीपुर बार एसोसिएशन द्वारा बसंत पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। एसोसिएशन अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे ने कहा कि बसंत पंचमी के त्यौहार पर सरस्वती माता की पूजा अर्चना होती है। एसोसिएशन सचिव यशवंत चौहान ने कहा कि बसंत पंचमी का त्यौहार आत्मिक शांति प्रदान करता है। अध्यक्ष व सचिव समेत उपस्थित अन्य अधिवक्ताओं ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पण किया। कार्यक्रम में विधुशेखर शर्मा, अंकित चौधरी, बीसी नौटियाल, गौरव मेहरोत्रा, राकेश प्रजापति, प्रीति कश्यप, पंकुल गुप्ता, शुभम कुमार उपाध्याय, कैलाश कुमार, प्रीति शर्मा, केदार सिंह, नरगिस, रणजीत सिंह विर्क सहित हरीश नेगी एडवोकेट, शैलेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट, संदीप सहगल एडवोकेट, आनंद रस्तोगी एडवोकेट, कश्मीर सिंह एडवोकेट, नवजोत सिंह एडवोकेट, गोपाल कृष्ण एडवोकेट, प्रयाग दर्शन रावत एडवोकेट, धर्मेंद्र तुली एडवोकेट, भास्कर त्यागी एडवोकेट, रोहित नायक एडवोकेट, अशोक वैश्य आदि मौजूद रहे।

### तप्तकुंड में कराए बच्चों के जनेऊ संस्कार

**बागेश्वर।** बसंत पंचमी को पिंडारी रोड स्थित सूरजकुंड, सरयू गोमती संगम स्थल, अग्नि कुंड तथा कपकोट के तप्तकुंड में लोगों ने अपने बच्चों के चूड़ाकर्म और जनेऊ संस्कार कराए। सूरजकुंड में इन संस्कारों को कराने के लिए लोग दूर-दूर से पहुंचे। मान्यता है कि बसंत पंचमी शुभ कार्य करना फलदाई होता है। जिसके चलते लोगों ने यहां पहुंचकर बच्चों के उपनयन संस्कार करवाए।

### बसंत पंचती: प्रेस क्लब में सरस्वती पूजन

**बागेश्वर।** बसंत पंचमी के अवसर पर हर साल की तरह इस बार भी प्रेस क्लब बागेश्वर द्वारा प्रेस क्लब सभागार में देवी सरस्वती पूजन कर बसंत पंचमी कार्यक्रम मनाया गया। सर्वप्रथम देवी सरस्वती माता के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित कर वरिष्ठ पत्रकार रमेश पाण्डेय कृषक द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके उपरांत उपस्थित समस्त जनों द्वारा देवी सरस्वती के चित्र के आगे पुष्प अर्पित कर देवी सरस्वती को नमन किया गया। इसके उपरांत परंपरानुसार उपस्थित जनों द्वारा एक दूसरे को पीले रूमाल लगाए गए। इस मौके पर वक्ताओं द्वारा बसंत पंचमी त्योहार और देवी सरस्वती पूजन के विषय में सविस्तार अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रेस क्लब के अध्यक्ष चन्दन सिंह परिहार और सचिव जगदीश उपाध्याय ने बसंत पंचमी और देवी सरस्वती पूजन पर विचार व्यक्त करते हुए समस्त जनों को बसंत पंचमी की बधाई दी। इसके उपरांत प्रेस क्लब भवन परीसर में संयुक्त रूप से विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी क्षितिज वर्मा, वृक्ष मित्र किशन सिंह मलड़ा, रमेश प्रकाश पर्वतीय, नवीन रावल, हरीश सिंह नगरकोटी, राजकुमार सिंह परिहार, सुरेश सिंह सोनियाल, सुंदर सिंह सुरक. ाली, मनोज सिंह टंगड़िया, हिमांशु सग्टा, मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

# अल्मोड़ा की ऊंची पहाड़ियों पर पड़ी बर्फ

## सीज़न का पहला हिमपात झमाझम बारिश के साथ





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में शुक्रवार को सीजन का पहला हिमपात हुआ। वहीं, जिला मुख्यालय में हुई झमाझम बारिश का दौर जारी रहा। कई स्थानों में पारा शून्य के पास पहुंच गया है। वहीं, लंबे समय बाद हुई बारिश और बर्फबारी ने ठिठुरन बढ़ा दी है। जिससे लोग घरों में दुब. कने को मजबूर हो गए हैं। जिले में शुक्रवार दोपहर बाद ऊंची पहाड़ियां बर्फ की सफेद चादर में लिपट गईं, जिससे क्षेत्र का नजारा बेहद मनोरम हो गया। बर्फबारी के कारण पूरे इलाके में शीतलहर तेज हो गई है, जिससे तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। ठंड बढ़ने से स्थानीय लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन पर्यटकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बारिश और बर्फबारी एक साथ होने से पहाड़ों में लोगों ने राहत की सांस ली है। जाड़ों के इस सीजन में पहली बार झमाझम बारिश और हिमपात हुआ। अल्मोड़ा जिले में बारिश के साथ ही ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी भी हुई। शुक्रवार को हुई बारिश अपने साथ बर्फबारी का तोहफा भी लाई। कुछ ही देर बाद जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात शुरू हो गया है। अधिकतर स्थानों पर सामान्य बारिश और सामान्य हिमपात हुआ।

अल्मोड़ा के जागेश्वर, दूनागिरी के कुकुछीना, पांडवखोली, भटकोट समेत कई स्थानों पर बर्फ गिरी। हिमपात के बाद तापमान एकदम गिर गया है। आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी अनुसार अल्मोड़ा का अधि. कतम तापमान 14 डिग्री और न्यूनतम 02 डिग्री दर्ज किया गया। जनवरी के अंतिम पखवाड़े में मौसम तल्ख तेवर दिखा रहा है। जिससे एकाएक ठंड बढ़ गई है। कई स्थानों में पारा शून्य के पास पहुंच गया है। इन दिनों अल्मोड़ा समेत ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार चटख धूप खिलने से लोगों को ठंड के दिनों में भी लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा था। लेकिन, शुक्रवार को जिलेभर में मौसम का मिजाज बदला। सुबह से ही आसमान में बादलों के छाने का सिलसिला शुरू हो गया था। 11 बजे तक आसमान पूरी तरह घने बादलों से पट गया। मौसम में अचानक आये बदलाव से ठंड में भी एकाएक इजाफा को गया। कड़ाके की ठंड में इजाफा होने से लोग जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकले। वहीं, बिना तैयारी के बाजार व अन्य जगहों पर आए लोगों को बारिश में भीगना पड़ा। जिले के जागेश्वर, बिनसर समेत कई स्थानों पर पारा शून्य के करीब पहुंच गया।

### बागेश्वर ने भी ओढ़ी सफेद चादर



**बागेश्वर।** जिले के पिंडरघाटी में शुक्रवार दोपहर से सीजन की पहली बर्फबारी हुई है। दोपहर बाद से क्षेत्र के बदियाकोट, झूनी, लीती, कर्मी आदि गांवों में देर शाम तक पहाड़ों, घरों एवं खेत खलिहनों में बर्फ ने सफेद चादर ओढ़ ली। जिल में लोग लंबे समय से बर्फ एवं बारिश का इंतजार कर रहे थे। लेकिन मौसम बनते बनते जनवरी माह के जाते हुए लोगों को राहत दे गई। इधर उच्च क्षेत्रों में बर्फबारी होने से घाटियों में ठिठुरन भरी ठंड रही। शाम चार बजे से जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील क्षेत्रों में जमकर बारिश शुरू हुई। सीजन की पहली बर्फबारी एवं बारिश होने से किसानों के चेहरे खुल उठे। काश्तकारों का मानना है कि वर्ष होने से सब्जी एवं रवि की फसल अच्छी होगी।

### सेवारत शिक्षकों का प्रशिक्षण जारी

**बागेश्वर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बागेश्वर में जनपद के माध्यमिक विद्यालयों के व्यायाम शिक्षकों का सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण तीसरे दिन भी जारी रहा। कार्यक्रम समन्वयक डा. संदीप जोशी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि तृतीय दिवस के प्रात:कालीन सत्र में योग एवं प्राणायाम, तत्पश्चात फिट इंडिया मूवमेंट की भूमिका, खेलों में प्राथमिक उपचार, विद्यालय स्तर पर खेलों का आयोजन, खेलों में मनोविज्ञान तथा एनसीईआरटी की नई खेल विषय की पुस्तकों खेल योग तथा खेल यात्रा के सत्रों का संचालन किया गया। तृतीय दिवस के सत्र में रवि कुमार जोशी, सुरेंद्र सिंह, कमलेश तिवारी तथा कुंदन सिंह कालाकोटी द्वारा संदर्भदाता के रूप में कार्य किया गया। योगा विषयक सत्र का संचालन केवलानंद जोशी ने किया।

## पंपिंग पेयजल योजना का विधायक ने किया भूमि पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** कपकोट नगर पंचायत क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को साफ एवं पर्याप्त पानी मिलेगा। शुक्रवार को विधायक सुरेश गढ़िया एवं विभागीय अधिकारियों ने केदारेश्वर मैदान के पास 17 करोड़, चार लाख, 82 हजार से पंपिंग पेयजल योजना का भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर विधायक गढ़िया ने कहा कि यह परियोजना केवल ईंट-पत्थर का काम नहीं, बल्कि नगर पंचायत कपकोट के हर घर तक भरोसे और राहत की धारा पहुंचाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि इस योजना के पूर्ण होने पर नगर पंचायत कपकोट के लगभग आठ हजार लोगों को नियमित पानी मिलेगा। वर्षों से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में यह एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि उन्होंने संकल्प लिया है कि कपकोट विधानसभा को प्रदेश के अग्रणी विधानसभा में शामिल करना है। इस दिशा में काम हो रहा है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गड़िया, नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी, ब्लॉक प्रमुख भावना शाही, मनोहर राम, चंपा देवी, उप जिलाधिकारी अनिल चन्याल, हरीश मेहरा, सभासद गजेंद्र कपकोटी, प्रमोद पांडेय, सुरेश कांडपाल, ओम प्रकाश ऐठानी, हरीश जोशी, मुन्ना कपकोटी, भगवत कोरंगा, अधिशासी अभियंता पेयजल विपिन कुमार, संतोष उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस की प्रशिक्षण कार्यशाला में अलका पाल ने किया प्रतिभाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** उत्तराखंड में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी के लिए कांग्रेस हाईकमान अपने सभी जिला और महानगर अध्यक्षों को धार देने में लगी हुई है। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में विगत 13 जनवरी से आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के नेताओं ने जिला और महानगर अध्यक्षों को 2027 में भाजपा की चुनौती को दरकिनार कर उत्तराखंड में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए अपने टिप्स दिए। प्रशिक्षण कार्यशाला में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने जिला और महानगर अध्यक्षों को कांग्रेस की संगठनात्मक रूपरेखा, इतिहास, राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के ज्वलंत मुद्दों, बूथ स्तर तक संगठन की तैयारी जैसे गंभीर विषयों का आदान-प्रदान किया। कार्यशाला में भाग ले रही महानगर कांग्रेस कमेटी काशीपुर की अध्यक्ष अलका पाल ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यशाला में उत्तराखंड के सभी जनपदों के जिला अध्यक्षों के साथ कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के द्वारा संवाद और विचारों का आदान-प्रदान कर भविष्य की मजबूत आधारशिला के लिए एक प्रेरक का कार्य किया है, जो कि निश्चित ही 10 दिवसीय शिविर में सभी जिला महानगर अध्यक्षों को आगामी विधानसभा चुनाव की चुनौती से लड़ने में मील का पत्थर साबित होगी।

### पार्किंग स्थलों का डीएम ने निरीक्षण किया

**अल्मोड़ा।** नगर में पार्किंग व्यवस्था और कूड़ेदानों की स्थिति को लेकर शुक्रवार को डीएम अंशुल सिंह ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्किंग स्थलों में अग्नि सुरक्षा उपायों की व्यवस्था, सफ़ स्फ़ाई करने और अव्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने शहीद तिराहे के पास स्थित नगर निगम पार्किंग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्किंग में अग्नि सुरक्षा के उपायों, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, पानी की आपूर्ति तथा अव्यवस्थित रूप से खड़ी गाड़ियों की स्थिति पर नाराजगी जताई। पार्किंग में गंदगी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं, जीआईसी स्थित पार्किंग को जल्द शुरू करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने नगर के प्रमुख स्थलों पर स्थापित कूड़ेदानों की स्थिति का भी निरीक्षण किया। टैक्सी स्टैंड तिराहे से चौघानपाटा तक स्थलीय भ्रमण करते हुए कूड़ेदानों की उपलब्धता, उनकी स्थिति का अवलोकन किया और कूड़ेदानों के समीप सीसीटीवी कैमरे एवं चेतावनी बोर्ड लगाए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मेयर अजय वर्मा, नगर आयुक्त सीमा विश्वकर्मा, सहायक नगर आयुक्त लक्ष्मण सिंह भंडारी आदि मौजूद रहे।

# विधायक अरविंद पांडे पर बरसे मेयर

## मुख्यमंत्री और सरकार पर बयानों को बताया नाकाबिले बर्दाश्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** नगर निगम महापौर दीपक बाली ने आज नगर निगम सभागार में पत्रकार वार्ता आयोजित कर गदरपुर विधायक अरविंद पांडे पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वे प्रदेश के मुख्यमंत्री को लगातार घेरते हुए राज्य सरकार को कमजोर करने की साज़िश रचते आ रहे हैं। महापौर बाली ने कहा कि गदरपुर विधायक इस समय क्या बोल रहे हैं, यह सर्व विदित है। उन्हें हर मामले में राजनीति करने की आदत सी पड़ गई है। वह हर छोटी बात को बड़ा बनाते हुए उसमें राजनीतिक निहितार्थ निक. ालने से जरा भी परहेज नहीं करते। चाहे वह अंकिता हत्याकांड हो, या



फिर किसान सुखवंत सिंह सुसाइड केस। विधायक पांडे इन मामलों के साथ ही कई अन्य मामलों में लगातार राज्य सरकार पर हमलावर रहे हैं। अपने विधानसभा क्षेत्र गदरपुर में विधायक पांडे ने बृहस्पतिवार को किस तरह गदर मचाना चाहा यह है किसी से छिपा नहीं है। यही नहीं, वे मृतक किसान सुखवंत सिंह के आवास पर पहुंचे और अपने तीखे शब्दों से काशीपुर को हल्दीघाटी का मैदान बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। महापौर दीपक बाली ने कहा कि विधायक पांडे का वह बहुत सम्मान करते हैं, उन्हें बड़ा भाई मानते हैं लेकिन काशीपुर पहुंचकर जिस तरह की बातें उन्होंने की वह काबिले बर्दाश्त नहीं हैं। महापौर ने कहा कि विधायक पांडे द्वारा बोले गए शब्द बताते हैं कि वे अपनी ही सरकार को किस तरह कमजोर करने के प्रयास कर रहे हैं। महापौर बाली ने इस दौरान पूर्व सांसद बलराज पासी का नाम लेते हुए कहा कि वह अरविंद पांडे को अपना पुत्र मानते हैं लेकिन इस पूरे मामले में वे धृतराष्ट्र की भूमिका में हैं। महाभारत में भी धृतराष्ट्र को पुत्र मोह में बहुत कुछ करना पड़ा, वह असहाय थे, लेकिन यहां बलराज पासी धृतराष्ट्र की भूमिका न निभाएं। वे असहाय न बनें, साहस करें और इस मामले में खुलकर बोलें कि आखिर वे किसके साथ हैं।

## केडीएफ ने दिया जिला विकास प्राधिकरण को ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** काशीपुर डेवलपमेंट फोरम (केडीएफ) की पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा द्रोणासागर में स्थित उपेक्षित एवं जंगल भूमि को धनुर्विद्या प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित किए जाने की मांग को लेकर वृहस्पतिवार को जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जयकिशन को एक ज्ञापन सौंपा। केडीएफ अध्यक्ष राजीव घई ने बताया कि द्रोणासागर क्षेत्र ऐतिहा. सिक, पौराणिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह महर्षि द्रोणाचार्य की धनुर्विद्या से जुड़ा हुआ माना जाता है। वर्तमान में इस क्षेत्र का एक बड़ा भाग उपेक्षा के कारण जंगलनुमा हो चुका है। संस्था द्वारा वर्तमान में लगभग 50 बच्चों को धनुर्विद्या का नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है, लेकिन मानक प्रशिक्षण के लिए आवश्यक 60 मीटर की दूरी उपलब्ध न होने के कारण बच्चों का समुचित एवं वैज्ञानिक प्रशिक्षण संभव नहीं हो पा रहा है। प्रस्तावित स्थल टाट वाले बाबा के आश्रम एवं डमरू वाले बाबा के मंदिर के मध्य स्थित रिक्त भूमि है, जो वर्तमान में निगरानी के अभाव में जंगलबानी रूप ले चुकी है। इस भूमि को धनुर्विद्या प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करने से न केवल भूमि का सकारात्मक एवं सुरक्षित उपयोग होगा, बल्कि द्रोणासागर क्षेत्र की पौराणिक परंपरा को भी पुन: स्थापित किया जा सकेगा। इस दौरान चक्रेश जैन, हेम चंद्र हर्बोला, ऊषा रानी, विम्पी शर्मा, रेनू चौहान, पूजा अरोरा आदि मौजूद रहे।

# चोरी की तीन बाइकों के साथ एक वाहन चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** तीन अलग-अलग स्थानों से चोरी की गई बाइकों के साथ पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर तीन बाइकें बरामद की हैं।

विदित हो कि विगत 21 जनवरी को थाना काशीपुर पुलिस को बड़े गुरुद्वारा के पास बनी पार्किंग से बाइक चोरी की तहरीर मिली, इसी दिन एक और बाइक चोरी की तहरीर मिली जिसमें अनाज मंडी से बाइक चोरी होने की बात कही गयी। इसके अलावा 22 जनवरी को एक अन्य व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि उसकी बाइक आर के फ्लोर मिल के पास खड़ी थी किसी अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ली गयी। पुलिस ने उक्त



तीनों बाइकों चोरी में धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया। चोरी की घटना के अनावरण के लिये गठित पुलिस टीमों के द्वारा अलग-अलग सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर संदिग्ध व्यक्तियों की सुरागरसी हेतु मुखबिर लगाए गए। जांच में लगी पुलिस टीम ने गत दिवस मुखबिर की सूचना पर नौगजा मजार के पास एक व्यक्ति को बिना नम्बर प्लेट की बाइक के साथ पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम साहिल पुत्र खुर्शीद हाल निवासी काली बस्ती मोहल्ला अल्ली खां काशीपुर तथा स्थाई निवासी ग्राम बाबरखेड़ा थाना कुंडा जिला उधम. सिंहनगर बताया। बरामद बाइक का चेसिस नम्बर मिलान करने पर बाइक उक्त चोरी गई बाइकों में से एक से सम्बन्धित पायी गयी तथा अभियुक्त की निशांदेही पर ईदगाह के पास बने खंडर में अन्य दो बाइकें बरामद की गयीं, जो कोतवाली काशीपुर में दर्ज उक्त अन्य दो बाइकों से सम्बंधित थीं। बरामद बाइकों में एक टीवीएस स्पोर्ट्स तथा दो बाइकें हीरो स्पलेण्डर प्लस हैं। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र चौधरी, वरिष्ठ उपनि. रीक्षक नवीन बुधानी, उपनिरीक्षक मनोज सिंह धौनी व संजय सिंह, अपर उपनिरीक्षक अजीत सिंह, कां. प्रेम सिंह कनवाल, ज्ञानेन्द्र कुमार तथा पुलिस सहयोगी राहुल व माजिद शामिल रहे।

# टेड़ी पुलिया पर दो कारों में टक्कर

## हल्द्वानी-बाजपुर हाइवे पर हादसे में पांच लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** हल्द्वानी-बाजपुर हाईवे पर टेड़ी पुलिया के समीप अनियंत्रित होकर दो कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में पांच लोग घायल हो गए, जिसमे 3 पुरुष दो महिला शामिल हैं। इस हादसे में दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। और दोनों कारे रोड किनारे पलट गई।

हादसे के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा और राहगीरों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम को खुलवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार आ रही दो कारें एक-दूसरे को देख नहीं सकीं और टेड़ी पुलिया के बैंड के पास आमने-सामने टकरा गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के आगे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे की सूचना



मिलते ही राहगीरों ने कालाढूंगी पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस 108 की मदद से घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जिनका प्राथमिक उपचार दिया जा रहा है। जिसमें एक कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई बही दूसरी कार टकराने के बाद सड़क किनारे पलट गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची तो पता चला कि टेड़ी पुलिया के पास दो कारों में जबरदस्त आमने सामने दो कारों की भिंड़त में एक ही कार अल्टो में सबार पांच लोग गंभीर घायल हुए। यह पांच निवासी कालाढूंगी धमौला के हैं। घायलों में पुष्पा बुधलकोटी (50) को सर चोट आई है। श्रेया बुधलाकोटी (24) का पैर फ्रैक्चर हो गया। लक्की (22) को सीने में गुम चोट लगी है। चंद्रकला (50) भी मामूली चोट आई है। चालक अजय कृष्ण बुधलाकोटी (55) का भी पैर फ्रैक्चर हुआ है। वहीं दूसरी कार में चालक कालाढूंगी गुलजारपुर निवासी मनीष (24) ही थे। वे बाल-बाल बचे। इनके भाई ने बताया मनीष कुमार पुत्र भुवन चंद्र कार अपनी सुसराल जा रहे थे। तभी टेड़ी पुलिया के निकट आल्टो संख्या नबर यूके 04 एच 2367 जो रामनगर से आ रही थी इस आईटेन कार संख्या यूके 04 के 7940 की आमने सामने की जबरदस्त भिंड़त हो गई। इस हादसे 5 लोग गंभीर घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी सुशीला तिवारी के लिए रैफर कर दिया गया।

## रामबाबू मिश्रा के निधन पर दुख जताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने प्रदेश सचिव रामबाबू मिश्रा के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित की गयी। सभी पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि रामबाबू मिश्रा उद्योग जगत के प्रमुख कारोबारी होने के साथ साथ सामाजिक और धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़कर रुचि लेते थे। लालकुआं नगर पंचायत के अध्यक्ष पद का दायित्व भी बड़े सरलता और ईमानदारी पूर्वक निभाया था। उनके अचानक से स्वर्गवास हो जाने से लालकुआं क्षेत्र में उनकी कमी हमेशा खलेगी। निधन पर शोक व्यक्त करने वालो में प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्स्वाण, प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता, महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, संयोजक धर्म यादव, सह संयोजक देवेश अग्रवाल, कुंदन बिष्ट, प्रज्ञान भारद्वाज, पूरन लाल साह, कुंदन रावत, ललित जायसवाल, पंकज फुलेरा, ऋषभ पाठक, दया किशन उपाध्याय, राकेश गुप्ता, टीटू, संजय वर्मा आदि रहे।

# सड़कों की बदहाली और पर्यावरण से खिलवाड़ पर हाई कोर्ट सख्त

## नैनीताल जिला प्रशासन को 7 दिन का समय दिया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल जिले की बदहाल सड़कों और पर्यावरण के साथ हो रहे खिलवाड़ पर बेहद कड़ा रुख अपनाया है। अवकाशकालीन जज न्यायमूर्ति आलोक महरा की पीठ ने शुक्रवार को सड़कों के किनारे से मलवा हटाने, कूड़े के निस्तारण के लिये जिला प्रशासन को 7 दिन का समय दिया है। वर्चुअल माध्यम से कोर्ट में पेश हुए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कोर्ट को आश्वस्त किया है कि सड़कों के गड्ढे भरने व सड़क किनारे जमा मलवे को हटाया जाएगा साथ ही कूड़े का निस्तारण किया जाएगा। बता दें अनिल यादव द्वारा दायर इस जनहित याचिका ने जिले के पर्वतीय मार्गों पर सुरक्षा मानकों का उल्लंघन कर अवैध डंपिंग होने और कचरा प्रबंधन की विफलताओं को उजागर किया है जिसे न्यायालय ने गंभीरता से लिया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता डीसीएस रावत और जय कृष्ण पांडे ने कोर्ट को बताया कि हल्द्वानी-नैनीताल समेत कालाढूंगी और भवाली-कैंची धाम जैसे व्यस्ततम मार्गों पर निर्माण कार्यों का मलबा जानबूझकर तीखे मोड़ों और ब्लाइंड टर्न्स पर फेंका जा रहा है। यह मलबा न केवल यातायात को बाधित कर रहा है बल्कि मानसून के दौरान फिसलन पैदा कर वाहनों के लिये



खतरा बन रहा है। सड़कों पर सुरक्षा दीवारें और क्रैश बैरियर गायब हैं जिससे स्थानीय निवासियों समेत स्कूली बच्चों और पर्यटकों की जान हर समय जोखिम में रहती है।

सड़क सुरक्षा के साथ-साथ याचिका में वनों और पर्यटन स्थलों पर जलाए जा रहे प्लास्टिक कचरे और शराब की बोतलों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। उन्होंने दलील दी कि यह कृत्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2016 का खुला उल्लंघन है और इससे वन्यजीवों के आवास के साथ साथ हिमालय की संवेदनशील पारिस्थितिकी को अपूरणीय क्षति पहुँच रही है। प्रशासन की इस चुप्पी को याचिका में नागरिकों के अनुच्छेद-21 (जीवन का अधिकार) का सीधा हनन बताया गया है।

उच्च न्यायालय ने प्रशासनिक उदासीनता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी, नगर पालिका नैनीताल और नगर निगम हल्द्वानी को स्पष्ट आदेश दिया कि इन राजमार्गों से सारा जमा मलबा और ठोस कचरा तत्काल हटाया जाए। कोर्ट ने साफ किया कि जनसुरक्षा से समझौता कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने आगे यह भी कहा कि जिला पंचायत वाले क्षेत्रों से कूड़ा उठाने वाहनों को रूटीन वाईज चलाया जाय और वाहन कम हैं तो और खरीदे जाएं। नैनीताल से हल्द्वानी कूड़ा ले जाने वाले वाहनों को कूड़ा ले जाते वक्त उन्हें कवर कर के ले जाया जाए, ताकि कूड़ा रोड व किसी पर गिरे ना। कोर्ट ने जिला प्रशासन से कहा है कि रोडो के किनारे इकठ्ठा कूड़े का निस्तारण करने हेतु स्थायी समाधान निकाला जाए। न्यायालय के कड़े निर्देश के बाद जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल ने पीठ को आश्वस्त किया कि प्रशासन युद्ध स्तर पर कार्य करेगा। उन्होंने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि एक सप्ताह के भीतर चिन्हित सभी मार्गों से निर्माण मलबा हटा दिया जाएगा और कूड़े के वैज्ञानिक निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। 26 जनवरी से सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

## फड़ कारोबारी हुआ बेसुध, मौत

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल में शुक्रवार सुबह अचानक एक फड़ कारोबारी बेसुध हो गया परिजन उसे तत्काल राजकीय बीडी पांडे जिला चिकित्सालय ले गए जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक पंत पार्क में चने की दुकान लगाने वाले अनिल गुप्ता (56) रोज की भांति दुकान लगाई। इस दौरान अचानक बेहोश हो गया जिसे मौजूद लोग तत्काल अस्पताल ले गए। इमरजेंसी में तैनात डा. मोनिका कांडपाल ने बताया मृत अनिल गुप्ता निवासी हरदोई (यूपी) का है जिसे बेसुध अवस्था में अस्पताल में लाया गया था जिसे मृत घोषित कर मोर्चरी में रखा गया है। पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जाएगा।

# कार्तिक के स्वागत में 'आशीर्वाद सम्मान'

## भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं ने निकाली वाहन रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदेश मंत्री बनने पर कार्तिक हर्बोला का कार्यकर्ताओं ने उनके सम्मान में आशीर्वाद समारोह का आयोजन कर उनका माल्यार्पण व आतिशबाजी से उनका अभिनंदन किया। इस दौरान वाहन रैली भी निकाली गई। आयोजित कर भव्य स्वागत किया गया। कार्तिक हर्बोला ने सभी का आभार जताया। कार्तिक हर्बोला को भाजपा युवा मोर्चा का प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। तमाम कार्यकर्ता शुक्रवार को एचएन इंटर कालेज के पास एकत्र हुए और उनका भव्य स्वागत किया गया। वहां



से कार्यकर्ताओं ने वाहन रैली निकाली जो गणपति बैंक्वेट हॉल पर आकर संपन्न हुई। नव नियुक्त प्रदेश मंत्री कार्तिक हर्बोला ने सभी का आभार व्यक्त किया। कहा कि आज के युवाओं में जोश है। उन्होंने सभी युवा साथियों से कदम से कदम मिलाकर चलने का आहवान किया। कार्तिक ने कहा कि युवा ही भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव भाजपा को दोबारा सत्ता में लाने का काम करेंगे। साथ ही उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने का आहवान भी किया। इस दौरान पार्टी की सेवा में समर्पित रहे राम अवतार राजौर, सुंदर लाल मौर्य, मनोहर लाल मिश्रा, सुधांशु श्रोतिय को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मेयर गजराज सिंह बिष्ट, युवा मोर्चा ज़िलाध्यक्ष चंदन सिंह बिष्ट, मंडी समिति अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री प्रकाश हर्बोला, दर्जा राज्यमंत्री दिनेश आर्य, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, प्रदीप जनोटी, नवीन भट्ट, अमित चौधरी, रोहित दुम्का, मधुकर श्रोतिया, विशु शर्मा, हर्ष राजौर, बॉबी आर्य, योगेंद्र भट्ट, लोकेश यादव, उदित चौधरी, हिमांशु सनवाल, करन, रक्षित, विनोद तिवारी, अमित चौधरी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में नए बच्चों का विद्यारंभ संस्कार

**नैनीताल।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर वीरभटी दुर्गापुर में बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया, जिसमें मां सरस्वती का पूजन समस्त विद्यालय परिवार एवं आए हुए अभिभावकों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सात नए बच्चों का प्रवेश एवं उनका विद्यारंभ संस्कार (अक्षर ज्ञान) भी कराया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीवान सिंह मेवाड़ी ने बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजन का महत्व तथा वीर हकीकत राय के बलिदान दिवस व नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार एवं अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यालय के व्यवस्थापक डा. सूर्य प्रकाश ने सभी को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# फरार हत्यारोपियों की तलाश के लिए टीम गठित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** करीब 6 वर्ष पूर्व 2019 में नैनीताल जिले के भीमताल रोड में चंदा देवी मोड़ पर हुए सनसनीखेज हत्याकांड में फरार चल रहे मुख्य आरोपी महिला नीलम चौधरी व उसके सहयोगी मनीष मिश्रा को ढूंढने के लिये एसएसपी नैनीताल ने पुलिस टीम गठित कर दी है। एसएसपी नैनीताल की ओर से शुक्रवार को इस आशय की जानकारी अपर जिला सत्र न्यायाधीश द्वितीय नैनीताल की अदालत को दी।

इस टीम का पर्यवेक्षण सीओ भवाली दीप शिखा अग्रवाल करेंगी जबकि भीमताल के थानाध्यक्ष राजेश कुमार टीम प्रभारी होंगे। टीम में भीमताल थाने के एस आई महेंद्र राम समेत कान्स्टेबल वीरेंद्र गोले, ललित आगरी, एसओजी के एसआई राजेश जोशी तथा अरविंद बिष्ट तथा भूपेंद्र जेष्ठा शामिल हैं।

कोर्ट ने पुलिस से प्रतिदिन की रिपोर्ट देने को कहा है। मामले के अनुसार आरोपी नीलम ने अपने साथियों मनीष मिश्रा और अजय यादव के साथ मिलकर अपने ही पति अवतार सिंह की हत्या कर दी थी। आरोपियों ने शव को भीमताल रोड पर कार के अंदर पेट्रोल डालकर जला दिया था। इस मामले में सुनवाई के दौरान आरोपी मनीष मिश्रा वर्ष 2022 में उच्च न्यायालय से मिली जमानत का दुरुपयोग कर फरार हो गया था जिसके खिलाफ अदालत ने गैर-जमानती वारंट भी जारी किए थे।

# एक साल कम्पलीट: 27 जनवरी को मनाया जाएगा यूसीसी दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक समान अधिकार और एक समान कानून की दिशा में देश को नई राह दिखाने वाली उत्तराखण्ड की ऐतिहासिक पहल समान नागरिता संहिता (यूसीसी) एक साल पूर्ण होने पर 27 जनवरी को यूसीसी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जनपद में यूसीसी दिवस का मुख्य कार्यक्रम एमबीपीजी कालेज हल्द्वानी में मनाया जाएगा साथ ही विकास खण्डवार भी कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। यूसीसी दिवस के सफल आयोजन के लिए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने मुख्य विकास अधिकारी को समस्त कार्यों हेतु नोडल अधिकारी नामित किया है। जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी के साथ ही सम्बन्धित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि दायित्वों का सफलता पूर्वक सम्पादित करना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिये हैं कि नैनीताल, रामनगर, कालाढूगी, लालकुआं, बेतालघाट, भीमताल, ओखलकांडा में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों हेतु सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूप-रेखा तैयार करना सुनिश्चित करेंगे।

## कल मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**हल्द्वानी।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशन में 25 जनवरी (रविवार) को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जायेगा। राष्ट्रीय मतदाता की थीम मेरा भारत मेरा वोट है, जिसका उद्देश्य लोकतन्त्र को सशक्त बनाते हुए नागरिकों विशेषकर युवाओं मे मतदान के प्रति जागरूकता एवं सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। जिलाधिकारी ने कहा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त विभागों, कार्यालयों और सार्वजनिक उपक्रमों के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता की शपथ दिलाई जायेगी। साथ ही जनपद के समस्त स्कूल कालेजों, शैक्षणिक संस्थानों में चित्रकला, पेंटिंग, निबंध लेखन एवं नाटक जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जायेगा। उन्होंने बताया 25 जनवरी रविवार अवकाश होने पर 24 जनवरी शनिवार को कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जनपद नैनीताल में राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 का आयोजन 25 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे क्वींस पब्लिक स्कूल नैनीताल रोड हल्द्वानी में किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नैनीताल द्वारा की जाएगी।

# 35 स्ट्रीट वेंडरों को मिला ऋण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रधानमंत्री स्वनिधि स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना के तहत नगर निगम सभागार में ऋण वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मेयर गजराज



सिंह बिष्ट की उपस्थिति में विभिन्न बैंकों ने लगभग 35 स्ट्रीट वेंडरों को ऋण वितरित किए। इस अवसर पर डा. आईपी पंत ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार की योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में 15 हजार, द्वितीय चरण में 25 हजार तथा तृतीय चरण में 50 हजार तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि ऋण पर 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान केंद्र सरकार एवं 2 प्रतिशत ब्याज अनुदान राज्य सरकार देती है। 50 हजार का ऋण समय पर चुकाने पर लाभार्थियों को 30 हजार का क्रेडिट कार्ड भी उपलब्ध कराया जाता है। मेयर गजराज बिष्ट ने स्ट्रीट वेंडरों से योजना का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय को सशक्त बनाने का आहवान किया। इस मौके पर पूर्व मेयर डा. जोगेंद्र रौतेला, सहायक नगर आयुक्त गजेन्द्र सिंह, उपशाखा प्रबंधक मोहित डसीला, भाषित पाठक, गणेश भट्ट सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

# 35 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रेलवे बाजार स्थित श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में 35 बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम आचार्य डा. नवीनचन्द्र बेलवाल एवं मनोज कुमार पाण्डेय के सानिध्य में संपन्न हुआ। संस्कार से पूर्व माता सरस्वती पूजन, पंचांग वाचन, ग्रहयोग, चूड़ाकर्म, कर्णवेध, वेद शिक्षा एवं दीक्षा संस्कार संपन्न कराए गए। इस अवसर पर वेदाचार्य डा. नवीन चन्द्र बेलवाल ने बटुकों को संबोधित करते हुए कहा कि यज्ञोपवीत संस्कार एवं शिक्षा जीवन में सफलता और संस्कार निर्माण के लिए आवश्यक हैं। कार्यक्रम में मुख्य यजमान हेमंत पंत, दिनेशचंद्र जोशी, हर्ष उप्रेती, भुवन मेलकानी, विनीत डांगी, अशोक पड़ालनी, जगदीश सिंह, चंद्रशेखर शर्मा, पंकज बिष्ट, संजय परिहार, गौरव कांडपाल, विनय जोशी सहित अनेक यजमान उपस्थित रहे। वहीं विद्यालय के आचार्य कीर्तिचंद कलौनी, डा. नारायण दत्त थुवाल, दीप जोशी, डा. मोहित जोशी, श्रीकृष्ण पाण्डेय, जानकी त्रिपाठी, केसी बेलवाल, रजनी बेलवाल, शुभ पाठक सहित अन्य गणमान्य लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।



## प्राचीन श्रीराम मंदिर में सुंदरकांड



**हल्द्वानी।** नगर की प्राचीन श्री रामचंद्र मंदिर हल्द्वानी में बसंत पंचमी एवं हनुमान मंदिर स्थापना दिवस के उपलक्ष में संगीत में सुंदरकांड पाठ एवं हवन यज्ञ किया गया। मंदिर के महंत पंडित विवेक शर्मा ने बताया बसंत पंचमी पर भगवान को पीतांबर वस्त्र धारण कराए गए एवं प्रदेश व देश की सुख समृद्धि हेतु सुंदरकाण्ड व यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन में पंडित गिरीश दुर्गापाल, बसंत कुमार अग्रवाल, देवेंद्र कुमार गुप्ता, अशोक वार्ष्णेय, रोहित ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## राज्य आंदोलनकारी गुरुरानी ने किया पौधरोपण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान 557वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 557वें दिन डीडीहाट स्थित अपने आवास परिसर में अपने पिताजी स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा। ज्ञात हो कि यह पौधारोपण आंदोलन लगातार जारी है और आगे भी जारी रहेगा। दिनेश गुरुरानी की इस मुहिम को अब तक सैकड़ों गणमान्य लोगों का समर्थन प्राप्त हो चुका है और उनके इस अभियान से लगातार लोग जुड़ते चले जा रहे हैं।

# मांगों को लेकर कर्मचारियों का प्रदर्शन

## विकास खण्ड रामगढ़ परिसर में गेट मीटिंग कर जताया आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद नैनीताल द्वारा प्रदेश व्यापी आह्वान पर शुक्रवार को भारी ठंड एवं बर्फबारी के बीच नौवें दिन नैनीताल जिले के विकास खंड रामगढ़ परिसर में गेट मींटिग कर सरकार की कर्मचारियों की 18 सूत्रीय मांगों के निस्तारण में की जा रही हीला हवाली पर रोष व्यक्त किया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सनवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में कर्मचारी वर्ग आंदोलन में है मगर शासन द्वारा कर्मचारियों की जायज मांगों पर किसी भी प्रकार की कोई



कार्रवाई अभी तक नहीं की जा रही है। जिससे कर्मचारियों रोष एवं निराशा की भावना उत्पन्न हो गई हो रही है पुरानी एसीपी, गोल्डन कार्ड की विसंगति तथा वेतन विसंगति से जुड़े प्रकरणों पर राज्य सरकार द्वारा अभी तक कोई भी ठोस निर्णय नहीं ले जाने से प्रदेश भर के कर्मचारियों मे व्यापक आक्रोश फैल गया है। बैठक का संचालन करते हुए परिषद के वरिष्ठ सदस्य कंचन नाथ गोस्वामी ने कहा कि सरकार को तत्काल कर्मचारियों की मांगों को पूर्ण कर राहत प्रदान करना चाहिए। शासन स्तर पर लंबित कर्मचारियों की जायज मांगों को एक सुनियोजित तरीके से निस्तारण के बजाय लटकाया जा रहा है जिससे कर्मचारियों में लगातार रोष बढ़ रहा है। बैठक में परिषद के वरिष्ठ सदस्य शमीम अहमद समेत सुंदर सिंह बसेड़ा, मंदिरा बुध्दियाल, पूजा पाल, धीरज पांडे, प्रदीप पंत, मीनाक्षी पन्त, चेतन बुधलाकोटी, रितेश भट्ट, भोपाल सिंह, चंद्र कुमार, पंकज तिवारी, साजिद खान तथा ललित कुमार सहित कई कर्मचारी उपस्थित थे।

## हल्द्वानी में बारिश ने बढ़ाई ठिठुरन

**हल्द्वानी।** पहाड़ों पर हुई बर्फबारी के बाद शहर का मौसम भी सर्द हो गया। दोपहर बाद हल्की बूंदाबांदी के बाद शाम को हुई मूसलाधार बारिश ने और ठंडी हवाओं के झोंकों ने ठिठुरन भी बढ़ा दी। लोग घरों पर दुबकने को मजबूर हो गए। हालांकि कुछ लोग बारिश में ठंड का मजा लेते भी दिखाई दिए। लेकिन इसके बावजूद सड़कों पर खामोशी सी दिखाई दी। बता दें कि इस बार मौसम विभाग ने बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया था। दोपहर बाद मौसम ने करवट बदल ली। हालांकि मौसम का सुबह से ही बदलने लगा था। आसामन में बदलों ने डेरा डालना शुरू कर दिया। शाम होते-होते हल्द्वनी में बूंदाबांदी शुरू हो गई। जिसने ठिठुरन को और बढ़ा दिया। खबर लिखे जाने तक हल्द्वानी में बारिश का दौर जारी था।

## कर्मचारियों का शिष्टमंडल मिला सीडीओ पांडे से

**नैनीताल।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा नैनीताल जिले के नवनियुक्त मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडेय से शिष्टाचार भेंट कर स्वागत किया तथा कर्मचारियों की समस्याओं से भी अवगत कराया। मुख्य विकास अधिकारी ने शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने बताया कि परिषद के शिष्ट मंडल द्वारा जनपद में नवनियुक्त मुख्य विकास अधिकारी से शिष्टाचार भेंटकर कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बेहद सकारात्मक रुख अपनाते हुए कर्मचारियों कि समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता के साथ निराकरण करने का आश्वासन देते हुए शीघ्र ही विस्तृत रूप से बैठक कर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। शिष्टमंडल में परिषद के डा संतोष कुमार, राजेंद्र प्रसाद टम्टा, संजय देव, आनन्द सिंह बिष्ट, भूपाल सिंह, पूरन लाल, आनन्द तथा ललित कुमार उपस्थित थे।

# मेडिकल कॉलेज में मां सरस्वती का पूजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी में बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कालेज परिसर में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके उपरांत कालेज के केन्द्रीय पुस्तकालय में स्थित मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष भी पूजा-अर्चना की गई, जहाँ सभी उपस्थितजनों द्वारा ज्ञान, विद्या एवं सद्बुद्धि की कामना की गई। पूजा उपरांत उपस्थित सभी संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर राजकीय मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. जीएस तितियाल, डा. उमेश, डा. भावना श्रीवास्तव, डा. हरिशंकर पांडे, डा. ऊषा जोशी, डा. प्रभात पंत, डा. अतुल सक्सेना, चंद्रशेखर गुरुरानी, प्रशांत भट्ट सहित मेडिकल कालेज के कर्मचारीगण, पीजी एवं जेआर चिकित्सक, नर्सिंग कालेज के छात्र-छात्राएं तथा मेडिकल कालेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कालाढूंगी (नैनीताल)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री नरेन्द्र सिंह मेहरा पुत्र श्री कुन्दन सिंह नेहरा निवासी-कालाढूंगी बार्ड नं.-6 पो.ओ. कालाढूंगी (नैनीताल) द्वारा कालाढूंगी वार्ड नं. -2 में श्री कान्ता सिंह पुत्र श्री ध्यान सिंह से भवन क्रय किया गया है। जिसके पूरब में रमेश कम्बोज की सम्पत्ति पश्चिम में रमेश कम्बोज की सम्पत्ति, उत्तर में रमेश कम्बोज की सम्पत्ति, व दक्षिण नहर बाद रामनगर-हत्तानी मोटर मार्ग सिंधार है। जिसका गृहकर प्रार्थी श्री नरेन्द्र सिंह मेहरा पुत्र श्री कुन्दन सिंह मेह किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र व श्री कान्ता सिंह पुत्र ध्यान सिंह का अनापत्ति का शपथ पत्र दिये जाने उपरान्त उक्त भवन का गृहकर करो की वसूली के परियोजनार्थ व भू-स्वामित्व का आधार न होने के दशा में प्रार्थी श्री नरेन्द्र सिंह मेहरा पुत्र श्री कुन्दन सिंह मेहरा निवासी वार्ड नं.-6 कालाढूंगी (नैनीताल) के नाम हस्तान्तरण किया जाना प्रस्तावित है कि यदि भविष्य में उक्त गृहकर हस्तान्तरण के सम्बन्ध में किसी के द्वारा कोई आपत्ति की जाती तो लगाया गया गृहकर स्वत: ही समाप्त हो जायेगा।
नोट-यदि किसी को कोई आपत्ति व सुझाव हो तो इस सूचना जारी होने के 30 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति व सुझाव अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करे। बाद म्याद आपत्ति में विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कालाढूंगी (नैनीताल)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थनी श्रीमती रिजवाना पत्नी श्री इकरार निवासी कालाढूंगी वार्ड नं. 3 द्वारा कालाढूंगी वार्ड नंबर 3 निवासी लच्छू लाल गुप्ता पुत्र लेख राज के नाम नगर पालिका में गृहकर दर्ज है जिसके पूरब में सड़क, पश्चिम में भुवन। शरण गुप्ता का भवन उत्तर में यामीन का भवन दक्षिण में नगमा जहां का भवन स्थित है उक्त भवन गृहकर अपने नाम दर्ज कराए जाने हेतु प्रार्थना पत्र विक्री का इकरारनामा व विक्रेता श्री लाल का अनापत्ति का प्रमाण पत्र इस कार्यालय को प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त उक्त भवन कर गृहकर की की वसूली के परियोजनार्थ भू-स्वामित्व का आधार ना होने की दशा में प्रार्थिनी श्रीमती रिजवाना पत्नी श्री इकरार निवासी कालाढूंगी वार्ड नं.- 3 पो.ओ. कालाढूंगी (नैनीताल) के नाम हस्तान्तरण/दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।
**नोट**-यदि किसी को कोई आपत्ति व सुझाव हो तो इस सूचना के जारी होने के 30 दिन के लिखित आपत्ति व सुधहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करें। बाद म्याद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नेताजी को अर्पित की श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप और संजय नगर क्षेत्र में उनकी प्रतिमाओं पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने नेताजी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके योगदान को स्मरण किया।

ट्रांजिट कैंप वार्ड नंबर 3 स्थित श्री दुर्गा मंदिर परिसर में स्थापित नेताजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए पूर्व विधायक राज. कुमार ठुकराल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने स्वतंत्रता संग्राम के समय थे। उन्होंने कहा कि नेताजी ने भारत की आजादी के लिए अद्वितीय साहस और नेतृत्व का परिचय दिया तथा आजाद हिंद फौज के माध्यम से देशवासियों में स्वतंत्रता की अलख जगाई।

इस अवसर पर वक्ताओं ने नेता. जी के संघर्षमय जीवन, त्याग और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सच्चा राष्ट्रनायक बताया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, समाजसेवी शंकर चक्रवर्ती, मनमोहन सिंह, पार्षद सुशील मण्डल, शुभमदास, संजीव गुप्ता, सुभाष स्वर्णकार, मनोज गुप्ता, केरू मण्डल, ललित सिंह विष्ट, सुकुमार अधिकारी, मना. जदास, रामकुमार गुप्ता, अशोक यादव, रमन विश्वास, राकेश दास, राजचक्रवर्ती, रोहित अधिकारी, शुभमनास, आशीष गुप्ता, विनय सिंह, सुमित निषाद, राहुल दास, राज गुप्ता, आकीष गंगवार, अशोक शाह, राहुल सरकार व अमल मंडल आदि मौजूद थे।

# अचानक घर में घुसा युवक

- ग्रामीणों ने बनाया बंधक
- पुलिस की सूझबूझ से टला बड़ा विवाद





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई।जब एक युवक अचानक एक ग्रामीण के घर में प्रवेश कर गया। अप्रत्याशित घटना से घर में मौजूद लोग घबरा गए और कुछ ही देर में आसपास के ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। बढ़ती भीड़ के चलते गांव में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया।

ग्रामीणों के अनुसार युवक के घर में घुसने की सूचना फैलते ही लोगों में भय और आक्रोश देखा गया। हालात को काबू में रखने के प्रयास में ग्रामीणों ने युवक को घर के पास मौजूद एक पोल से रस्सी के सहारे बांध दिया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही युवक के परिजन और अन्य ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। जिससे स्थिति और संवे. दनशील हो गई। मामला बिगड़ता देख तत्काल बरहैंनी चौकी पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर समझाइश की और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस अधिकारियों ने युवक को अपनी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि युवक के घर में घुसने के कारणों की गंभीरता से जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस की मौजूदगी और समझदारी से गांव में शांति व्यवस्था बनी हुई है और स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

## एक नजर

### विद्यालय का रजत वार्षिक उत्सव आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** विद्यालय का रजत वार्षिक उत्सव आज 24 जनवरी शनिवार को बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान विद्यालय के पूर्व छात्रों समेत प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान कर पुरस्कार वितरण किए जाएंगे। इस सम्मान समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि समेत गण मान्य लोगों के अलावा विभाग के उच्च अधिकारियों के पहुंचने की पूर्ण संभावनाएं हैं।

नेहरू राजकीय पीएम श्री इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ब्रज मोहनलाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा पीएम श्री राजकीय विद्यालयों में वार्षिक उत्सव मनाने के निर्देश हुए हैं। इसी के तहत विद्यालय में भी वार्षिक उत्सव 24 जनवरी को मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों समेत विभाग के उच्च अधिकारियों को उक्त कार्यक्रम में पहुंचने के लिए आमंत्रित किया गया है। इतना ही नहीं विद्यालय से अध्यनरत पूर्व छात्रों जो की सरकारी व अन्य विभागों में उच्च पदों पर आसीन हैं। उन्हें भी निमंत्रण दिया गया है और पिछले पांच वर्षों से विद्यालय के छात्रों द्वारा खेलो तथा अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया जाएगा।

### जन संवाद कार्यक्रम आयोजित आशा व अधिकारियों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** शुक्रवार को कम्युनिटी एक्शन फॉर हेल्थ कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर एक दिवसीय जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक सभागार में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर बृजबाला शर्मा द्वारा किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी द्वारा किया गया।



कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, खंड शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल सशक्तिकरण परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) तथा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी केलाखेड़ा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही आशा फैसिलिटेटर्स को सामूहिक रूप से शील्ड देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान प्रथम पुरस्कार आशा केशोवाला की राजकुमारी एवं उनकी अध्यक्ष को शील्ड प्रदान कर दिया गया। द्वितीय पुरस्कार मनजीत कौर (रतनपुरा) एवं उनकी अध्यक्ष को तथा तृतीय पुरस्कार सामूहिक रूप से रीना सिंह एवं पूनम भारती को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। साथ ही क्षेत्र के समस्त मीडिया प्रभारीगण को भी सम्मानित किया गया। जन संवाद कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विवाह पंजीकरण, स्वच्छता अभियान एवं पोषण से संबंधित विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। सीडीपीओ रेनू यादव ने आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रमों को सुचारु रूप से संचालित करने के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखने की सलाह दी। इस दौरान बीपीएम द्वारा भी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर बृजबाला शर्मा ने सभी अतिथियों, आशा कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** आदर्श कन्या इण्टर कॉलेज बाजपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (छै) के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुक्रवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष नरेश कुमार गोयल, उप प्रबंधक गौरव हांडा, प्रधानाचार्या डॉ.प्रीति रस्तौगी एवं सदस्य गोपाल कृष्ण वर्मा द्वारा मां शारदा के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ।



इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं ने मनमोहक सरस्वती वंदना और स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उपाध्यक्ष नरेश कुमार गोयल ने छात्राओं को समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने हेतु प्रेरित किया। प्रधानाचार्या डॉ. प्रीति रस्तौगी ने बताया कि यह शिविर छात्राओं के व्यक्तित्व विकास और अनुशासन में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम प्रभारी अनीता राठौर ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नानू उप्रेती, अनिल कौशिक, कु. अनुलता और मोहित पाल सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### संस्कृत ग्राम नगला तराई में हुआ सरस्वती पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** आदर्श संस्कृत ग्राम नगला तराई में शुक्रवार को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार हेतु विशेष जन-जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के अंतर्गत गांव के बच्चों व मातृशक्ति द्वारा स्वस्ति वाचन, सरस्वती वंदना व श्लोक गायन व जन-जागरण रैली निकाली गई। जिसमें संस्कृत भाषा, संस्कृति एवं शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया गया। बच्चों ने संस्कृत श्लोकों, प्रेरणादायक नारों एवं संदेशों के माध्यम से लोगों को संस्कृत सीखने और अपनाने के लिए प्रेरित किया। संस्कृत ग्राम प्रशिक्षिका ललिता भट्ट द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया तथा ग्रामवासियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा बच्चों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर मीना थापा, रिंकू राना, ममता राना, सितारा देवी आदि उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया बसंत उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति पैठपड़ाव में संस्कार भारती के नेतृत्व के में बसंत उत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपाल दत्त जोशी व राजस्व उप निरीक्षक तारा चंद्र घिडियाल ने सयुंक्त रूप से दीप प्रजवलित करके शुभारंभ किया।



इस महोत्सव के दूसरे दिन मंच पर लोक गायक हरिमन ने रामनगर बाजार हिटो पंचमी का मेल देखुलो, होशिया मेरी प्रराणी, सावरी सावरी तेरे खुटो कि झावरी ने कुमाऊनी गीत गाये है। इस दौरान ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल, जय मोहन इंटर कॉलेज, ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल,सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,एमपी इंटर कॉलेज,यूएसआर इंदु समिति,मेहरा पब्लिक स्कूल,राजकीय इंटर कॉलेज खताड़ी आदि स्थानीय स्कूलों के 15 टीमों ने विद्यालय स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभाग करके कुमाऊंनी शैली पर आधारित नृत्य करकर रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। शनिवार को उत्तराखंड के लोक गायक माया उपाध्याय, नीरज चुफाल और गजेन्द्र राणा मंच पर अपनी प्रस्तुति देंगे। इस दौरान कमल बेलवाल, गिरीश मठपाल, दीप जोशी, भूपेंद्र खाती, कमल सती, मोहन बिष्ट, नवीन करगेती, विनीत रिखाड़ी, मनोज पपने, मानवेन्द्र कालाकोटी, रोहित गोस्वामी, भावना भट्ट, भरत तिवारी, देवन्द्र हालसी, सलभ मित्तल,ऋषि अग्रवाल, संदीप गर्ग, अंकित गर्ग, किशन डसीला, चंदन नेगी आदि मौजूद रहे।

# बसंत पंचमी पर हुआ भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर श्री महाराजा अग्रसेन चौरिटेबल ट्रस्ट बाजपुर की ओर से शुक्रवार को तीन मूर्ति मंदिर रामराज रोड स्थित परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा और सेवा का वातावरण बना रहा।आयोजन में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। श्री महाराजा अग्रसेन चौरिटेबल ट्रस्ट, बाजपुर के सहयोग से आयोजित यह भंडारा बसंत पंचमी के उपलक्ष में संपन्न हुआ। जिसमें सामाजिक सेवा और धार्मिक आस्था का सुंदर समन्वय देखने को मिला। इस मौके पर, श्याम लाल गर्ग, मन्नी गोयल, आदि अन्य लोग मौजूद थे।

# एसएसबी ने लगाया मानव एवं पशु चिकित्सा शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भारत नेपाल सीमा स्थित सीमावर्ती गांव काला पुल एवं दमगड़ा में 57 बटालियन सशस्त्र सीमा बल सितारगंज के कमांडेंट मनोहर लाल के निर्देश के क्रम में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत मानव चिकित्सा एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। द्वितीय कमान अधिकारी चिकित्सा डॉक्टर वीर बहादुर सिंह ने मानव चिकित्सा शिविर का एवं कमांडेंट पशु चिकित्सा डा. गुरविंदर जीत सिंह ने पशु चिकित्सा शिविर का संचालन किया। इस दौरान वंदे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रीय गायन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के शुभारंभ में डाक्टर वीर बहादुर सिंह द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के महत्व उसके ऐतिहा. सिक, सांस्कृतिक और राष्ट्र निर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला गया। इसके उपरांत समस्त जवानों एवं ग्रामीणों द्वारा पूरे सम्मान उत्साह और देशभक्ति के साथ वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। मानव चिकित्सा शिविर में 100 ग्रामीणों तथा पशु चिकित्सा शिविर में 22 ग्रामीणों के 72 पशुओं का चिकित्सीय सलाह दिया गया एवं नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई। वहीं डॉक्टर गुरविंदर जीत सिंह एवं डॉक्टर वीर बहादुर सिंह ने वर्तमान ऋतु में सामान्य रूप से होने वाले संक्रमणों से बचाव हेतु उपाय के साथ-साथ संतुलित आहार, स्वच्छता आदि दैनिक जीवन में अपनाने की सलाह दी। वहीं सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों ने सशस्त्र सीमा बल के इस पहल की भूरी भूरी प्रशंसा की और आगे भी इस तरह के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आग्रह किया। इस मौके पर निरीक्षक मोहर सिंह, उपनि. रीक्षक अनेंन्द्र सिंह राणा, आरक्षी प्रदीप कुमार के साथ अनेकों जवान मौजूद रहे।

# खाद्य विभाग की जांच को लेकर व्यापार मंडल व अधिकारियों की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** नगर के बाजारों में खाद्य विभाग द्वारा दुकानों पर की जा रही जांच को लेकर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व खाद्य विभाग के अधिकारियों के बीच बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि व्यापारियों की सुविधा के लिए खाद्य विभाग एवं व्यापार मंडल के सहयोग से नगर में एक दिवसीय पंजीकरण कैंप लगाया जाएगा। कैंप में खाद्य सामग्री का कारोबार करने वाले सभी व्यापारी अपना पंजीकरण कराकर प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) प्राप्त कर सकेंगे। प्रमाण पत्र बनवाने के लिए व्यापारी को आधार कार्ड, पैन कार्ड, एक पासपोर्ट साइज फोटो तथा बिजली का बिल या किरायानामा की फोटोस्टेट कॉपी साथ लानी होगी। पंजीकरण शुल्क 100 निर्धारित किया गया है। व्यापार मंडल ने स्पष्ट किया कि जब तक यह कैंप आयोजित नहीं हो जाता, तब तक बाजार में खाद्य विभाग द्वारा किसी प्रकार की जांच नहीं की जाएगी। हालांकि, यह कैंप केवल एक दिन के लिए लगेगा, इसलिए सभी व्यापारी अपने आवश्यक दस्तावेज समय रहते तैयार रखें और निर्धारित तिथि पर पहुंचकर प्रमाण पत्र अवश्य बनवा लें।

बैठक में यह भी बताया गया कि होली के अवसर पर फूड इंस्पेक्टर दलबल के साथ बाजार में चेकिंग करेंगे। ऐसे में सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों में रखे गए एक्सपायरी सामान को या तो नष्ट करें या निर्धारित स्थान पर अलग रखकर उस पर स्पष्ट रूप से "एक्सपायरी सामान" का लेबल लगाएं तथा शासन द्वारा निर्धारित सभी नियमों का पालन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह, महामंत्री विमल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अर्पित रस्तोगी, हरीश ग्रा. वर, हरीश रेडीमेड, अंकुर बंसल, अवलोक जैन, मोहम्मद यामीन, प्रदीप स्वीट, आशु, ऋषभ अग्रवाल, राजकुमार अरोड़ा, मोंटी , विजय रहेजा, मोहित अग्रवाल, विमल, नीलकमल शर्मा सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# रुद्रपुर को मिलेगी नये मिनी बाईपास की बड़ी सौगात

- उद्यान विभाग से आदर्श कालोनी तक दशकों से बंद पड़े मार्ग को खोलने की कवायद शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नगर के नियोजित विकास और यातायात की सुगम व्यवस्था को लेकर महापौर विकास शर्मा के प्रयासों से निकट भविष्य में शहरवासियों को एक नए 'मिनी बाईपास' मार्ग की बड़ी सौगात मिलने जा रही है। इस योजना के धरातल पर उतरने से न केवल शहर की एक बड़ी आबादी का आवागमन सुगम होगा, बल्कि वर्षों पुरानी वह समस्या भी हल होगी जो फाइलों में दबी हुई थी। दरअसल, नैनीताल हाईवे से उद्यान विभाग होते हुए आदर्श कॉलोनी घास मंडी तक जो मार्ग दशकों से बंद पड़ा था, उसे अब जनहित में खोलने की प्रशासनिक कवायद शुरू हो गई है।

इस दिशा में ठोस कदम उठाते हुए महापौर विकास शर्मा ने राजस्व विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम के साथ स्वयं मौके पर पहुंचकर इस बंद पड़े मार्ग का गहन स्थलीय निरीक्षण किया और सर्वे की बारीकियों को समझा। महापौर ने मौके पर मौजूद नगर निगम के अधिकारियों और तहसील प्रशासन को सख्त लहजे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए कि इस मार्ग को खोलने की प्रक्रिया में आ रही सभी बाधाओं को तत्काल दूर किया जाए। ज्ञात हो कि नैनीताल हाईवे पीएसी के पास से उद्यान विभाग होते हुए आदर्श कॉलोनी घास मंडी तक जाने वाला यह मार्ग दशकों पहले आवागमन का मुख्य जरिया हुआ करता था, लेकिन समय के साथ यह मार्ग अवरुद्ध हो गया और वर्तमान में केवल सरकारी दस्तावेजों और फाइलों तक ही सीमित रह गया था। शहर के मुख्य मार्गों पर वाहनों का निरंतर बढ़ता दबाव और डीडी चौक पर लगने वाले भीषण जाम के मद्देनजर इस मार्ग को पुन: खोलने की मांग पूर्व में कई बार उठाई जा चुकी थी। इस गंभीर जनसमस्या पर महापौर विकास शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए तहस. ीलदार दिनेश कुटौला, राजस्व विभाग और नगर निगम की टीम को साथ लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजस्व विभाग के पुराने दस्तावेजों और मानचित्रों का मौके पर मिलान किया गया, ताकि मार्ग की भूमि की सटीक स्थिति स्पष्ट हो सके।

महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि इस मार्ग को खोलने की वैधानिक प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। महापौर विकास शर्मा ने आगे कहा कि इस मार्ग का सर्वे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के उस विजन का हिस्सा है जिसके तहत रुद्रपुर को एक आधुनिक और सुव्यवस्थित शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# खटीमा के 26 ग्रामों की जमीन खरीद-फरोख्त पर रोक

- सितारगंज-टनकपुर फोरलेन निर्माण की जद वाले ग्रामों पर लगी है रोक
- तहसीलदार ने राजस्व निरीक्षक को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सितारगंज से टनकपुर को जोड़ने वाले लगभग 52 किमी नेशनल हाईवे 125 (नया एन एच 9) को फोर लेन बनाने की तैयारी के चलते खटीमा के 26 ग्राम प्रभावित हैं। जिलाधिकारी नितिन भदोरिया के निर्देशन में इन ग्रामों की जमीनों की खरीद फरोख्त, रजिस्ट्री बैनामें व जमीन की प्रकृति में परिवर्तन करने पर रोक लगा दी गई है।

तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह सजवाण द्वारा जिलाधिकारी के निर्देशन में राजस्व निरीक्षक तहसील खटीमा/ बिगराबाग को निर्देश जारी कर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत 52.200 किमी तक के भाग में जमीन की खरीद फरोख्त, रजिस्ट्री बैनामे एवं भूमि के प्रकार परिवर्तन पर प्रतिबंध लगाने को कहा है।

तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह सजवाण द्वारा शासन के आदेशानुसार राजस्व निरीक्षक तहसीलदार खटीमा बिगराबाग को 26 ग्रामों की सूची जारी कर अनुपालन के निर्देश जारी किए हैं।

खरीद फरोख्त के लिए प्रतिबंधित ग्रामों में फोर लाइन निर्माण के लिए डीपीआर का कार्य प्रगति पर बताते हुए चौड़ीकरण होना बताया गया है। प्रतिबंध ग्रामों में तहसील के जरासु प्रतापपुर, जंगल जोगीठेर, भड़ा भुड़िया, सड़ा सड़िया, पहेलियां, सुजिया महोलिया, उमरुकला, नदन्ना, बिल्हैरी चकरपुर, गौहर पटिया, दो गाड़ी रेंज, उमरुखुर्द, बिगराबाग, किलपुरा रेंज, मुड़ेली, ऊंची महुवट, खटीमा रेंज, कुटरी फुल्लैया, झनकट, बानूसा, हल्दी, भैसहा (जमौर), कुमराहा तथा पचपेड़ा ग्राम सम्मिलित है।

# एनसीसी कैडेटों ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 79 यूके बटालियन एनसीसी सब यूनिट द्वारा एक दिवसीय आपदा प्रबंधन एवं न्यूनीकरण त्वरित राहत-बचाव कार्य एवं जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण डीडीएमए नैनीताल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

डीडीएमए नैनीताल के मास्टर ट्रेनर (खोज एवम बचाव) नवीन चंद्र एवं असिस्टेंट कंसल्टेंट सुमित जोशी द्वारा आपदा प्रबंधन की विभिन्न विधियों एवं उपकरणों का प्रशिक्षण दिया गया। एएनओ लेफ्टिनेंट (डॉ.) डीएन जोशी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र अंतर्गत विद्यमान और संभावित प्राकृतिक आपदाओं के विषय में जानकारी दी गई। आपदा के प्रकार, आपदा के दौरान और पश्चात की कार्यवाही के बारे में बताया गया। जिसमें आपदा से पूर्व तैयारी, सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के विषय में प्रशिक्षित किया गया साथ ही उपकरणों की जानकारी, इंप्रोवाइज स्ट्रेचर बनाना, प्राथमिक उपचार,आग से बचने के तरीके और बाढ़ से बचाव के तरीके आदि संबंधित जानकारी दी गई। इस दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम में एएनओ लेफ्टिनेंट (डॉ.) डी.एन.जोशी, डॉ.दीपक खाती, डॉ.सुभाष पोखरियाल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गोविन्द सिंह जंगपांगी, सीनियर अन्डर ऑफिसर विक्रम जलाल सहित एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

# सायंकालीन स्कूल का किया गया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** अपर शिक्षा निदेशक(माध्यमिक) एसपी सेमवाल द्वारा सांवल्दे पश्चिम में तीसरे ज्योतिबा फुले,सावित्रीबाई फुले सायंकालीन स्कूल का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन सत्र में 'सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित समुदाय की शिक्षा' पर अपनी बातचीत रखते हुए अपर शिक्षा निर्देशक ने कहा वंचित समुदायों की शिक्षा का सवाल सरकारी,सार्वजनिक शिक्षा की मजबूती से ही जुड़ा हुआ है।

सरकारी शिक्षा जितनी मजबूत होगी वंचित समुदायों को मिलने वाली शिक्षा उतनी ही मजबूत और बेहतर होंगी।उन्होंने कहा विगत 5 वर्षों से रचनात्मक शिक्षक मंडल की टीम सायंकालीन स्कूल की अवधारणा के साथ गरीब और वंचित समुदाय के बच्चों की शिक्षा के लिए जो प्रयास कर रही है यह अनुकरणीय तो है ही,साथ ही सरकारी शिक्षकों की ओर से किया जा रहा एक अभिनव प्रयोग है। भविष्य में इसकी गूंज बहुत दूर तक सुनी जाएगी। शिक्षक मंडल के संरक्षक प्रो गिरीश चंद्र पंत ने विगत पांच वर्षों में सायंकालीन स्कूल चलाने के अपने अनुभव को रखते हुए कहा कि स्कूल खोलने के शुरुआती दौर में कुछ समस्याएं जरूर आईं लेकिन अब स्कूल से जुड़े अभिवावकों और बच्चों को भी शिक्षा का महत्व समझ में आने लगा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजकीय शिक्षक संघ के मंडलीय अध्यक्ष डा. रविशंकर गुसाई ने संगठन द्वारा सार्वजनिक शिक्षा की बेहतरी के लिए किए प्रयासों पर बातचीत रखी। शिक्षक मंडल संयोजक नवेंदु मठपाल ने जानकारी दी कि इस सायंकाल. ीन स्कूल के माध्यम से इससे लगे हुए दस किलोमीटर क्षेत्र के दो हजार से अधिक बच्चों को शिक्षण के साथ साथ रोजगार के लिए प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। यहां नंदराम आर्य, डा. नंदन बिष्ट, सुनील नैनवाल, कंचन जोशी, सुभाष गोला, रमेश बिष्ट, सीपी खाती, महेंद्र आर्य, पुष्पा मठपाल, रितु बेलवाल, तुलसी बेलवाल, पंकज सती, कैप्टन एनडी पांडे, विनोद कुमार, सुमित कुमार, गिरीश पनेरू, दिनेश पांडे, प्रभात ध्यानी, पान सिंह नेगी, हेमचंद्र त्रिपाठी, लवीश बेलवाल, सुजल आर्य, प्रमोद जोशी आदि मौजूद रहे।

# जरूरतमंद लोगों को बांटे कंबल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कड़ाके की ठंड के मद्देनजर प्रशासन द्वारा असहाय एवं अति जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने की दिशा में सराहनीय पहल की गई। जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल के आदेश और उपजिलाधिकारी कालाढूंगी बिपिन चन्द्र पंत के निर्देश पर कालाढूंगी क्षेत्र में 50 अति जरूरतमंद व्यक्तियों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कालाढूंगी बिपिन चन्द्र पंत ने बताया कि प्रशासन एक ओर जहां निर्विवादित उत्तराधिकार जैसे मामलों में पटवारियों एवं राजस्व उप निरीक्षकों द्वारा रात्रि चौपाल का आयोजन कर आमजन को त्वरित न्याय एवं सुविधाएं प्रदान कर रहा है, वहीं दूसरी ओर कड़ाके की ठंड में असहाय लोगों को राहत देने के उद्देश्य से कंबल वितरण जैसे मानवीय कार्य भी निरंतर किए जा रहे हैं। इस दौरान राजस्व उप निरीक्षक ताराचंद्र घिल्डियाल सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# आईटीबीपी 19वें स्थापना दिवस पर प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित



शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** आईटीबीपी की 36वीं में 19वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा की गई। प्रतियोगिताओं के निर्णायक द्वितीय कमांड अधिकारी बेगराज मीणा, सहायक सेनानी गौरव कुमार एवं महेश पारिक द्वारा विजेताओं के नाम घोषित किए गए। स्टॉल प्रदर्शन प्रतियोगिता में ऑफिसर्स फैमिली स्टॉल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अधीनस्थ स्टाफ फैमिली और अब्दुल स्टॉल संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे।

कंपनी स्तर पर आयोजित स्टॉल प्रतियोगिता में प्रबंधक कंपनी को श्रेष्ठ घोषित किया गया। महिला वर्ग में आयोजित म्यूजिकल गिलास रेस में हवलदार सनम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि शीतल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में बटालियन कमांडेंट संजय कुमार एवं चीफ पैट्रन श्रीमती अनुराधा सिंह ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी वर्गों के प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

# ग्रामीणों को मिली एक ही छत के नीचे सभी सेवाएं

- विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की दी गई जानकारियां
- 1036 लोगों ने लिया शिविर का लाभ



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार शिविर न्यायपंचायत- पूरनपुर विकासखण्ड- जसपुर, के पंचायतघर पूरनपुर में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। शिविर में समाज कल्याण, पूर्ति विभाग, श्रम, जिला उद्योग, उरेडा, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, कृषि, पशुपालन, डेरी, आदि कुल 27 विभागों के स्टाल लगाये गये। शिविर में कुल 34 विभागों के अधिकरी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में आधार केन्द्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र, ब्लड सेम्पल, चेस्ट एक्सरे, एवं अन्य सुविधायें हेतु चिकित्सकों की टीम उपस्थित रही। शिविर में कुल 1036 व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें 57 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमे से 10 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।

क्षेत्रीय विधायक आदेश सिंह चौहान कहा कि जनता शिविर में विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों पर जाए व योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि लोगों को योजनाओं के बारे में पूरी जानकारी दें ताकि अधिक से अधिक लोग योजनाओं का लाभ ले सकें। दर्जा मंत्री मुकेश कुमार, पूर्व विधायक डा. शैलेन्द्र मोहन सिंघल व जिलाध्यक्ष मनोज पाल ने कहा कि जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए शिविर में प्राप्त शिकायतों व समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जाए। अपर जिला. शिकारी पंकज उपाध्याय ने कहा कि जन जन की सरकार जन जन के द्वार शिविर आई समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने निर्देश अधिकारियों को दिए।

शिविर में ब्लाक प्रमुख अनूप कौर, नप्रीत सिंह लाडी, राजकुमार चौहान, विमल कुमार, चिरनजीत सिंह चन्नी, नईम अहमद, सन्नी प्रधान, विनीत चौहान, प्राशीष विश्नोई, सुरेन्द्र चौहान, मृदुला सागर, दिलशाद शाह, महेश सिंह, ईलमा परवीन, रिंकी, नीशु, सीमा देवी, आरती, कार्यक्रम के नोडल/सहायक निदेशक डेरी राजेन्द्र सिंह चौहान, तहसीलदार दलीप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व जनता मौजूद थे।

## एक नजर

### विधायक ने किया टाइल्स रोड निर्माण का लोकार्पण

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान ने जसपुर वार्ड नंबर 10 में अपनी विधायक निधि से 10 लाख की लागत से निर्मित टाइल्स रोड निर्माण का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक आदेश चौहान, जसपुर कांग्रेस नगर अध्यक्ष इफ्तिखार बबलू, कांग्रेसी नेता मोइनुद्दीन मजनू, राहुल चौहान, राशिद अली समेत दर्जनों की संख्या में मोहल्ले वासी/जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



### बसंत पंचमी पर हवन पूजन कर मांगा आशीर्वाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** रामकुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर वीर हकीकत राय बलिदान दिवस एवं सुभाष चन्द्र बोस जयंती का कार्यक्रम मनाया गया।



बसंत पंचमी देश का प्रमुख सांस्कृतिक धार्मिक ऋतु परिवर्तन ज्ञान, विज्ञान व कला की देवी मां सरस्वती की आराधना से जुड़ा पर्व है। बसंत पंचमी के अवसर पर विद्यालय पर हवन पूजन विद्यालय के आचार्य एवं ज्योतिषाचार्य त्रिलोचन जोशी द्वारा किया गया। मुख्य यजमान की भूमिका में विद्यालय के प्रधानाचार्य भगत सिंह बोरा ने सपत्नीक शोभा बोरा के साथ रहे। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य शिशु मंदिर शेर सिंह, पवन कुमार सहायक अध्यापक सहित विद्यालय की छात्र-छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य बोरा एवं यहां मौजूद अन्य यजमानों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम पीताम्बर पीले वस्त्र धारण कर सभी लोगों ने हवन के माध्यम से बुद्धि, विवेक, सद्बुद्धि व सफलता का आशीर्वाद मांगा।

# विधायक ने किया नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आदम कद कास्य प्रतिमा का किया अनावरण

- विधायक बोले देश के महान क्रांतिकारियों का सम्मान मेरी पहली प्राथमिकता

शाह टाइम्स संवाददाता

**दिनेशपुर।** आजाद हिंद फौज के संस्थापक 'तुम मुझे खून दो मै तुम्हे आजादी दूंगा' के नारे से सम्पूर्ण भारत में आजादी की अलख जगाने वाले भारत के वीर सपूत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129 वीं जयंती के अवसर पर बसंतीपुर मे विधायक शिव अरोरा ने सुभाष चंद्र बोस की आदम कद भव्य कास्य प्रतिमा का किया अनावरण व माल्यार्पण कर वीर सपूत नेताजी को किया याद। वहीं मूर्ति अनावरण से पूर्व विधायक अरोरा ने पूर्ण विधि विधान के साथ मंत्र उच्चारण कर हवज यज्ञ किया।

विधायक अरोरा ने कहा बसंतीपुर मे राजकीय प्राथमिक विद्यालय के समीप नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक को भव्य आकार देने व आदम कद कास्य प्रतिमा स्थापना को लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस आयोजन समिति व आस पास के सभी गांववासियों ने यह मांग रखी थी। विधायक ने कहा शहीदों और देश के लिए अपना बलिदान देने वाले महान योद्धाओं शूरवीरों का सम्मान हमारी प्राथमिकता है, उनके स्मारक स्थल भव्य नजर आएं इसको देखते हुए उन्होंने जिला योजना के अन्तर्गत पर्यटन विभाग से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आदम कद भव्य कास्य प्रतिमा व स्मारक



सौंदर्यीकरण के कार्य को करवाने का कार्य किया।

इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर भव्य सांस्कृतिक देशभक्ति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति स्कूली बच्चों द्वारा दी गई। इस दौरान दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, पूर्व मंडी चेयरमैन के के दास, विजय मंडल, तरुण दत्ता, प्रीत ग्रीवर, जगदीश विश्वास, सिकदार, अमित नारंग, हरीश भट्ट, आयुष चिलाना, राजीव शुक्ला, राजेश तिवारी, पवित्रो, जगजीत घूमन्न, मयंक कक्कड़, मनोज मदान, कौशल विश्वास, पंकज सरदार, अर्जुन कुमार, कुलदीप चंद्र, रमेश कन्याल, प्रभात स्वर्णकार, अजितेश पाइक, अमृत मंडल, सुरजीत, मनमोहन वाधवा, नंदू राय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# दबंगों ने घरों पर किया पथराव, दो की हालत गंभीर

- चौकी पुलिस के खिलाफ लोगों में भड़का रोष



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** मौहल्ला रम्पुरा वार्ड 22 में गुरुवार की रात्रि पूर्व में रम्पुरा पुलिस चौकी में शिकायत करने से खफा कुछ दबंगों ने अपने घरों की छतों से आस पास के अनेक घरों पर पथराव के साथ शराब की बोतलें बरसाकर जमकर दहशत फैलाई। जिससे कई लोगों को चोंटें भी आ गई जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। मामले की सूचना मिलने पर चौकी पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे, लेकिन उनके द्वारा आरो. पियों को न पकड़ने से लोगों में काफी रोष दिखाई दिया। जिसके बाद आज शुक्रवार प्रात: अनेक लोग मामले की शिकायत लेकर विधायक के आवास पहुंचे और उन्हें सारे मामले से अवगत कराया। विधायक ने तत्काल पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बताया जाता है कि मौहल्ले के कुछ युवक आए दिन महिलाओं से छेड़छाड़ करते हैं। इसकी शिकायत लेकर कुछ महिलाएं बीते दिनों रम्पुरा चौकी गई थीं। जहां उन्होंने आरोपी युवकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। महिलाओं का आरोप है कि पुलिस ने युवकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, जिससें उनके हौसले बढ़ गए। बताया जाता है कि गुरूवार की रात्रि उन दबंग युवकों ने अपने घरों से आस पास के घरों पर पथराव शुरू कर दिया और शराब की खाली बोलतें फेंकी। कई ईंट पत्थर लोगों के घरों के अन्दर आकर गिरे जिससे गौतम, प्रताप कोली, संजय कोली व खुशी आदि लोगों को चोटें आ गई। जिनमें प्रताप की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। सभी को उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। पथराव के दौरान बाहर खड़ा एक वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी मौके पर तो आए, लेकिन उनके द्वारा आरोपी युवकों को न पकड़ने से लोगों में गुस्सा और भड़क गया। उनका कहना था कि अगर पुलिस ने पहले ही इन युवकों के खिलाफ कार्रवाई की होती तों ऐसी नौबत नहीं आती। प्रात: अनेक लोग मामले को लेकर विधायक शिव अरोरा के आवास पहुंचे जहां उन्होंने पुलिस की शिकायत की।

जिस पर शिव अरोरा ने तत्काल पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मौहल्ले में सुबह तक जगह जगह लोगों के घरों के अन्दर व छतों पर पत्थर बिखरे हुए दिखाई दे रहे थे।

### श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** सिटी वन कॉलोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर कथा श्रवण किया और आयोजन समिति - की सराहना की।



समापन समारोह के दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन को सही दिशा देने का कार्य करती है और समाज में सद्भाव व नैतिक मूल्यों को मजबूत करती है। इस अवसर पर अजय नारायण, राजेश ग्रोवर, संजय ठुकराल, ललित बिष्ट, आनंद शर्मा, शिवकुमार, शिबू, राजवीर नहरा, नरेंद्र त्यागी, संजय राय, निरंजन सिंह, ओमवीर सिंह और संदीप यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया गया और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# कार से 240 लीटर शराब बरामद, एक दबोचा



शाह टाइम्स संवाददाता

**गूलरभोज।** गूलरभोज चौकी पुलिस ने आल्टो कार से 240 लीटर कच्ची शराब बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा। प्रभारी निरीक्षक गदरपुर की अगुवाई में गूलरभोज चौकी पुलिस ने गुरुवार की रात मुखबिर की सूचना पर कॉलोनी नंबर दो तिराहे में हरिपुरा जलाशय डैम कट के पास से एक अल्टो कार के अंदर 240 लीटर कच्ची शराब बरामद की। अभियुक्त होशियार सिंह पुत्र इन्दर सिंह निवासी ग्राम ककराला डैम पार गूलरभोज को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक, चौकी प्रभारी दीवान सिंह बिष्ट, दयाल गिरी, लक्ष्मण कुमार रहे।

# देवभूमि की देवत्व परंपरा को सशक्त करने की पहल

- मंदिरों को भजन-पूजन सामग्री किट की गई भेंट



शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** देवभूमि उत्तराखंड में सनातन धर्म की ध्वज पताका फहराते हुए पूरे देश में सुख शांति और समृद्धि की कामना के साथ उनके द्वारा यहां के सभी मंदिरों से भजन कीर्तनों गूंज प्रवाहित करने की एक सराहनीय पहल कि गई है। इसी भाव को आगे बढ़ाते हुए लोहाघाट के प्रसिद्ध रिशेश्वर महाद. व मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन को सहज और प्रभावी बनाने हेतु पूजन सामग्री, आसान भजनों की पुस्तक एवं संगीत से जुड़ी सामग्री का किट भेंट किया जा रहा है।

बसंत पंचमी के पावन अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने मुख्यमंत्री की ओर से लोहाघाट नगर क्षेत्र के प्रसिद्ध रिश्वेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर जनपदवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। इस दौरान पूजा सामग्री एवं संगीत किट भगवान शिव के पुजारी लक्ष्मण सिंह एवं महंत रमेश गिरी को सौंपा गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि "भक्ति में शक्ति और प्रार्थना में संगीत का विशेष महत्व है। जब भजन और साधना के स्वर गूंजते हैं, तब व्यक्ति स्वयं को ईश्वर में समर्पित कर देता है और उसके आचार-विचार एवं संस्कार सकारात्मक दिशा में परिवर्तित होते हैं।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता सतीश चंद्र पांडे ने शंखनाद कर पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान कर दिया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, भाजपा प्रदेश मंत्री निर्मल मेहरा, अनिल जोशी, मनोज कापड़ी, लक्ष्मण सिंह बिष्ट, बीडीओ अशोक अधिकारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### स्मैक के साथ एक आरोपी दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** कोतवाली पुलिस ने अवैध स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया।



नशा मुक्त देवभूमि अभियान के तहत पुलिस क्षेत्राधिकारी खटीमा के निर्देशन में गुरुवार को उप निरीक्षक किशोर पंत द्वारा पुलिस टीम के साथ चलाए जा रहे चेकिंग अभियान में ग्राम टुकड़ी, थाना नानकमत्ता निवासी कुलदीप सिंह पुत्र जोगेंदर सिंह को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 3.04 ग्राम अवैध स्मैक तथा स्मैक परिवहन में प्रयुक्त एक बजाज प्लैटिना मोटरसाइकिल बरामद की गई। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ थाना खटीमा पर एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। आपको बता दें कि स्मैक की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरुद्ध पुलिस का अभियान लगातार जारी है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक किशोर पंत, कांस्टेबल नवीन रजवार तथा नवीन चंद शामिल रहे।

# डीएम की चौपाल से मिल रही ग्रामीणों बड़ी राहत



शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** जिलाधिकारी मनीष कुमार की त्वरित निर्णय क्षमता और जन-केंद्रित कार्यशैली आम लोगों के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आ रही है। जिलाधिकारी का स्पष्ट मानना है कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक उनकी मौजूदगी में पहुंचना चाहिए। इसी उद्देश्य के तहत वे प्रतिदिन लगभग 14 घंटे जनसेवा को समर्पित कर रहे हैं। समय की कमी के बावजूद वे अब ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं।

बसंत पंचमी के अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार कठाण एवं कमेला गांव पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाकर उनकी समस्याओं से सीधे संवाद किया। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल संकट की समस्या रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने मौके से ही जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव में शीघ्र शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्या का त्वरित निराकरण ही प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। ग्रामीणों की मांग पर गांव में नया आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित करने के भी निर्देश दिए गए। चौपाल के दौरान आय प्रमाण पत्र के लिए परेशान काश्तकार केशव दत्त एवं कुंती देवी की समस्या का तत्काल समाधान किया गया, जिसे ग्रामीणों ने प्रशासन के लिए वरदान बताया। वहीं जन्म प्रमाण पत्र के अभाव में पेंशन से वंचित पार्वती देवी को हाथों-हाथ प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया, जिससे वह भावुक होकर जिलाधिकारी को धन्यवाद देती नजर आईं।

# नेताजी की जयंती व वसंत पंचमी पर लगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

- 28 यूनिट रक्त किया गया संग्रहित




शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं वसंत पंचमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को आध्यात्मिक चेतना संस्थान, बाजपुर के तत्वावधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में कुल 28 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो जरूरतमंदों के लिए जीवनदायी सिद्ध होगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जोरावर सिंह भुल्लर ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर किसान नेता जगतार सिंह बाजवा, मेजर सिंह, सुखजीत सिंह, राजेन्द्र बेदी, पीटर मार्शल, सरदार तेजवीर सिंह पूनिया, अखिलेश शास्त्री, अरुण शास्त्री, राज किशोर, सुनील पाठक सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिविर के आयोजन में ज्ञानदीप ग्लोबल स्कूल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय के चेयरमैन सुरेन्द्र काहलो, मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक काहलो, डायरेक्टर राजेन्द्र कौर, प्रधानाचार्य भुवन कांडपाल , विद्यालय का समस्त स्टाफ, सामाजिक कार्यकर्ता अभिजीत पूनिया, दानिश, निशित, सोनिया अग्रवाल, मिठाई लाल,विजय कुमार यादव सहित अनेक विशिष्टजन मौजूद रहे।

सेवा चैरिटेबल ब्लड बैंक, बाजपुर की टीम ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आरके रोशन एवं मनोज राजहंस का विशेष योगदान रहा, जिनके प्रति डॉ. सौरभ परमार ने आभार व्यक्त किया। अंत में डॉ. सौरभ परमार ने ज्ञानदीप ग्लोबल स्कूल के समस्त स्टाफ, बाहर से पधारे सभी अतिथियों एवं रक्तदाताओं का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बसंत पंचमी के उपलक्ष्य पर विद्यार्थियों ने किया सामूहिक यज्ञ



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म मे बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर एक सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की बोर्ड कक्षाओं के समस्त विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। निरंतर 22 वर्षों से विद्यालय में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य पर इस सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया जाता रहा है। जिसका प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्कार व संस्कृति से परिचित कराना है। यज्ञ जैसे अनुष्ठानों से विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष आती प्रज्वलित कर व मंत्रोच्चारण से किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चंद्र भट्ट ने बताया कि विद्यालय के प्रथम वर्ष से ही बसंत पंचमी के उपलक्ष्य पर इस सामूहिक यज्ञ का आयोजन होता चला आया है। उन्होंने मां सरस्वती से सभी पर अपनी कृपा बनाए रखने हेतु प्रार्थना की। उन्होंने बताया कि पूजा मन को शांति देती है और आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनाती है। पूजा करने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और जीवन में शुभता आती है। इस तरह की पूजा विधान से विद्यार्थियों के मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरू, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, सुरेश ओली, गिरीश जोशी, हरीश भट्ट, अशोक जोशी, केशव जोशी, भरत बिष्ट, रमेश जोशी, पूरन पांडेय, मनोज जोशी, सुरेंद्र रावत, विक्रम नाथ, गायत्री भट्ट, ऊषा भट्ट, हेमलता बोरा, कल्पना चंद, ऊषा चौसाली, राहुल कुमार, केशव जोशी, विजय कुमार, डॉ.बलवंत ऐरी, कपिल गंगवार, कुमुद वर्मा व विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# धान खरीद में फर्जीवाड़ा, व्यापारियों का धान खरीदा, किसानों को नुकसान

शाह टाइम्स संवाददाता

**सितारगंज।** कृषि उत्पादन मंडी समिति सितारगंज में धान खरीद में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा सामने आया है। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के ब्लॉक अध्यक्ष गुरसाहब सिंह गिल ने उपजिलाधिकारी सितारगंज के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड को भेजे गए ज्ञापन में आरोप लगाया है कि ब्लॉक स्तर पर लगाए गए 6 धान क्रय केंद्रों पर किसानों का धान तौलने के बजाय व्यापारियों का धान फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खरीदा गया, जिससे सैकड़ों किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। ज्ञापन में कहा गया है कि किसानों को जानबूझकर तौल प्रक्रिया से बाहर रखा गया, जबकि क्रय केंद्रों पर बड़े पैमाने पर अनियमित खरीद की गई। इस कथित फर्जीवाड़े से क्षेत्र में किसानों में जबरदस्त आक्रोश है। भाकियू (अराजनैतिक) ने मांग की है कि सभी धान क्रय केंद्रों पर हुई खरीद की उच्चस्तरीय व निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा जांच समिति में किसान यूनियन के पदाधिकारियों को भी शामिल किया जाए, ताकि ग्रामवार किसानों के धान की वास्तविक खरीद का खुलासा हो सके। संगठन ने साफ चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो मजबूरन धरना-प्रदर्शन व व्यापक आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन व सरकार की होगी।

# नैनीताल में मौसम का पहली बर्फबारी

## ऊंची चोटियों पर हिमपात, सैलानियों ने जमकर उठाया आनंद

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** आखिरकार लंबे समय के इंतजार के बाद ठीक बसंत पंचमी जैसे पवित्र दिन पर नैनीताल में स्थानीय लोगों तथा देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे पर्यटकों की प्रकृति ने बर्फबारी कर उनकी मनमांगी मुराद को पूरा कर दिया। नगर की नैनापीक समेत अन्य ऊंची चोटियों में जमकर बर्फबारी हुई लेकिन निचले स्थानों में बर्फबारी के बाद बारिश होने से बर्फ नहीं टिक पायी। नैनीताल में बर्फबारी होने की सूचना मिलने के बाद देश के विभिन्न शहरों से लोगों का नैनीताल आने का क्रम भी शुरु हो गया है। बता दें नैनीताल में सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे दोपहर तक कुछ देर के लिए कभी कभार हल्की धूप के दीदार भी हुए लेकिन उसके बाद आसमान बादलों से घिर गया। अपराह्न एक बजे के बाद बारिश के साथ ही हल्के हिमकण गिरने का क्रम शुरु हो गया था, जो लगभग तीन बजे तक रहा। मौसम के बदले मिजाज को देखकर सभी को लग रहा था कि अब नगर में मौसम का पहला हिमपात होगा। शाम को चार बजे के बाद नगर में बर्फबारी शुरु हो गयी जो बर्फबारी नगर की ऊंची चोटियों नैनापीक, अयारपाटा, किलबरी, पंगूट, स्नोव्यू, हिमालय दर्शन समेत अन्य ऊंची चोटियों में अधिक हुई। नगर के निचले हिस्सों में भी बर्फबारी हुई लेकिन बर्फबारी के बाद बारिश होने के चलते निचले क्षेत्रों में बर्फबारी टिक नहीं पायी। स्थानीय लोग तथा नैनीताल पहुंचे देश के विभिन्न शहरों के पर्यटक वीकेंड मनाने के लिए नैनीताल पहुंचे थे वह भी बर्फबारी के बाद सीधे नगर के हिमालय दर्शन, किलबरी, अयारपाटा समेत अन्य ऊंची चोटियों में बर्फबारी के दीदार करने को निकल पड़े। जीआईसी स्थित मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक दिनभर में 18 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गयी।









### जिले के मोटर मार्ग खुलने से राहत

**नैनीताल।** अकसर बर्फबारी के बाद जिले के पहाड़ी क्षेत्रों में अधिक बर्फबारी होने से मोटर मार्ग बंद हो जाया करते हैं लेकिन शुक्रवार को हुई बर्फबारी के बाद फिलहाल ऐसा नहीं हुआ है। रात को 7 बजे तक जिला आपदा कंट्रोल रूम में फोन किया गया तो पता चला कि जिले के कोई मोटर मार्ग बर्फबारी की वजह से बंद नहीं हैं अलबत्ता रामगढ़ व गागर आदि क्षेत्रों में लगातार हो रही बर्फबारी की वजह से फिसलन बढ़ गयी है वाहन रुक-रुक कर जा रहे हैं।

# बसंत पंचमी पर 32 बटुकों का हुआ उपनयन संस्कार

### बसंत पंचमी पर श्रीराम सेवक सभा में आयोजन



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल की प्राचीनतम धार्मिक एवं सामाजिक संस्था श्री राम सेवक सभा द्वारा शुक्रवार को बसंत पंचमी के विशेष मौके पर सभा भवन में सामूहिक उपनयन संस्कार जनेऊ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पूर्व पंडित भगवती प्रसाद जोशी द्वारा विधि विधान से पूजन कर बटुकों को दीक्षा ज्ञान दिया जिससे बटुक अपनी धार्मिक जिम्मेदारियों के साथ सामाजिक एवं लक्ष्य समाज सके।

मुंडन के बाद कारण वेद छेदन संपन्न हुआ तथा बटुकों ने भिक्षा मांगी। मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान पूर्ण हुआ। पंडित घनश्याम जोशी ने भी धार्मिक अनुष्ठान में सहयोग किया। इस अनुष्ठान में 32 बटुक शामिल हुए जिन्हें उपनयन संस्कार के साथ पंडित जी द्वारा गायत्री मंत्र का पाठ सिखाया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी को भोजन कराया गया। जिन बटुकों का उपनयन संस्कार किया गया उनमें शिवम, अनुभव, सुयश साह, गौरांग बिष्ट, लक्ष्य पाठक, मुदित पाठक, दक्ष बिष्ट, कृष्ण बिष्ट तथा विक्रांत भट्ट, रुद्रांश जोशी, युवराज बिष्ट, नमन मेहरा, जयंत कुमार, लक्ष्य, गर्वित नेगी, नीरज रावत, जगदीश प्रसाद, गौतम कुमार, पंकज कुमार, नमन साह, पंकज पलड़िया, नमन पांडे, रक्षित जोशी, सूरज रावल, विजय पांडे, दीपक पांडे, संजय कुमार, अजय कुमार, कार्तिक, गर्वित, दिव्यांश बिष्ट, हार्दिक साह, शिवांक कुमार तथा आदित्य कुमार शामिल रहे। श्री राम सेवक सभा परिवार की तरफ से सभा के संरक्षक घनश्याम साह, अध्यक्ष मनोज साह, महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी समेत अशोक साह, राजेंद्र बिष्ट, विमल साह, बिमल चौधरी, देवेंद्र लाल साह, मोहित लाल साह, भुबन बिष्ट, हीरा रावत, ललित साह तथा गोविंद सिंह का विशेष योगदान रहा। शाम को होली गायन का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें नरेश चम्याल, सतीश पांडे व रक्षित साह ने होली में श्रृंगार शामिल कर होली का रंग बिखरे।

## केंद्रीय विद्यालय में पितामह और मातामह समारोह

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय भीमताल में शुक्रवार को पितामह और मातामह समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों के दादा-दादी और नाना-नानी को विशेष रुप से आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में अपने बुजुर्गों के प्रति सममान, प्रेम और संस्कारों की भावना को विकसित करना था। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और स्वागत नृत्य से हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने कव्वाली, नृत्य और गायन प्रस्तुत किएए जिनमें दादा-दादी के महत्व को दर्शाया गया। बच्चों ने अपने दादा-दादी के साथ अपने अनुभव साझा किए जिसे सभी ने बहुत सराहा। कुछ खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं जिनमें दादा-दादी और पोते पोतियों ने मिलकर भाग लिया। इससे कार्यक्रम और भी आनंदमय बन गया। विद्यालय की ओर से सभी दादा-दादी को सम्मान स्वरूप स्मृति चिह्न भेंट किए गए। अंत में प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने सभी का धन्यवाद किया और कहा कि दादा-दादी हमारे जीवन की अमूल्य धरोहर हैं, जिनसे हमें संस्कार और जीवन मूल्य मिलते हैं। यह कार्यक्रम सभी के लिए यादगार और भावनात्मक रहा।

## अल्मोड़ा: गायत्री प्रज्ञा पीठ में हुए यज्ञोपवीत संस्कार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** ऋतुराज वसंत के आगमन की प्रतीक वसंत पंचमी शुक्रवार को



हर्षोल्लास के साथ मनाया। लोगों ने मंदिरों व घरों में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। देवताओं को पकवान, मिष्ठान और जों चढ़ाए। लोगों ने एक दूसरे को वसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं। वहीं, कई स्थानों पर लोगों ने स्थानीय नदियों में आस्था की डुबकी भी लगाई। वसंत पंचमी पर्व पर सुबह से मंदिरों में भीड़ रही। लोगों ने मंदिरों में पूजा-अर्चना कर खुशहाली की कामना की। घरों की देहरी, चौखट पर भी गाय के गोबर से जौ के पौधे चिपकाए गए। वहीं, बुजुर्गों ने बच्चों को जौ लगाकर आशीर्वाद दिया। बहनों ने भाइयों को जौ लगाकर उनके सुखी जीवन की कामना की। लोगों ने जीत वस्त्र पहनकर ऋतुराज वसंत का स्वागत किया। वहीं, नगर के चितई, नंदा देवी, पालाल देवी, कसार देवी, जागेश्वर, दूनागिरी मंदिर में लोगों की भीड़ रही। नगर के लिंक रोड स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ थपलिया में बच्चों के कर्णभेद, मुंडन व जनेऊ संस्कार कराए गए। यहां गायत्री परिवार के भीम सिंह अधिकारी, पूरन चंद्र काण्डपाल, प्रेमा काण्डपाल, प्रदीप जोशी, मोहन चंद्र पांडे, बलवंत कुमार, हरीश बिष्ट, गीता जोशी, मंजू बोरा, मंजू जोशी, इंद्रा गनघरिया आदि ने संस्कार कराए। वसंत पंचमी के मौके पर एसएसजे परिसर अल्मोड़ा के प्रांगण मां सरस्वती की प्रतिमा व उनके आस-पास सफाई की गई। इस मौके पर मां सरस्वती को नए वस्त्र व आभूषणों से सजाया गया। इसके साथ ही विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। यहां परिसर निदेशक प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट, नीरज कनवाल, जयवीर नेगी समेत परिसर स्टाफ मौजूद रहा।

# बारिश के चलते जंगल में आग लगने का खतरा कम हुआ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल व आस पास के क्षेत्र में बारिश होने से जंगलों में आग लगने का खतरा कम हुआ है। बारिश के बाद वन विभाग ने भी राहत की सांस ली है। बता दें कि बरसात के बाद बारिश नहीं होने से क्षेत्र के जंगलों में आग लगने का खतरा बढ़ गया था। जिसके चलते वन विभाग जंगलों को आगामी संभावित आग से बचाने की कोशिशों में जुट गया था। लेकिन उसके बाद भी क्षेत्र के जंगल में कई स्थानों पर आग लगने की घटनाएं हुई। शुक्रवार को भी खुर्पाताल क्षेत्र के जंगल में आग लग गई थी। लेकिन दोपहर से हो रही बारिश से आग बुझ गई। वहीं बारिश के बाद जंगल में आग लगने का खतरा भी कम हो गया है। जिसके चलते वन विभाग ने राहत की सांस ली है। वह क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि बारिश से जंगलों में आग लगने का खतरा कुछ दिनों टल गया है। साथ ही पानी के स्रोतों व गध. ेरों के लिए भी बारिश लाभदायक रहेगी। जिससे वन्य जीवों को भी राहत मिलेगी।

## नैनीताल में बिजली के पोल और जनरेटर में लगी आग

**नैनीताल।** नैनीताल में बिजली के पोल व जनरेटर में आग लगने से हडकंप मच गया। दमकल की टीम ने आग पर काबू पाकर आग को फैलने से बचाया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मल्लीताल आयारपाटा क्षेत्र में बिजली के पोल में आग लग गई। वहीं आईसीसीसी बैंक के जनरेटर में आग लगने की सूचना भी दमकल को मिली। सूचना पर दमकल की टीम ने मौके पर पहुंच कर मोर्चा संभाला। एफ एसओ देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि एस्टिंगयूशर की सहायता से आग को पूर्ण रूप से बुझाया गया। गनीमत रही कि बड़ा हादसा नहीं हुआ।

UTTARAKHAND POWER CORPORATION LTD
Electricity Distribution Division
Almora
Tel. No. 05962-230114.
Fax. No. 05962-233225

उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लि0
विद्युत वितरण खण्ड
अल्मोड़ा
दूरभाष : 05962-23011
फैक्स न0 : 05962-233225

पत्रांक 183 वि0वि0ख0(अ0)/विज्ञापन प्रकाशन/2025-26 दिनांक 23/01/2026

निविदा प्रकाशन सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा विद्युत निरीक्षक उत्तराखण्ड शासन, हल्द्वानी से पंजीकृत/अनुभवी/प्रतिष्ठित ठेकेदारों/से. जो उत्तराखण्ड विद्युत सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत ए- श्रेणी में पंजीकृत के साथ-साथ जी0एस0टी0, ई0पी0एफ0 विभाग तथा आयकर में पंजीकृत हो, निम्न विवरणानुसार कार्य सम्पादन हेतु पृथक-पृथक मुहरबन्द निविदायें दो भागों में, विद्युत निरीक्षक उत्तराखण्ड शासन पंजीकृत प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0, आयकर, व ई0पी0एफ0 पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा एवं द्वितीय भाग में कार्य की दरें होंगी। निविदा प्रथम भाग में वॉछित प्रमाण पत्र न होने की स्थिति में निविदा द्वितीय भाग नहीं खोला जायेगा। दरो की वैधता के लिए रू0 10.00 का नान ज्यूडिसिएल स्टाम पेपर में प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा। निविदा दिनांक 13.02.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो सम्बन्धित निविदादाताओं द्वारा निर्धारित समय पर अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में रखे निविदा बॉक्स में डाली जायेंगी तथा उसी कार्य दिवस में 15:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि को यदि सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर नियत समय पर खोली जायेगी।

निविदा संख्या 26/2025-26 विद्युत वितरण खण्ड अल्मोड़ा के अंतर्गत उपखण्ड द्वितीय के अधीन जमा मद में श्री शेर सिंह ग्राम कृतीगाड़, ताकुला के परिसर से एल0टी0 विद्युत लाइन को तथा ग्राम सरीयापानी में एस0डी0आर0एफ0 के नये भवन के निर्माण हेतु एल0टी0 लाइन को स्थानान्तरित किये जाने का कार्य मय विकेन्द्रीकृत सामग्री कय किये जाने का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 2100.00। निविदा कय मूल्य रू0 118.00 मात्र।

निविदा संख्या 27/2025-26 विद्युत वितरण खण्ड अल्मोड़ा के अंतर्गत उपखण्ड प्रथम के अधीन जमा मद में ICR-VPKS के समीप से गुजर रही एल0टी0 विद्युत लाइन को स्थानान्तरित किये जाने का कार्य मय विकेन्द्रीकृत सामग्री की आपूर्ति सहित किया जाना।धरोहर धनराशि रू0 5300.00। निविदा कय मूल्य रू0 295.00 मात्र।

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"
"विद्युत बिलो के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ"
"उपभोक्ता टौल फी नम्बर 18004190405 में अपनी शिकायत दर्ज करायें।"

अधिशासी अभियन्ता

# ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय हैकाथॉन हैक द विंटर द सेकेंड वेव एंग्री बर्ड्स एडिशन का भव्य समापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

भीमताल। ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल कैंपस में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के 24 घंटे के हैकाथॉन हैक द विंटर द सेकेंड वेव एंग्री बर्ड्स एडिशन का औपचारिक समापन एक गरिमामय व सुव्यवस्थित एवं अकादमिक वैलिडिटरी सत्र के साथ किया गया। समापन समारोह में नवाचार व सहयोग और अनुभवात्मक शिक्षण की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। हैकाथॉन में देशभर से व्यापक सहभागिता देखने को मिली। भारत के 266 विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया जिनमें 7 आईआईटी व 3 आईआईआईटी समेत कई एनआईटी तथा देश के अन्य प्रमुख तकनीकी संस्थान शामिल रहे। 24 घंटे तक लगातार चले इस हैकाथॉन में प्रतिभागी टीमों ने पूरी रात मेहनत करते हुए वास्तविक जीवन से जुड़ी समस्याओं के व्यावहारिक समाधान विकसित किए। वैलिडिटरी सत्र के दौरान ऑनलाइन स्क्रीनिंग राउंड से लेकर अंतिम इंपैट जोन तक की बहुस्तरीय चयन प्रक्रिया की संक्षिप्त जानकारी दी गई। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण आधिकारिक हैकाथॉन वेबसाइट में शामिल किया गया छिपा हुआ इंटरैटिव गे रहा जिसने पूरे आयोजन के दौरान प्रतिभागियों में उत्सुकता और सक्रिय सहभागिता बनाए रखी। इसके पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। आईआईआईटी सोनीपत की टीम स्वस्तिक ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए 1.3 लाख मूल्य के आईपैड्स जीते। दिल्ली टेनोलॉजिकल यूनिवर्सिटी की टीम प्रोडिजीज़ प्रथम उपविजेता रही और उसे 60 हजार का नकद पुरस्कार प्रदान किया गयाए जबकि एनआईटी दुर्गापुर की टीम साश्वत ने द्वितीय उपविजेता का स्थान प्राप्त कर 30 हजार का नकद पुरस्कार जीता। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट व्यक्तिगत प्रदर्शन के लिए 10 हजार का टॉप इंडिविजुअल परफॉर्मेंस अवॉर्ड भी प्रदान किया गया।

आयोजन में योगदान देने वाले मेंटर्स, जजेज तथा सहयोगी संस्थानों तथा आयोजन समिति के सदस्यों को स्मृति चिह्न भेंट कर समानित किया गया। छात्र नेतृत्व वाली आयोजन टीम और स्वयंसेवकों की भूमिका की भी विशेष सराहना की गई, जिनके प्रयासों से आयोजन सभी चरणों में सफल रहा। अपने समापन संबोधन में ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल कैंपस के निद. ेशक प्रो (कर्नल) एके नायर (सेवा. निवृत) ने हैकाथॉन की सफ लता के लिए सभी प्रतिभागियों और आयोज. कों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से आयोजन टीम एवं वी कोड कलब की प्रशंसा करते हुए कहा कि महीनों की कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण ही यह आयोजन सफल हो सका। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे हैकाथॉन के दौरान उत्पन्न विचारों को आगे भी जीवित रखें और नवाच. ार की इस यात्रा को जारी रखें साथ ही भविष्य में प्रतिभागियों को एलुमनाई, इनोवेटर और उद्यमी के रूप में पुन: परिसर में स्वागत करने की इच्छा भी व्यक्त की।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी चिन्यालीसौड़ उत्तरकाशी।

पत्रांक: 1336/लेखा-1/निविदा/2025-26 दिनांक: 22.01.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से जिला पंचायत / ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा अथवा लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा दिनांक 22.01.2026 से दिनांक 04.02.2026 के पूर्वाहन 11 बजे तक निम्नांकित योजना हेतू निविदा आमन्त्रित की जाती है, जो कि दिनांक 05.02.2026 को 3 बजे अपराहन निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी के द्वारा खोली जायेगी। निविदा पत्र के साथ 100.00 रु0 मूल्य के नान ज्यूडिशिगल स्टैम्प पेपर पर 1.00 रू0 का रसीदी टिकट हस्ताक्षर करते हुगे चस्पा करना सुनिश्चित करें तथा निर्धारित 2% धरोहर की धनराशि का एन0एस0सी0/सी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 जो कि विगत 6 माह से पूर्व का न हो, अधोहस्ताक्षरी के नाम बन्धक बनवाते हुये संलग्न करना होगा एवं साथ ही उक्त विभागों में पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति भी संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा पत्र निर्धारित मूल्य जमा करने पर उक्तानुसार किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र0 सं0 | मद का नाम | स्वीकृत योजना | स्वीकृत लागत लाख रू0 | 2% धरोहर की धनराशि | निविदा पत्र मूल्य (18% जी0एस0 टी0 (सहित) | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सांसद निधि | ग्राम मोरगी में 12 सौर उर्जा की सोलर लाईट | 3.00 लाख | 6000.00 रु0 | 590.00 रू0 | 3 माह |
| 02 | सांसद निधि | ग्राम बरेठ में जयेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह एवं सियाराम के मकानों की सुरक्षा दिवार | 5.00 लाख | 10000.00 रु0 | 590.00 रु0 | 3 माह |
| 03 | सांसद निधि | ग्राम मोरगी में पंचायती चौक का निर्माण | 5.00 लाख | 10000.00 रु0 | 590.00 रु0 | 3 माह |
| 04 | सांसद निधि | ग्राम मोरगी में बलवीर सिंह आदि के खेतों की सुरक्षा दिवार | 5.00 लाख | 10000.00 रु0 | 590.00 रु0 | 3 माह |

निविदा की शर्तें:-

1. उपरोक्त निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
2. निविदा केवल उन्हीं पंजीकृत ठेकेदारों एवं वैधानिक रूप से अधिकृत व्यक्तियों को बेची जायेगी जो कि उक्त विभागों में से किसी एक विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति एवं अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक योजना लागत की 2% धरोहर की धनराशि का बचत पत्र प्रस्तुत करेंगे।
3. निविदा के साथ ही धरोहर की निर्धारित धनराशि का एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 अधोहस्ताक्षरी के नाम बन्धक हो एवं अन्य औपचारिकतायें पूर्ण होने पर ही निविदा मान्य होगी।
4. न्यूनतम पाये जाने वाली एंव स्वीकृत की जाने वाली निविदादाता, ठेकेदार को स्वीकृत लागत की 10% जमानत धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र/सी0डी0आर0 जो कि अधोहस्ताक्षरी के नाम बन्धक हो, अनुबन्ध से पूर्व जमा करना होगा तभी अनुबन्ध किया जायेगा तथा अन्य निविदादाताओं को धरोहर की धनराशि तुरन्त वापस कर दी जायेगी।

खण्ड विकास अधिकारी
चिन्यालीसौड़ उत्तरकाशी

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, भटवाड़ी।
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PROVI. DIVISION P.W.D,
BHATWARI (UTTARKASHI) PIN- 249135
Phone & Fax-01374-244321 E-Mail-eepwd bhatwari @rediffmail.com

पत्रांक : 152 /निविदा दिनांक : 23/01/2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, भटवाड़ी द्वारा निम्न कार्य हेतु सील्ड निविदा दिनाँक 06.02.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनाँक 27.01.2026 से दिनांक 05.02.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनाँक 06.02.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक इन्ही कार्यालयों में डाले जा सकते है।

1 अधीक्षण अभियन्ता, 6वॉं वृत्त लो0नि0वि0, उत्तरकाशी। 2. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0,भटवाडी।
3 अधिशासी अभियन्ता, प्रा0 ख0 लो0नि0वि0, उत्तरकाशी। 4. अधिशासी अभियन्ता, नि0 ख0 लो0नि0वि0, चम्बा टिहरी गढ़वाल।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैधता (दिनों में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | फर्म/ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एस0डी0आर0एफ0 वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत भटवाड़ी-बार्सू मोटर मार्ग के किमी0 0 से 10 में विभिन्न भागों में क्षतिग्रस्त दीवारों की मरम्मत एवं पुनर्निमार्ण कार्य। | 0.21 | 1000.00+ 18% GST | 60 | 03 माह | उत्तराखण्ड लो0नि0वि0, में मार्ग कार्य में डी0 एवं उच्चतर। |
| 2 | जिला योजना वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत विकासखण्ड भटवाड़ी के मनेरी से जामक मोटर मार्ग में क्षतिग्रस्त दीवार एवं नाली निर्माण कार्य। | 0.21 | 1000.00+ 18% GST | 60 | 03 माह | -तदैव- |
| 3 | जिला योजना वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत विकासखण्ड भटवाड़ी के सिरोर झूला पुल पहुँच मार्ग पर पी0सी0सी0 एवं सुरक्षात्मक कार्य। | 0.21 | 1000.00+ 18% GST | 60 | 03 माह | -तदैव- |
| 4 | जनपद उत्तरकाशी के विधानसभा क्षेत्र गंगोत्री के पर्यटन स्थल हर्षिल के हर्षिल बगोरी मोटर मार्ग में नाली एवं सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य। | 0.20 | 1000.00+ 18% GST | 60 | 03 माह | -तदैव- |
| 5 | एस0डी0आर0एफ0 वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत उत्तरकाशी घनसाली तिलवाड़ा मोटर मार्ग के विभिन्न भागों में क्षतिग्रस्त दीवारों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्य। | 0.36 | 1500.00+ 18% GST | 60 | 03 माह | -तदैव- |

निविदायें दिनांक 07.02.2026 को पूर्वाहन् 11:00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष इस कार्यालय में खोली जायेगी, अन्य शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

# अल्काराज आसान जीत व सबालेंका संघर्षपूर्ण जीत के साथ चौथे दौर में



**मेलबर्न, वार्ता।** दुनिया के नम्बर 1 कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को रॉड लेवर एरिना में फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट को सीधे सेटों में 6.2, 6.4, 6.1 से हराकर 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली। महिला वर्ग में वर्ल्ड नम्बर 1 आर्यना सबालेंका ने खराब प्रदर्शन के बावजूद दो टाईब्रेक में अनास्तासिया पोटापोवा को हराया। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने दो घंटे से ज्यादा समय में 7.6 (4), 7.6 (7) से जीत हासिल की। टॉप सीड खिलाड़ी अल्काराज ने लगभग दो घंटे तक चले तीसरे राउंड के एकतरफा मुकाबले में जीत हासिल की। अल्काराज ने मैच के शुरुआती गेम में सर्व ब्रेक करके शुरुआत में ही माहौल बना दिया और पहले सेट में तेज़ी से 5.1 की बढ़त बना ली। हालांकि मौटेट ने थोड़ी देर के लिए संघर्ष किया, लेकिन स्पेन के खिलाड़ी ने आराम से सेट जीत लिया। दूसरे सेट में भी अल्काराज ने अपना दबदबा बनाए रखा, दो बार सर्व ब्रेक करके बढ़त बना ली।

मौटेट ने लगातार चार गेम जीतकर थोड़ी वापसी की और बढ़त बना ली, लेकिन दुनिया के नम्बर 1 खिलाड़ी ने खुद को संभाला और ज़रूरी गेम जीतकर दो सेट की बढ़त बना ली। अल्काराज़ ने तीसरे सेट में अपना लेवल और बढ़ाया, और दोनों खिलाड़ियों के नए-नए शॉट लगाने से 4.0 की बढ़त बना ली। मौटेट ने एक गेम जीतने में कामयाबी हासिल की, लेकिन स्पेन के खिलाड़ी को कोई नहीं रोक सका, जिसने बहुत अच्छे से मैच अपने नाम कर लिया। स्पेन के खिलाड़ी ने कोर्ट पर कहा कि ईमानदारी से कहूं तो यह आसान नहीं था। जब आप कोरेंटिन जैसे खिलाड़ी के साथ खेलते हैं, तो आपको नहीं पता होता कि आगे क्या होने वाला है, इसलिए उसे समझना मुश्किल होता है।जैसा कि आप देख सकते हैं, मुझे कोर्ट पर बहुत मज़ा आया। मुझे लगता है कि हम दोनों ने शानदार शॉट लगाए, शानदार पॉइंट्स बनाए। मुझे लगता है कि मैच में कुछ खास बातें थीं। अल्काराज का अगला मुकाबला अमेरिकी टॉमी पॉल से होगा, जो ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब के लिए अपनी कोशिश जारी रखेंगे। इस बीच महिला वर्ग में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने सबालेंका ने रॉड लेवर एरिना में गर्म मौसम में मुकाबला किया और फिर दो घंटे से ज्यादा समय में 7.6 (4), 7.6 (7) से जीत हासिल की। 27 साल की सबालेंका लगातार छठे साल मेलबर्न में दूसरे हफ्ते में पहुंची हैं। सबालेंका ने कहा कि उसने ज़बरदस्त टेनिस खेला। मैं हर पॉइंट के लिए लड़ पाई, और मैं यह जीत पाकर बहुत खुश हूं। दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन ने शुरुआत में ही 2.0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन फिर उसका आम तौर पर मजबूत खेल कई अनफोर्स्ड गलतियों की वजह से बिखर गया। 55वीं रैंक वाली पोटापोवा ने टाईब्रेक के लिए मजबूर किया, लेकिन सबालेंका ने बैकहैंड विनर से पहला सेट जीत लिया और फिर जश्न में ज़ोरदार प्रदर्शन किया। पोटापोवा की अपने करियर में सिर्फ दूसरी बार ग्रैंड स्लैम के अंतिम 16 में पहुंचने की उम्मीदें तब खत्म हो गईं जब सबालेंका ने 4.0 की बढ़त बना ली। मैच अचानक बदल गया जब पोटापोवा ने सुस्त सबालेंका का फायदा उठाया, लेकिन चार सेट पॉइंट गंवाना महंगा पड़ा। सबालेंका का अगला मैच 19 साल की कनाडाई विक्टोरिया म्बोको से होगा, जिन्होंने डेनमार्क की 14वीं सीड क्लारा टॉसन को 7.6 (5), 5.7, 6.3 से हराकर पहली बार ग्रैंड स्लैम के दूसरे हफ्ते में जगह बनाई। कनाडा की टीनेजर विक्टोरिया म्बोको ने 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और चौथे राउंड में पहुंच गईं। 19 साल की विक्टोरिया ने जॉन केन एरिना में टॉसन को हराकर ग्रैंड स्लैम में अपना अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। 17वीं सीड वाली खिलाड़ी ने पूरे मैच में म्बोको की परीक्षा ली, जिसमें मोमेंटम में उतार-चढ़ाव और लंबे बेसलाइन एक्सचेंज देखने को मिले। टॉसन ने शुरुआती सेट में अपनी सर्विस बनाए रखी, लेकिन म्बोको ने कंट्रोल हासिल करके 4.2 की बढ़त बना ली, जिसके बाद डेनमार्क की खिलाड़ी ने जोरदार वापसी की। सेट का फैसला एक तनावपूर्ण टाईब्रेक में हुआ, जिसमें म्बोको का शांत रहना और शॉट चुनना अहम साबित हुआ।

### अल्काराज ने बोर्ग के रिकॉर्ड की बराबरी की, जोकोविच, नडाल व फेडरर को पीछे छोड़ा

**मेलबर्न।** ग्रैंड स्लैम लेवल पर 100 मैचों के बाद, कार्लोस अल्काराज ने एक ऐसा रिकॉर्ड बनाया है जो उन्हें खास खिलाड़ियों की श्रेणी में रखता है। स्पेनिश खिलाड़ी, जो शुक्रवार को कोरेंटिन माउटेट के खिलाफ जीत के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में पहुंचे, उनके पास मेजर में 87.13 का रिकॉर्ड है, जो ओपन एरा में 100 मैचों में सर्वश्रेष्ठ शुरुआत के लिए ब्योर्न बोर्ग के बराबर है। अल्काराज ने राफेल नडाल और एटीपी नम्बर 1 क्लब सदस्य जॉन मैकनरो सहित दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने अपने पहले 100 मेजर मैचों में 86-14 का रिकॉर्ड बनाया था। एटीपी रैंकिंग में वर्ल्ड नम्बर 1 एक ऐसा स्टैंडर्ड सेट कर रहा है, जिस तक खेल के कुछ सबसे बड़े नाम इतनी जल्दी नहीं पहुंच पाए थे। नोवाक जोकोविच, रिकॉर्ड 24 बार के मेजर टाइटलिस्ट और मेलबर्न में 10 बार के चैंपियन, ने अपने पहले 100 स्लैम मैचों में 79-21 का रिकॉर्ड बनाया।

# सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है: अभिषेक शर्मा



**रायपुर, वार्ता।** भारत के टी20 ओपनर अभिषेक शर्मा ने कहा कि एक बैटर के तौर पर वह अभी भी काम कर रहे हैं और उनका मानना है कि नेशनल टीम के लिए एक अग्रेसिव स्टार्टर के तौर पर अपनी भूमिका को बनाए रखने के बावजूद, हमेशा 'सुधार की गुंजाइश' रहती है। क्रिकेट लाइव पर बात करते हुए, अभिषेक ने कहा कि उनकी मुख्य जिम्मेदारी पावर प्ले में विरोधी बॉलर्स पर दबाव डालना और टीम को शुरुआती मोमेंटम देना है। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि मैं अभी पूरी तरह से मैच्योर हो गया हूं, क्योंकि सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है।

लेकिन मुझे लगता है कि मेरा काम पहले छह ओवरों में अग्रेसिव क्रिकेट खेलना है। मैं इसके लिए बहुत प्रैक्टिस कर रहा हूं। मुझे पता है कि अगर मैं अच्छी शुरुआत देता हूं या शुरुआत में अच्छा इंटेंट दिखाता हूं, तो टीम उस मोमेंटम को फॉलो कर सकती है। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने अपने अप्रोच पर भारत के टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाले कप्तान रोहित शर्मा के असर को भी माना, और बताया कि टीम मैनेजमेंट उनसे उम्मीद करता है कि वह टॉप ऑर्डर में 'हिटमैन' द्वारा दिखाए गए इंटेंट को दोहराएंगे। अभिषेक ने कहा कि रोहित भाई ने देश के लिए बहुत कुछ किया है। पावरप्ले में वह जो शॉट लगाते थे, उसकी वजह से हमेशा प्रेशर रहता है। जब मैं टीम में आया, तो कोच और कैप्टन मुझसे भी यही चाहते थे। मुझे लगा कि यह मेरे स्टाइल के लिए भी सही है क्योंकि मुझे पहली कुछ गेंदों से ही अटैक करना पसंद है।

उन्होंने यह भी कहा कि वह रोहित के तरीके को फॉलो करके और भारत की सफलता में योगदान देकर खुश हैं। अभिषेक ने मैचों से पहले तैयारी के महत्व पर भी ज़ोर दिया, खासकर आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप के पास आने पर। उन्होंने कहा कि जब मुझे एक हफ्ता या दस दिन मिलते हैं,

तो मैं उन बॉलर्स को ध्यान में रखता हूं जिनका सामना मुझे अगली सीरीज़ या मैचों में करना है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि मैं उन प्लान्स को कैसे लागू करता हूं। आने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भी, मैं उसकी प्रैक्टिस कर रहा हूं। अपनी बैटिंग के टैक्टिकल पहलू पर ज़ोर देते हुए, अभिषेक ने बताया कि फ्टलाइन बॉलर्स को शुरू में टारगेट करने से मुकाबला भारत के पक्ष में हो जाता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मुझे इसी तरह खेलना होगा क्योंकि ज्यादातर टीमों में, मेन बॉलर पहले कुछ ओवर फेंकते हैं। अगर मैं उन ओवरों में रन बनाता हूं, तो इससे टीम को उस मोमेंटम को फॉलो करने में मदद मिलती है। इससे बॉलर पर भी प्रेशर पड़ता है। 25 साल के इस खिलाड़ी ने बुधवार को नागपुर में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ पहले टी20 में प्लेयर ऑफ द मैच बनकर अपनी काबिलियत दिखाई, जिसमें उन्होंने सिर्फ 35 गेंदों पर 84 रन बनाए और भारत को 48 रन से जीत दिलाई। अभिषेक की आठ छक्कों वाली पारी ने भारत को बैटिंग के लिए भेजे जाने पर 238/7 का बड़ा स्कोर बनाने में मदद की।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को नौ विकेट से पीटा

**विंडहोक।** विल बैरोम (14 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 ने श्रीलंका अंडर-19 को अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप ए मुकाबले में शुक्रवार को नौ विकेट से पीट दिया। ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को 18-5 ओवर में मात्र 58 रन पर समेटने के बाद 12 ओवर में एक विकेट पर 62 रन बनाकर मुकाबला आसानी से जीत लिया। स्टीवन होगान ने 27 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 28 और नितेश सैमुअल ने नाबाद 19 रन बनाये। होगान ने विजई चौका मारा। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया ग्रुप में टॉप पर रहा और इस गेम के पॉइंट्स अगले राउंड में ले जाएगा। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का सही फैसला किया। श्रीलंका की टीम 13 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद मुकाबले में नहीं लौट पाई। श्रीलंका की तरफ से कविजा गमागे ने 10 और चमिका हीनातिगाला ने 14 रन बनाये। अन्य कोई बल्लेबाज दहाई की संख्या में नहीं पहुंच सका और पूरी टीम 58 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से विल बैरोम ने 6-5 ओवर में 14 रन देकर पांच विकेट झटके जबकि चार्ल्स लचमुंड और कैसी बार्टन को दो-दो विकेट मिले।

### कबड्डी चैंपियंस लीग ट्रॉफी रोहतक और गुरुग्राम पहुंची

**गुरुग्राम।** कबड्डी चैंपियंस लीग (केसीएल) ट्रॉफी टूर ने 21 जनवरी को रोहतक और 22 जनवरी को गुरुग्राम में रुककर अपनी राज्यव्यापी यात्रा जारी रखी, क्योंकि लीग हरियाणा में कबड्डी के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले फैंस और समुदायों से सीधे जुड़कर अपने पहले सीजन के करीब पहुंच रही है। रोहतक में, केसीएल ट्रॉफी के आने से शहर का प्रतिस्पर्धी कबड्डी से मजबूत जुड़ाव और उन खिलाड़ियों को तैयार करने में उसकी भूमिका सामने आई, जिन्होंने बाद में उच्च स्तर पर टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। फैंस, युवा एथलीट और स्थानीय खेल जगत के सदस्य ट्रॉफी को करीब से देखने के लिए इकठा हुए, जिससे लीग के आने वाले मैचों को लेकर गर्व और उत्साह की भावना और मजबूत हुई। इसके बाद यह टूर गुरुग्राम शहर पहुंचा, जहां ट्रॉफी के दौरे ने केसीएल के कबड्डी की पहुंच को नए और विविध दर्शकों तक बढ़ाने के प्रयास को रेखांकित किया। एक ऐसा शहर जो परंपरा को आधुनिक खेल दृष्टिकोण के साथ मिलाता है, गुरुग्राम ने कबड्डी को अपनी मुख्य मूल्यों से जुड़े रहते हुए परिचित सीमाओं से परे ले जाने के लीग के विजन को दिखाया। फैंस की प्रतिक्रिया ने लीग के पहले सीजन से पहले केसीएल और उसकी टीमों में बढ़ती दिलचस्पी को दिखाया। केसीएल ट्रॉफी टूर लीग की तैयारी में एक प्रमुख पहल है।

# मेदवेदेव ने दो सेट से पिछड़ने के बाद जीत हासिल की

**मेलबर्न, वार्ता।** दानिल मेदवेदेव ने शुक्रवार को दो सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में जगह बनाई। उन्होंने पांच सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में हंगरी के फैबियन मारोजसन को हराया। पूर्व वर्ल्ड नम्बर 1 ने तीन घंटे 43 मिनट तक चले मुकाबले में 6.7(5), 4.6, 7.5, 6.0, 6.3 से जीत हासिल की। उन्होंने दो सेट से पिछड़ने के बाद अपने करियर की पांचवीं वापसी की और मेलबर्न पार्क में यह उनकी चौथी ऐसी वापसी थी।

मेदवेदेव बाहर होने के कगार पर थे, लेकिन तीसरे सेट में 5-5 से निर्णायक ब्रेक मिलने से पहले, इस पल ने मैच का रुख बदल दिया। वहां से, 11वें सीड वाले ने लगातार नौ गेम जीतकर कंट्रोल हासिल किया और आखिरकार मैच अपने नाम कर लिया। मेदवेदेव ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा कि वह बहुत अच्छा खेला, और मैं ऐसा था, 'अगर मैं हार गया, तो हार गया', लेकिन मैं बस कोशिश करूंगा, मैं बस लड़ूंगा।मैंने थोड़ा और करने की कोशिश की क्योंकि वह मुझे हर तरफ घुमा रहा था।



यह काम कर गया, मैंने बेहतर खेलना शुरू कर दिया, इसलिए मैं इससे खुश हूं। तीन बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनलिस्ट ने 2026 सीजन की शुरुआत जबरदस्त फॉर्म में की है, और अपनी जीत का सिलसिला आठ मैचों तक बढ़ा दिया है, जिसमें इस महीने की शुरुआत में ब्रिस्बेन में एटीपी 250 इवेंट में टाइटल जीतना भी शामिल है। मेदवेदेव का अगला मुकाबला अमेरिकी लर्नर टिएन से होगा, जिन्होंने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को 7.6(9), 6.4, 6.2 से हराकर आगे बढ़े। टिएन ने पिछले साल के ऑस्ट्रेलियन ओपन में पांच सेट के दूसरे राउंड के मुकाबले में मेदवेदेव को चौंका दिया था और अभी उनके हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 2.1 की बढ़त है, जिससे एक रीमैच का बेसब्री से इंतज़ार है।

# अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेंगी इंडिया अंडर-19

**बुलावायो, वार्ता।** शनिवार को इंडिया अंडर19 और न्यूज़ीलैंड अंडर19 के बीच होने वाला ग्रुप-स्टेज का मुकाबला सिर्फ क्रिकेट से कहीं ज्यादा होने वाला है। यह मुकाबला स्किल, हिम्मत और अनप्रेडिक्टेबल होने वाला है।

इंडिया अंडर 19 का मुकाबला न्यूज़ीलैंड की टीम से है जो बारिश से बाधित मैचों के कारण मोमेंटम पाने के लिए संघर्ष कर रही है। इंडिया अंडर19 अपने दोनों ग्रुप मैच पहले ही जीत चुका है और अपना दबदबा बनाए रखना चाहता है। आयुष म्हात्रे की लीडरशिप वाली युवा टीम में टैक्टिकल स्किल के साथ वैभव सूर्यवंशी और अभिज्ञान कुंडू जैसे खिलाड़ियों की इंडिविजुअल काबिलियत का मेल है। उनके इन-फॉर्म बॉलर, जिनमें हेनिल पटेल और खिलन पटेल शामिल हैं, एक खतरनाक बढ़त देते हैं, जिससे इंडिया मैच में फेवरेट बन जाता है।

दूसरी ओर, न्यूज़ीलैंड अंडर19 अपने पिछले मैचों में भारी बारिश के कारण बहुत कम मैच एक्सपीरियंस के साथ इस मुकाबले में उतरेगा। उनके टॉप-ऑर्डर बैट्समैन और टॉम जोन्स और कैलम सैमसन जैसे खास बॉलर, इंडिया के मजबूत अटैक को संभालने और क्वींस स्पोर्ट्स क्लब की बॉलर-फ्रेंडली और अनप्रेडिक्टेबल पिच पर एडजस्ट करने की दोहरी चुनौती का सामना कर रहे हैं। इस ड्रामा को और बढ़ाने वाली बात यह है कि आंधी-तूफान और लगातार बारिश खेल में रुकावट डाल सकती है, जिससे मैच का रोमांच बढ़ जाएगा और फैंस सोच में पड़ जाएंगे कि मैच पूरी तरह से होगा या एक हाई-इंटेंसिटी, छोटा मुकाबला बनकर रह जाएगा। खेल का दबदबा, मौसम का ड्रामा और कुछ लोगों के दमदार प्रदर्शन का यह मेल इस मैच को जरूर देखने लायक बनाता है।

# गॉफ लगातार चौथी बार चौथे राउंड में

**मेलबर्न, वार्ता।** शुक्रवार दोपहर को मार्गरेट कोर्ट एरिना में फैंस ने दानिल मेदवेदेव को दो सेट से पिछड़ने के बाद एक शानदार वापसी करते देखा, उसके बाद उन्हें महिलाओं के वर्ग में एक और मैच देखने को मिला जो पूरे समय तक चला, क्योंकि गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद अपनी साथी अमेरिकी खिलाड़ी हेले बैपटिस्ट को 1 घंटे और 50 मिनट में 3.6, 6.0, 6.3 से हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में जगह बनाई।

यह जीत, उनके 77वें ग्रैंड स्लैम मैच की जीत, उनके 100वें ग्रैंड स्लैम मैच में आई। गॉफ ओपन एरा में 22 साल की उम्र से पहले अपने 100वें महिला सिंगल्स ग्रैंड स्लैम मेन-ड्रॉ मैच में खेलने वाली नौवीं खिलाड़ी हैं, जो इन दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गई हैं: मैरी जो फर्नांडीज, स्टेफी ग्राफ, मार्टिना लहगिस, गैब्रिएला सबातिनी, अरांशा सांचेज विकारियो, मारिया शारापोवा, सेरेना विलियम्स, वीनस विलियम्स। सक्रिय खिलाड़ियों में से केवल वीनस विलियम्स (85) और इगा स्वियाटेक (83) ने अपने पहले 100 ग्रैंड स्लैम मैचों में ज्यादा जीत हासिल की हैं।

# जोविक ने पाओलिनी को हराकर बड़ा उलटफेर किया

**मेलबर्न, वार्ता।** टॉप 100 में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी, 18 साल की इवा जोविक ने टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए नम्बर 7 सीड जैस्मीन पाओलिनी को तीसरे राउंड में 6.2, 7.6(3) से हरा दिया। इस नतीजे के साथ नम्बर 29 सीड जोविक सिर्फ अपने छठे प्रयास में पहली बार किसी मेजर टूर्नामेंट के दूसरे हफ्ते में पहुंचीं। यह चार मुलाकातों में किसी टॉप 10 खिलाड़ी के खिलाफ उनकी पहली जीत भी है।

इस टीनएजर की पिछली तीन हार में से दो पाओलिनी के खिलाफ थीं, पिछले साल इंडियन वेल्स और यूएस ओपन में। जोविक ने अपने ऑन-कोर्ट इंटरव्यू में कहा कि मैं यह जीत काफी समय से चाहती थी। कुछ मुश्किल हार मिली थीं। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने उस बाधा को पार किया और आज यह जीत हासिल की। एक



ओवर-प्रेसिंग पाओलिनी के खिलाफ 37 मिनट के पहले सेट में हावी रहने के बाद - इटैलियन खिलाड़ी ने पहले सेट में 13 अनफोर्स्ड एरर और सिर्फ चार विनर्स लगाए - जोविक को दूसरे सेट में कड़ी मेहनत करनी पड़ी। दो बार की मेजर फाइनलिस्ट पाओलिनी ने अपनी रणनीति बदली, जोविक के बैकहैंड पर ऊंची गेंदें फेंकीं और रैलियों को लंबा खींचा।

जोविक ने 5-4 और 6-5 पर दो बार मैच के लिए सर्व किया, लेकिन मैच खत्म नहीं कर पाईं। लेकिन इन झटकों के बावजूद, यह युवा खिलाड़ी थी जिसने एक शानदार टाईब्रेक में बढ़त बनाई, लाइन के नीचे शानदार टाइलमग वाले बैकहैंड से बढ़त हासिल की और एक बोल्ड रिटर्न विनर के साथ मैच पॉइंट पर पहुंची - जो मैच का उनका 20वां विनर था। जोविक ने कहा कि मैंने मैच में पहले जो कर रही थी, उस पर फोकस करने की कोशिश की।काफी आक्रामक होकर खेलना और गेम को कंट्रोल करना। मुझे लगता है कि जब मैं मैच के लिए सर्व कर रही थी, तो मैं थोड़ी ज्यादा पैसिव हो गई थी - इसलिए मैंने खुद से कहा कि खुलकर खेलो और इससे टाईब्रेक में मदद मिली। इस नतीजे से जोविक की तेज़ी से तरक्की जारी है, जो पिछले साल इस समय नम्बर 191 रैंक पर थीं। उन्होंने पिछले सितंबर में गुआडालाजारा में डब्ल्यूटीए टूर पर अपना पहला टाइटल जीता था, और ऑकलैंड सेमीफाइनल और होबार्ट फाइनल में पहुंचकर 2026 की शानदार शुरुआत की। इस साल उनका रिकॉर्ड पहले ही 10-2 है, और उन्हें चौथे राउंड में यूलिया पुतिनत्सेवा के खिलाफ इसे और आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा जिन्होंने तुर्की की ज़ेनेप सोनमेज के खिलाफ दूसरे सेट में 6-5 पर मैच सर्व करने में नाकाम रहने के बाद वापसी की, और 2 घंटे और 34 मिनट में 6.3, 6.7(3), 6.3 से जीत हासिल की।

# बुमराह के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10 वर्ष पूरे

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शुक्रवार को क्रिकेट के सबसे ऊंचे लेवल पर एक दशक पूरा होने का जश्न मनाया, जिसमें उन्होंने एक जोशीले युवा फैन से खेल के सबसे असरदार गेंदबाज़ों में से एक बनने के अपने सफर के बारे में बताया। एक इंस्टाग्राम पोस्ट में, बुमराह ने लिखा कि उस बच्चे के सपने को जीने के 10 साल, जिसे उस खेल से प्यार हो गया जिसने उसे ऐसा महसूस कराया जैसा इस दुनिया में कुछ भी नहीं करा सकता, उन्होंने आगे कहा कि सोच और सोच के खिलाफ जाने का उनका सफर परिवार और विश्वास के सपोर्ट से जारी है।

बुमराह ने जनवरी 2016 में भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था, जहां वह टी20 सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे।



पिछले एक दशक में, दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने दुनिया भर के क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में सबसे असरदार गेंदबाज़ों में से एक का नाम कमाया है। वह टेस्ट, वनडे और टी20 में आईसीसी मेन्स प्लेयर रैंकिंग में नम्बर 1 रैंकिंग हासिल करने वाले पहले बॉलर हैं, और तीनों फॉर्मेट में 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय बॉलर हैं। बुमराह घरेलू क्रिकेट में गुजरात और इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस को रिप्रेजेंट करते हैं। भारतीय तेज गेंदबाजों में, वह सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट और दूसरे सबसे तेज 100 वनडे विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 2024 टी20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई, जहां 4-17 की इकॉनमी रेट से 15 विकेट लेने के बाद उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। बुमराह 2016 में एक कैलेंडर साल में टी20 में 28 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर भी थे। उन्होंने 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू किया और तब से लीडरशिप की जिम्मेदारी संभाली है, दिसंबर 2023 से भारत के टेस्ट वाइस-कैप्टन के तौर पर काम कर रहे हैं और रेगुलर कप्तान रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में तीन मौकों पर टीम को लीड किया है। उनके करियर की उपलब्धियों में 2018 और 2024 में आईसीसी मेन्स टेस्ट टीम ऑफ द ईयर, 2017 और 2018 में आईसीसी मेन्स वनडे टीम ऑफ द ईयर और 2024 में आईसीसी मेन्स टी20 टीम ऑफ द ईयर में चुना जाना शामिल है।

# हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण टी-20 विश्व कप से बाहर हुए एडम मिल्ने

**आकलैंड, वार्ता।** न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज एडम मिल्ने एसए 20 के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण 2026 टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं।

उनकी जगह टीम में काइल जेमीसन को शामिल किया गया है। मिल्ने को यह चोट पिछले रविवार सनराइजर्स ईस्टर्न केप के लिए खेलते हुए एमआई केप टाउन के खिलाफ लगी थी। स्कैन में मांसपेशियों में लखचाव की बात सामने आई। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 16-27 की औसत और 7-61 की इकॉनमी से 11 विकेट लिए थे। न्यूज़ीलैंड के प्रमुख कोच रॉब वॉल्टर ने कहा कि हम सभी एडम के लिए बेहद निराश हैं। उन्होंने टूर्नामेंट के लिए ख+ुद को तैयार करने में काफी मेहनत की थी और ईस्टर्न केप सनराइजर्स के लिए अपने आठ मैचों में वह अपनी बेहतरीन फॉर्म में लौटते हुए दिख रहे थे। उनके लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण समय है और हम उनके जल्द ठीक होने की कामना करते हैं। जेमीसन इस समय भारत दौरे पर टीम का हिस्सा हैं। उन्हें विश्व कप के ट्रैवलिंग रिजर्व से मुख्य दल में शामिल किया गया है। 31 जनवरी तक दल में बिना रोकटोक बदलाव किए जा सकते हैं, उसके बाद किसी भी बदलाव के लिए आईसीसी की मंजूरी जरूरी होगी। वॉल्टर ने कहा कि यह हमारे लिए अच्छी बात है कि काइल पहले से ही भारत में हमारे साथ हैं।

वह हमारे तेज गेंदबाज़ी समूह का अहम हिस्सा हैं और इस दौरे पर उन्होंने प्रभाव डाला है। वह मेहनती खिलाड़ी हैं और उनके पास अच्छे कौशल और अनुभव हैं, जो टूर्नामेंट में उनके काम आएंगे। जेमीसन ने पिछले साल पीठ की चोट से उबरकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की थी। इस महीने की शुरुआत में भारत के खिलाफ पहले वनडे में 41 रन देकर 4 विकेट लेकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। न्यूज़ीलैंड पहले ही यह घोषणा कर चुका है कि मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्यूसन टी20 विश्व कप के दौरान पितृत्व अवकाश लेकर कुछ समय के लिए टीम से बाहर हो सकते हैं। टूर्नामेंट से पहले न्यूज़ीलैंड दल में एक और ट्रैवलिंग रिजर्व जोड़ा जाएगा। कीवी टीम अपना अभियान 8 फरवरी को चेन्नई में अफगानिस्तान के खिलाफ शुरू करेगी।

## बुग्गावाला पुलिस ने किया 12 घंटे में अपहरण कांड का खुलासा

# आरोपी गिरफ्तार, नाबालिग सकुशल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** थाना बुग्गावाला पुलिस ने एक बार फिर त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग अपहरण के गंभीर मामले में महज 12 घंटे के भीतर न केवल पीड़िता को सकुशल बरामद किया, बल्कि अभियुक्त को भी गिरफ्तार कर कानून के शिकंजे में ले लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 22.01.2026 को ग्राम रसूलपुर टोंगिया, थाना बुग्गावाला निवासी वादी द्वारा थाने पर तहरीर दी गई कि गांव का ही निवासी प्रताप पुत्र राजकुमार उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया। तहरीर के आधार पर थाना बुग्गावाला पर मु0अ0सं0 07/2026 धारा 137(2)/78 बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार द्वारा महिला एवं नाबालिगों से संबंधित अपराधों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए गए। निर्देशों के क्रम में थाना बुग्गावाला पुलिस टीम ने गहन छानबीन, तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय



करते हुए मात्र 12 घंटे के भीतर नाबालिग को सकुशल बरामद कर अभियुक्त को दबोच लिया। पीड़िता के बयान एवं संकलित साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में धारा 64(2)(ड), 96 बीएनएस तथा धारा 5(ढ)/6 पोक्सो अधिनियम की बढ़ोत्तरी की गई है। अभियुक्त को विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण: प्रताप पुत्र राजकुमार, निवासी रसूलपुर टोंगिया, थाना बुग्गावाला, जनपद हरिद्वार, उम्र लगभग 20 वर्ष। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम: उप निरीक्षक मनोज कुमार, कांस्टेबल विक्रम, शामिल रहे।

# भगवानपुर पुलिस ने अपहृत किशोरी की सकुशल बरामद, आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना क्षेत्र में नाबालिग के अपहरण के एक मामले का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए अपहृत किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया है। साथ ही घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 01 दिसंबर 2025 को थाना भगवानपुर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के घर से बिना बताए चले जाने के संबंध में थाना भगवानपुर पर तहरीर दी गई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 425/2025, धारा 137(2) के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की विवेचना प्रारंभ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए अपहृत नाबालिग की शीघ्र बरामदगी हेतु विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा लगातार सुरागरसी, तकनीकी विश्लेषण एवं संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप पुलिस टीम ने दिनांक 22 जनवरी 2026 को हरियाणा के जनपद यमुनानगर अंतर्गत तहसील जगाधरी स्थित ग्राम बुढ़िया से आरोपी को गिरफ्तार करते हुए अपहृत किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। आरोपी का नामआमिर सैफी, पुत्र शकील अहमदनिवास: ग्राम बुढ़िया, वार्ड नंबर 03, पानी की टंकी के पास,तहसील जगाधरी, जनपद यमुनानगर (हरियाणा) बरामदगी व गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीमअपर उप निरीक्षक प्रमोद, कांस्टेबल आसिफ अंसारी,महिला कांस्टेबल सोनम शामिल है।

# नशीली गोलियों के साथ नशा एक तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के नेतृत्व में जनपद को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से हरिद्वार पुलिस द्वारा लगातार नशा तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली मंगलौर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरजीत के निर्देशन में मंगलौर पुलिस द्वारा दिनांक 22 जनवरी 2026 को चेकिंग अभियान के दौरान एक नशा तस्कर को 235 नशीली गोलियां (ट्रामाडोल) के साथ गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपी से बरामद नशीली दवाइयों के संबंध में पूछताछ की जा रही है तथा यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी यह नशीली गोलियां कहां से लाया था और किन-किन लोगों तक सप्लाई करने की फिराक में था। कोतवाली प्रभारी अमरजीत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। गिरफ्तार आरोपी का नाम सागर पुत्र रघुनाथ सिंह, निवासी ग्राम रामपुर, थाना छपार, जनपद मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) बताया गया है।इस कार्रवाई में उप निरीक्षक राकेश डिमरी, उप निरीक्षक वीरपाल, हेड कांस्टेबल माजिद खान तथा कांस्टेबल रविंद्र खत्री शामिल रहे, जिनकी सतर्कता और टीमवर्क से यह गिरफ्तारी संभव हो सकी।

# महापौर ने औद्योगिक क्षेत्र में किया सड़क का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगर निगम रुड़की की मेयर श्रीमती अनीता देवी अग्रवाल ने वार्ड संख्या 24, सलेमपुर-राजपूताना औद्योगिक क्षेत्र में विकास को नई गति देते हुए 106 मीटर लंबी इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क का भव्य लोकार्पण किया। लगभग 8 लाख की लागत से निर्मित यह सड़क रेकॉर फैक्ट्री के सामने जे.एम.एम. से आरंभ होकर ग्लोबल फैक्ट्री तक बनाई गई है, जिससे क्षेत्र के उद्यमियों और श्रमिकों को वर्षों पुरानी समस्या से निजात मिलेगी।

विकास में नहीं आने दी जाएगी कोई कमी: मेयर लोकार्पण के अवसर पर उद्यमियों को संबोधित करते हुए मेयर अनीता अग्रवाल ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र रुड़की की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और यहाँ के विकास में नगर निगम कोई कसर नहीं छोड़ेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सड़कों के सुधार के साथ-साथ लाइटों के खंभे और जलभराव जैसी हर समस्या का समाधान प्राथमिकता पर किया जा रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, ष्हमने जो वादा किया था, वह आज पूरा हो रहा है। वार्ड 24 ही नहीं, बल्कि रुड़की के समस्त वार्डों की समस्याओं का समय-समय पर संज्ञान लेकर उन्हें निस्तारित किया जा रहा है। राज्य मंत्री और औद्योगिक संगठनों की गरिमामयी



उपस्थिति-इस कार्यक्रम में माटी कला बोर्ड के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री) शोभाराम प्रजापति ने विशेष रूप से शिरकत की। उनके साथ रुड़की स्मॉल स्केल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष केतन भारद्वाज, भाजपा नेता एवं मेयर प्रतिनिधि ललित मोहन अग्रवाल और क्षेत्रीय पार्षद पति सोनू कश्यप भी मौजूद रहे। सड़क निर्माण की गुणवत्ता और समयबद्धता को देखते हुए क्षेत्र के लोगों ने मेयर प्रतिनिधि ललित मोहन अग्रवाल का आभार व्यक्त किया। सड़क निर्माण कार्य की देखरेख करने वाली तकनीकी टीम में मुख्य नगर आयुक्त राकेश चन्द्र तिवारी, अधिशासी अभियन्ता विपुल सैनी, सहायक अभियन्ता अभय सिंह और अवर अभियन्ता स्वेता बेनी शामिल रहे। कार्यक्रम में रुड़की स्मॉल स्केल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष बी.बी. गुप्ता, उपाध्यक्ष राकेश मित्तल, सचिव अजय गर्ग, संयुक्त सचिव राजकुमार शर्मा और कोषाध्यक्ष ए.क्यू. अंसारी सहित भारी संख्या में औद्योगिक क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बारिश से बदरंग हुआ बसंत पंचमी रंग ,युवाओं के चेहरे लटके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** रुड़की में आज बसंत पंचमी का पर्व पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाना था, लेकिन अचानक बदले मौसम ने लोगों की सारी तैयारियों पर पानी फेर दिया। शहर में सुबह से ही बच्चों और युवाओं में पतंगबाजी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा था। गलियों और बाजारों में पिछले कई दिनों से रंग-बिरंगी पतंगों और मांझे की खरीदारी जोरों पर थी। लोगों ने अपनी-अपनी छतों पर पतंग उड़ाने के लिए खास इंतजाम किए थे, वहीं कई जगहों पर डीजे और संगीत की भी व्यवस्था की गई थी।

बसंत पंचमी के अवसर पर शहर की छतें आमतौर पर पतंगों से भर जाती हैं और पूरा आसमान रंगीन नजर आता है। लेकिन आज दोपहर बाद अचानक हुई बारिश ने माहौल पूरी तरह बदल दिया। तेज बारिश और ठंडी हवाओं के चलते लोग घरों में ही कैद होकर रह गए। जिन छतों पर सुबह से चहल-पहल थी, वहां कुछ ही देर में सन्नाटा छा गया। बच्चों में खास तौर पर मायूसी देखने को मिली, जो सुबह से ही पतंग उड़ाने की तैयारी में जुटे हुए थे। कई बच्चों ने बताया कि उन्होंने अपनी पसंदीदा पतंगें और नया मांझा खरीदा था, लेकिन बारिश के कारण एक भी पतंग नहीं उड़ा सके। वहीं युवाओं और परिवारों को भी निराशा हाथ लगी, जिन्होंने दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ छतों पर जश्न मनाने की योजना बनाई थी। बारिश का असर स्थानीय दुकानदारों पर भी पड़ा। पतंग और मांझा बेचने वाले व्यापारियों का कहना है कि बसंत पंचमी उनके लिए सबसे बड़ा दिन होता है, लेकिन मौसम खराब होने से उम्मीद के मुताबिक बिक्री नहीं हो पाई।

# एनएसएस छात्राओं ने लगाया जागरूकता शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** स्थानीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्चना चौहान के निर्देशन में 'अतिथि देवो भव' की भावना के साथ दिन का शुभारंभ योग एवं प्राणायाम सत्र से हुआ।

प्रात:कालीन सत्र में मुख्य अतिथि रुड़की की प्रथम महिला मेयर अनीता अग्रवाल ने ष्मेरा वोट, मेरा अधिकारष विषय पर प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति हमारा सबसे बड़ा कर्तव्य है। उन्होंने छात्राओं को एक जागरूक नागरिक बनने और मतदान की शक्ति को समझने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनुपमा गर्ग ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवा वर्ग ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का वाहक है। मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए स्वयंसेवियों ने आकर्षक रंगोली बनाई, जिसने सभी का ध्यान खींचा। इसके पश्चात, द्वितीय सत्र में पुस्तकालय



प्रभारी श्रीमती प्रीति शर्मा ने 'डिजिटल लिटरेसी' पर व्याख्यान दिया। उन्होंने आधुनिक पुस्तकालय सेवाओं और डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग की बारीकियों से छात्राओं को अवगत कराया।

# नहर में डूबे युवक का शव आसफनगर झाल से बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक युवक का शव आसफनगर झाल से बरामद किया गया। शव मिलने की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने स्थानीय जलवीर की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाकर कब्जे में ले लिया।

जानकारी के मुताबिक, मूल रूप से वृंदावन निवासी नेम सिंह भाटी रुड़की के गणेशपुर में अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनका बेटा ईशांत भाटी बृहस्पतिवार दोपहर अपने दो दोस्तों के साथ गंगनहर पटरी पर बैठा था। भोजन करने के बाद ईशांत जैसे ही हाथ धोने के लिए नहर के किनारे उतरा, अचानक उसका पैर फिसल गया। गंगनहर का बहाव तेज होने के कारण वह संभल नहीं पाया और देखते ही देखते पानी में बहकर आंखों से ओझल हो गया था। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस, जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंच गई थीं। गोताखोरों द्वारा लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया गया। करीब एक सप्ताह बाद गुरुवार देर रात ईशांत का शव आसफनगर झाल से बरामद किया गया। ईशांत के शव की बरामदगी के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वह परिवार का इकलौता बेटा बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी मनीष उपाध्याय का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सुबह से लगातार हो रही बारिश से लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर में आज सुबह से ही बारिश हो रही है जिसके कारण सर्दी बढ़ती जा रही है लोग घर में ही रहने को मजबूर है बाजार खाली पड़े हुए हैं ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि जिस तरह से आज सुबह से ही बारिश हो रही है इससे फसल को तो बहुत फायदा है लेकिन हम डर रहे हैं कि कही ओले ना पड़ जाए क्योंकि इस वक्त फसल तैयार होने को जा रही है उन्होंने यह भी कहा कि सभी को चाहिए कि सर्दी के मौसम से बच के रहे और अपने बच्चों को भी सर्दी से बचा के रखें आज की बारिश लोगों की फसल के लिए लाभदायक है उन्होंने यह भी कहा कि बाजार में सभी दुकानदार सर्दी की वजह से दुकान के अंदर ही गरम कपड़ा पहने हुए बैठे हैं और ग्राहक की इंतजार कर रहे हैं ग्राहक कोई भी नहीं है केवल मजबूरी में ही लोग घर से बाहर निकल रहे हैं।

## सडक हादसे में चाचा-भतीजा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम डेलना के पास शुक्रवार को कार की चपेट में आने से बाइक सवार चाचा भतीजा घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए रुड़की डॉक्टर के यहां भर्ती कराया गया है। ग्राम फलौदा निवासी श्याम सिंह अपने भतीजे राहुल के साथ किसी काम से इकबालपुर बाइक से जा रहे थे। जैसे ही वह ग्राम डेलना के पास आए पीछे से तेज गति से आ रही कार की चपेट में आने से बाइक पर सवार दोनों चाचा भतीजा बाइक सहित सड़क पर गिर गए तथा घायल हो गए। कार की चपेट में आने से ककर चालक द्वारा कार को रोककर दोनों घायलों को अपनी ही कार में बैठा कर उन्हें इलाज के लिए रुड़की डॉक्टर के यहां भर्ती कराया गया है। डॉक्टर के यहां भर्ती करने के बाद घायलों के परिजनों को सूचना दी गई। राहुल के एक पैर की हड्डी टूटी हुई बताई गई है।

# हल्की बारिश होने से किसानों के चेहरे खिले, फसल को होगा लाभ

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में शुक्रवार सुबह से ही हल्की-हल्की बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। इस बारिश से खेतों में खड़ी गेहूं सरसों व गन्ने की फसल को काफी लाभ होगा। गेहूं की फसल के लिए यह बारिश वरदान साबित होगी। झबरेडा व पूरा ग्रामीण क्षेत्र में किसानों द्वारा खेती बाड़ी की जाती है। इस क्षेत्र में अधिकतर गन्ने की फसल को महत्व दिया जाता है। उसके बाद गेहूं व सरसों की फसल भी क्षेत्र में बहुतायत में होती है ।किसान यशवीर सिंह राजपाल सिंह चौधरी बिरम सिंह प्रदीप त्यागी विकास कुमार मनावर हसन बाबूराम आदि का कहना है कि शुक्रवार सुबह से ही हल्की-हल्की बारिश हो रही है ।यह बारिश गेहूं की फसल के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। बारिश होने से गेहूं फसल की पैदावार बढ़ना तय है ।गेहूं की अगेती फसल जो नवंबर माह में बोई गई थी उसमें कुछ दिन बाद ही बलिया निकलनी शुरू हो जाएगी। बारिश होने से गेहूं में सरसों की फसल में आने वाला कीट रोग नहीं आ पाएगा। तथा गेहूं की फसल में बालियां भी लंबी होने में यह बारिश मददगार साबित होगी। गेहूं की पछेती फसल के लिए भी यह बारिश वरदान से कम नहीं है। खेतों में खड़ी सरसों व गन्ने की फसल के लिए भी यह बारिश काफी लाभदायक साबित होगी। किसानों का कहना है कि उनके खेतों में खड़े आम अमरूद पॉपुलर आदि के पेड़ों की बारिश होने से धुलाई होने से उन्हें भी काफी लाभ होगा। वहीं दूसरी ओर खेतों में खड़ी फसलों में किसानों का पानी लगाने की बचत भी हो सकेगी।

## मनरेगा का नाम बदलने पर कांग्रेस मुखर

**लक्सर।** क्षेत्र के ग्राम भगतनपुर में आज वरिष्ठ कांग्रेस नेता मगन सिंह सैनी के आवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा 'मनरेगा' (डछत्म्ळ।) योजना का नाम बदले जाने के प्रयासों पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। कांग्रेस नेताओं ने दो टूक शब्दों में कहा कि सरकार इस योजना का स्वरूप बदलकर इसे धीरे-धीरे खत्म करने की साजिश रच रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार मनरेगा का नाम बदलकर 'जी राम' रखने की तैयारी में है। उन्होंने स्पष्ट किया हम 'जी राम' नाम से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन भाजपा की नीयत पर शक है। नाम बदलना असल में इस जनकल्याणकारी योजना को बंद करने की दिशा में उठाया गया कदम है। यह सीधे तौर पर गरीब मजदूरों के पेट पर लात मारने जैसा है।

# बसंत पंचमी पर सुलभ शिक्षा के आभासी प्रकल्प 'मिशन ज्ञान गंगा' का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बसंत पंचमी पर सुलभ शिक्षा के आभासी प्रकल्प 'मिशन ज्ञान गंगा' का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं ऊर्जावान शिक्षामंत्री श्री धन सिंह रावत के कुशल नेतृत्व में जनपद हरिद्वार में शिक्षा के क्षेत्र में एक अभिनव पहल की ऑनलाईन शुरुआत की गई हैं। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित जी एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्रा के मार्गदर्शन तथा नोडल अधिकारी/डायट प्राचार्य मेराज अहमद जी के समन्वय से "मिशन ज्ञान गंगा' के अंतर्गत 'सुलभ शिक्षा का आभासी पायलट प्रकल्प' प्रारंभ किया गया। इस परियोजना का उद्देश्य कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों को कठिन विषयों की जटिल अवधारणाओं को सरल, रोचक एवं गुणवत्तापूर्ण वीडियो शिक्षण के माध्यम से समझाना है। डायट प्राचार्य मेराज अहमद ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के आधार पर इसे आगे और विस्तार दिया जाएगा, जिससे अधिकाधिक विद्यार्थियों को लाभ मिल सके।

# हल्की बूंदाबांदी ने दरगाह क्षेत्र के बाजारों की खोल दी पोल रुक-रुक हुई बारिश से बाजारों में फैला कीचड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** हल्की बूंदाबांदी ने दरगाह साबिर पाक के बाजारों की पोल खोल दी है। शुक्रवार सुबह से रुक-रुक कर हो रही बारिश के चलते दरगाह क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में भारी कीचड़ फैल गया, जिससे जायरीनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

पिरान कलियर में नोचंदी जुमेरात के अवसर पर बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचे हुए थे। जुमे की नमाज अदा करने के बाद अधिकतर जायरीन अपने-अपने घरों की ओर लौटते हैं।लेकिन बारिश के कारण बाजारों में कीचड़ फैलने से उनकी आवाजाही प्रभावित हो गई। जगह-जगह गहरे गड्ढों में पानी भर जाने से पैदल चलना तक मुश्किल हो गया।कीचड़ और बदहाल सड़कों के चलते जायरीन बाजारों में खरीदारी करने से कतराते नजर आए। कई जायरीन नमाज के बाद बाजार में रुकने के बजाय वापसी का इंतजार करते दिखाई दिए, जिसका सीधा असर स्थानीय दुकानदारों के कारोबार पर भी पड़ा।दरगाह क्षेत्र के पहाड़ी गेट, फव्वारा चौक सहित अन्य प्रमुख बाजारों की सड़कें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं।

जगह-जगह बने गहरे गड्ढे बारिश में और भी खतरनाक हो



गए हैं, लेकिन इसके बावजूद दरगाह प्रशासन द्वारा सड़कों की मरम्मत को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।स्थानीय दुकानदारों और जायरीनों ने दरगाह प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत कराई जाए, ताकि आने वाले दिनों में जायरीनों को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# बीएसएम इंटर कॉलेज में स्थापना दिवस के रूप में मनाया गया बसंत पंचमी का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बी.एस.एम. इण्टर कॉलेज रुड़की में बसंत पंचमी को बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संस्थान के प्रबंधक, अध्यक्ष, ममतेश कुमार शर्मा एवम विशिष्ट अतिथि संस्थान के सचिव रजनीश कुमार शर्मा ने शिरकत की विद्यालय में छात्रों द्वारा विभिन्न रंगारम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

विद्यालय में बसंत पंचमी को विद्यालय स्थापना दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में स्थित मां सरस्वती के मंदिर में यज्ञ एवं पूजा अर्चना की गई प्रबंध समिति विद्यालय स्टाफ कर्मचारी एवं छात्रों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना में प्रतिभाग किया स मुख्य अतिथि ममतेश कुमार शर्मा एवम सचिव रजनीश कुमार शर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बसंत पंचमी यानी सरस्वती पूजा एक पवित्र त्योहार है जो ज्ञान, बुद्धि, विद्या, संगीत और कला की देवी सरस्वती को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। इसे पूरे देश में लोग बहुत श्रद्धा से मनाते हैं। ज्ञान और सफलता के लिए सरस्वती मां से आशीर्वाद मांगते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टेन अजय कौशिक ने कहा कि बसंत पंचमी हमारे देश के सबसे उल्लास भरे पर्वों में से है, जो न केवल ऋतु परिवर्तन के साथ बसंत के आगमन का संकेत है, बल्कि ज्ञान, संगीत, कला



और नवजीवन का प्रतीक भी है। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. अभय ढौंडियाल ने किया स पूजा, हवन कार्यक्रम में अमित कपिल, डॉ. उदयन, अखिलेश मोहन शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, डी. एन. पाण्डेय, संगीता गौड़, नीरज कुमार वर्मा, कमल मिश्रा, शैलेन्द्र पन्त, विकास गौतम, विशेष कुमार, विशाल शर्मा, विनय कुमार, पवन कपिल, मोहित कुमार, अंकित कौशिक, नितिन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

शनिवार, 24 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# पाक की हरकत

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज आता दिखाई नहीं दे रहा है और वह बराबर भारत को परेशान कर रहा है। रक्षा सूत्रों की मानें, तो पाक भारत के खिलाफ एक खतरनाक और सस्ता युद्ध मॉडल अपना रहा है। इस मॉडल के चलते पाकिस्तान की तरफ से 800 से ज्यादा ड्रोन भारतीय सीमा में भेजे गए। इन ड्रॉन्स को लॉ लेवल ड्रॉन वॉर फेयर का नाम दिया गया है। यह ड्रोन कम ऊंचाई पर उड़ते हैं, जिसके चलते ये ड्रोन रडार को चकमा दे सकते हैं। अधिकतर ड्रोन राजस्थान और पंजाब में देखने की बात सामने आई है, जहां तक बात भारतीय सुरक्षा बलों की है, उन्होंने सक्रियता दिखाते हुए 800 में से 240 ड्रोन मार गिराए हैं। ड्रोन्स का अलग-अलग ब्यौरा भी सामने आया है, जो बताता है कि 5 ड्रोन में हथियार व युद्ध से जुड़ा सामान मिला है। 160 ड्रोनों से सामान गिराया गया है। वहीं 72 ड्रोन नशीले पदार्थ लेकर आए थे। जनवरी महीने की ही बात करें, तो अब तक इस तरह की 12 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। सूत्र बताते हैं कि ज्यादातर ड्रोन सर्विलांस करने आए थे और उनका मकसद भारतीय सेना के कार्य और उनका पैटर्न पता लगाना था। कहा तो यह भी जा रहा है कि इस तरह का पैटर्न पाकिस्तान आतंकवादियों की घुसपैठ के रास्ते खोजने के लिए अपनाता है। भारत ने सैन्य संचालन महानिदेशक स्तर पर हॉटलाइन पर होने वाली वार्ता में अपनी आपत्ति दर्ज कराई है, लेकिन पाकिस्तान इन आपत्तियों पर कोई ध्यान देता दिखाई नहीं दे रहा है, अच्छी बात यही है कि पाक पर भरोसा न करते हुए भारत अपनी तरफ से तैयारी करता दिखाई दे रहा है और इस संदर्भ में भारतीय सेना और वायु सेना काउंटर ड्रोन सिस्टम खरीद रही है। डीआरडीओ से भी तैयार सिस्टम खरीदे जा रहे हैं। जो पाक सीमा और एलओसी पर तैनात किए जाएंगे। राजस्थान-पंजाब बॉर्डर के अलावा जम्मू कश्मीर में पिछले हफ्ते एलओसी के पास पाक ड्रोन देखे गए हैं। मतलब साफ है कि पाक से इस समय बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है। 800 ड्रोन आने की घटनाएं कोई मामूली घटना नहीं है। ना ही यह छुटपुट घटनाओं की श्रेणी में आती है। इससे पता चलता है कि पाक भारत की खुफिया जानकारी बराबर जुटा रहा है। जिससे उसका इरादा खतरनाक हो रहा है। जम्मू कश्मीर में जिस तरह आतंकवादी घटनाएं बढ़ी हैं, उससे भी पता चलता है कि वह अपने नापाक मंसूबों से पीछे नहीं हटने जा रहा। यह भी तब है जब ऑपरेशन सिंदूर के चलते वह भारत के हाथों बुरी तरह पिट चुका है, लेकिन लगता यही है कि उसने हालात से कोई सबक नहीं सीखा और वह बराबर भारत को उकसा रहा है। असल में उसके उकसाने के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ भी कम नहीं है। यही वे ताकते हैं जो नहीं चाहतीं कि भारत पाक के बीच में किसी तरह शांति का रास्ता खोजा जाए। ऐसे में भारत को बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है।

## शंकराचार्य के साथ दुर्व्यवहार अपराध



आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वहां की सरकार ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को स्नान से वंचित करके घोर अपराध और पाप किया है। उन्होंने शंकराचार्य से प्रयागराज में शुक्रवार को मुलाकात करने के बाद कहा कि शंकराचार्य को स्नान से वंचित कर उत्तर प्रदेश की सरकार ने घोर अपराध और पाप किया है। उससे भी बड़ी अपमानजनक बात यह है शंकराचार्य से शंकराचार्य होने का प्रमाण मांगा जा रहा है। जो लोग आज तक अपना डिग्री नहीं दिखा पाये वह शंकराचार्य से शंकराचार्य होने का प्रमाण मांग रहे है, मौनी अमावस्या के दिन पुलिस से विवाद के बाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में माघ मेले में शिविर के बाहर बैठे है। **-संजय सिंह, नेता आप**

# नेपाल चुनाव परिणाम पर पड़ोसी देशों की नजर



यशोदा श्रीवास्तव

अधिवेशन में 54 प्रतिशत से कहीं ज्यादा केंद्रीय समिति के सदस्यों की भागीदारी थी लिहाजा देउबा के निष्कासन के फरमान को न केवल नजर अंदाज कर दिया, सर्वसम्मति से गगन थापा को पार्टी का नया सभापति चुन लिया गया। इस तरह नेपाली कांग्रेस अब गगन थापा के नेतृत्व वाली पार्टी हो गई है। इस चुनाव में देउबा को टिकट भी नहीं मिला।

जेन जी आंदोलन में भारी नुकसान के बाद सत्ता में आई अंतरिम सरकार के वादे के मुताबिक नेपाल वक्त से पहले चुनाव की दहलीज पर है। प्रधानमंत्री उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश सुशीला कार्की ने सत्ता संभालते ही छः महीने के भीतर चुनाव कराकर सत्ता सीन पार्टी को सरकार की कमान सौंप देने का वादा किया था। सुशीला कार्की के वादे के अनुसार पांच मार्च को नेपाल प्रतिनिधि सभा का चुनाव तय है। नामांकन की तिथि समाप्त हो चुकी है। राजनी. तिक दल और उनके प्रत्याशी अपने अपने क्षेत्रों में प्रचार और जनसंपर्क में जुटे गए हैं।

चुनाव आयोग के अनुसार प्रतिनिधि सभा के 165 सीटों के लिए नेपाल के मान्यता प्राप्त 68 राजनीतिक दलों के अलावा और स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में भी सैकड़ों उम्मीदवार मैदान में हैं। निर्दल उम्मीदवारों में कई नामचीन चेहरे भी हैं जो अपने दलों से टिकट न पाने की वजह से निर्दल ही चुनाव लड़ने को मजबूर हुए। भारी उथल पुथल के बीच नेपाल में होने जा रहे इस चुनाव पर दुनिया की नजर है खासकर उन देशों की जो नेपाल के पड़ोसी राष्ट्र हैं जैसे भारत,चीन, पाकिस्तान आदि। नेपाल में हाल के दिनों में अमे. रिका की भी दिलचस्पी बढ़ी है इसलिए उसे भी नेपाल के चुनाव परिणाम की उत्सुकता है।

नेपाल का यह चुनाव वाकई कई मायनों में दिलचस्प और महत्वपूर्ण है। नेपाली कांग्रेस जो नेपाल की सबसे पुरानी पार्टी है और इसका राजशाही के जमाने से ही लोकतंत्र की लड़ाई का इतिहास रहा है,अब परिवर्तित नेपाली कांग्रेस हो गई है। इस पार्टी को कोइराला परिवार के प्रभुत्व वाली पार्टी कहा जाता था जिसका भारत से नजदीकियां रही है। 2021में सांगठनिक चुनाव में इस पार्टी से कोइराला परिवार का वर्चस्व टूट गया। सभापति के चुनाव में शेर बहादुर देउबा कोइराला परिवार के शेखर कोइराला को पराजित कर पार्टी के सभापति (अध्यक्ष) पद पर काबिज हुए थे। देउबा पश्चिम नेपाल के डेडुल्धुरा क्षेत्र से 1991 से सांसद चुने जाते रहे और नेपाल के पांच बार प्रधानमंत्री रहे। पिछले महीने जेन जी आंदोलन में देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा को काफी प्रताड़ना सहनी पड़ी थी। इस आंदोलन के बाद नेपाली कांग्रेस की छवि सबसे कमजोर नेतृत्व वाली पार्टी के रूप उभर कर सामने आई। तभी से देउबा पर विशेष राष्ट्रीय अधिवेशन बुलाने की मांग जोर पकड़ रही थी। देउबा जानते थे कि अधिवेशन का मतलब सभापति पद से उनकी छुट्टी करना है, इसलिए वे अधिवेशन के पक्ष में नहीं थे, लेकिन जैसा कि नेपाली कांग्रेस के विधान में है कि पार्टी के केंद्रीय समिति के 54 प्रतिशत सदस्य यदि चाहें तो अधिवेशन कभी भी बुलाया जा सकता है। इसी विधान के तहत पार्टी के दो महामंत्री गगन थापा और विश्व प्रकाश शर्मा ने अधिवेशन आहुति की जो चार दिन तक चला। इस बीच देउबा न केवल अधिवेशन को अवैधानिक करार देने में जुटे रहे, गगन थापा, विश्व प्रकाश शर्मा और सह महामंत्री फरकुल्लाह मंसूर को पार्टी से निष्कासित करने का फरमान जारी कर दिया। अधिवेशन में 54 प्रतिशत से कहीं ज्यादा केंद्रीय समिति के सदस्यों की भागीदारी थी लिहा. जा देउबा के निष्कासन के फरमान को न केवल नजर अंदाज कर दिया, सर्वसम्मति से गगन थापा को पार्टी का नया सभापति चुन लिया गया। इस तरह नेपाली कांग्रेस अब गगन थापा के नेतृत्व वाली पार्टी हो गई है। इस चुनाव में देउबा को टिकट भी नहीं मिला। नए नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस ने इनकी जगह पर किसी अन्य को टिकट दे दिया है। देउबा के चुनाव न लड़ने से डेडुल्धुरा चुनाव क्षेत्र जो सुर्खियों में रहा करता था,इस बार चुनावी परिदृश्य से गायब है। देउबा के शानदार राजनीतिक सफर का अंत इतना क्रूरतम होगा, इसका अंदाजा किसी को नहीं था।

इस चुनाव में चार खास चुनाव क्षेत्रों की चर्चा जोरों पर है। झापा क्षेत्र संख्या पांच जहां से पूर्व पीएम व एमाले अध्यक्ष केपी शर्मा ओली चुनाव मैदान में हैं। ओली अपनी पार्टी के घोषित पीएम का चेहरा हैं। इसी चुनाव क्षेत्र से काठमांडू के पूर्व मेयर वालेन शाह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से चुनाव मैदान में हैं। वालेन शाह भी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की ओर से पीएम के लिए घोषित चेहरा हैं। इस चुनाव क्षेत्र में 35 बनाम 74 का नारा सुर्खियों में है। वालेन शाह पूर्व में इंजीनियर रहे हैं बाद में मशहूर रैपर हुए। युवाओं में खासा लोकप्रिय हैं। काठमांडू नगर निगम के मेयर का चुनाव निर्दल लड़ कर जीते थे। उन्होंने प्रतिनिधि सभा का चुनाव लड़ने के लिए मेयर पद से इस्तीफा दे दिया। इनकी उम्र 35 वर्ष है और ओली की 74 वर्ष इसलिए इस चुनाव क्षेत्र की लड़ाई 35 बनाम 74 के बीच है। गोरखा क्षेत्र संख्या एक की भी चर्चा खूब है। यहां से शोसल मीडियाष्हामी नेपालष के जरिए युवाओं में पैठ बनाए सुडान गुरूंग राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। सुडान पिछले दिनों सुर्खियों में तब आए जब उनकी शिनाख्त जेन जी आंदोलन के नायक के रूप में उभरी। हालांकि इस आंदोलन ने ओली सरकार के तख्तापलट के साथ नेपाल को दर्द भी बहुत दिया। इसके बाद सुर्खियों में है सर्लाही का क्षेत्र संख्या चार।

यहां से नेपाली कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष गगन थापा चुनाव मैदान में हैं। गगन थापा भी नेपाली कांग्रेस की तरफ से पीएम का चेहरा हैं। गगन थापा के अनुसार उनकी पार्टी बिना किसी गठबंधन के सरकार बनाएगी। यदि ऐसा हो पाया तो नेपाल की राजनीति में चमत्कार होगा। तीसरे नंबर पर जिस चुनाव क्षेत्र की चर्चा है वह है रुकुम क्षेत्र संख्या एक। यहां से माओवादी केंद्र के अध्यक्ष व पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड चुनाव मैदान में हैं। प्रचंड का भी दावा सरकार बनाने का है। प्रचंड नेपाल में राजशाही के खिलाफ जनयुद्ध के नायक के रूप में देखे जाते हैं। इस बार प्रचंड के चुनाव क्षेत्र में चुनावी मुक. ाबला बड़ा रोचक होने जा रहा है क्योंकि जनयुद्ध में अपने मां बाप को गंवा देने वाले प्रचंड के करीबी रहे युवा नेता संदीप पुन प्रचंड के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। 35 वर्षीय संदीप पुन प्रचंड के नेतृत्व वाले माओवादी केंद्र के छात्र संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे हैं। संदीप पुन प्रगतिशील लोकतांत्रिक पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। इस चुनाव में जो सबसे बड़ी बात है वह यह कि जितनी बड़ी पार्टियां हैं, इस बार बिना किसी गठबंधन के साथ अकेले चुनाव मैदान में हैं। 2008 में हुए संविधान सभा के चुनाव बाद यह पहला अवसर है जब बड़ी राजनीतिक पार्टियां अकेले चुनाव लड़ रही है और सभी को अपनी सरकार आने का भरोसा है। पूर्व गृह मंत्री रवि लामी छाने की पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी जिसका उदय पिछले चुनाव में धूमकेतु की तरह हुआ था,इस बार नेपाल के सभी क्षेत्रों में चुनाव लड़ रही है। इतना ही नहीं जिस तेजी से इस पार्टी ने मधेश के जिलों में अपना प्रभाव बढ़ाया है और ढेर सारे बड़े नेता इस पार्टी से जुड़े हैं उससे चुनाव परिणाम में बड़े उलटफेर की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। रवि लामी छाने खुद भी चितवन दो से चुनाव लड़ रहे हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को नेपाली कांग्रेस के बागी उम्मीदवारों से लाभान्वित होने की उम्मीद है। भारत सीमा से सटे नेपाल के कपिलवस्तु जिले के क्षेत्र संख्या एक से भारत में नेपाल के राजदूत रहे नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीप कुमार उपाध्याय के बेटे आशीष शर्मा का टिकट कटना यहां के दो तीन क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है। प्रतिनिधि सभा के उच्च सदन के 110 सीटें समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत भरी जाएगी, जिसके लिए राजनी. तिक दलों ने अपने उम्मीदवारों की सूची चुनाव आयोग को पहले ही सौंप दी है। चुनाव में मिले मतों के प्रतिशत के आधार पर उच्च सदन में किस राजनीतिक दल के कितने सदस्य नामित किए जा सकते हैं,यह तय होता है। उच्च सदन के प्रति. निधियों का नाम राजनीतिक दलें अपने हिसाब से करती हैं। अभी जैसा कि नेपाल का चुनावी परिदृश्य दिख रहा है,उस हिसाब से किसी पार्टी के पक्ष में राय जाहिर करना जल्दबाजी होगी। नेपाल चुनाव में दिलचस्पी रखने वाले देश विदेश के विश्लेषक भी यह तय कर पाने की स्थिति में नहीं हैं कि नेपाल के चुनाव परिणाम का सीन क्या होगा?


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जबड़े ने सुलझाई गिबन की गुत्थी

शोधकर्ताओं का कहना है कि भारत में मिला जीवाश्म कैपी रगनेगेरेंसिस प्रजाति का है जो दक्षिण एशियाई प्राइमेट्स के विलुप्त हो चुके समूह का है, और वह वर्तमान कपियों का करीबी सम्बंधी नहीं था। वर्तमान प्राइमेट्स के पूर्व में किए गए डीएनए विश्लेषण से पता चलता है कि हाइलोबैटिड्स अफीका में अन्य कपियों से लगभग 2. 2 करोड़ से 1.7 करोड़ वर्ष पूर्व अलग हो गए थे। लेकिन यह अभी एक रहस्य ही है गिबन के पूर्वज युरेशिया कब पहुंचे। एशिया में वाई. शाओयुआन के साक्ष्य मिलने और अफीका या उसके आसपास के क्षेत्रों में हाइलोबैडिट्स की उत्पत्ति के बीच लगभग एक करोड़ वर्ष का अंतर है। आनुवंशिक साक्ष्य यह भी इंगित करते हैं कि वर्तमान गिबन प्रजातियों के साझा पूर्वज लगभग 80 लाख वर्ष पूर्व पृथ्वी पर रहते थे।

गिबन छोटे शरीर और लंबी बाहों वाले, पेड़ों पर छलांग लगाने वाले कपि हैं जो उत्तरपूर्वी भारत, पूर्वी बांग्लादेश और दक्षिणपूर्वी चीन से लेकर इंडोनेशिया के कई द्वीपों में पाए जाते हैं, लेकिन इनके उद्विकास की कहानी को समझना वैज्ञानिकों के लिए मुश्किल रहा है। अब दक्षिण-पश्चिमी चीन के एक गांव के पास मिले एक जीवाश्म से बात कुछ पकड़ में आई है। इस जीवाश्म में ऊपरी जबड़े का हिस्सा और सात अलग-अलग दांत हैं। इससे इस पूर्व निष्कर्ष की पुष्टि हुई है कि सबसे पहले ज्ञात गिबन लगभग 70 से 80 लाख साल पहले इस इलाके में रहते थे।

चीन के कुनमिंग नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम ऑफ जूलॉजी के पुरा-मानवविज्ञानी ज्युपिंग जी और उनके साथियों का कहना है कि यह जीवाश्म और इस क्षेत्र व इसके पास के क्षेत्र से मिले 14 दांत युआनमोपिथेकस शाओयुआन नामक एक प्राचीन हाइलोबैटिड प्रजाति के हैं। हाइलोबैटिड्स कपियों का एक कुल है जिसमें वर्तमान गिबन्स की लगभग 20 प्रजातियां और पूर्वोत्तर भारत से इण्डोनेशिया तक के उष्णकटिबंधीय जंगलों में पाए जाने वाले सियामांग गिबन शामिल हैं। 2006 में वाई. शाओयुआन के बारे में पता चलने के बाद जी और उनके दल का मानना था कि यह एक प्राचीन गिबन है। लेकिन इसकी पुष्टि के लिए अतिरिद्र जीवाश्मों की आवश्यकता थी। लगभग एक दशक पूर्व एक स्थानीय निवासी को वाई. शाओयुआन का ऊपरी जबड़े का हिस्सा मिला था। इस जबड़े में चार दांत और दाढ़ का कुछ हिस्सा था। इसकी मदद से शोधकर्ता यह समझ सके थे कि यह एक शिशु गिबन का जबड़ा है जो 2 वर्ष की उम्र के पूर्व ही मर गया



था। आधुनिक कपियों और प्राचीन प्राइमेट्स के जीवाश्मों की तुलना करने पर पाया गया कि वाई. शाओयुआन सबसे प्राचीन ज्ञात गिबन है। ये नतीजे दो साल पूर्व की एक रिपोर्ट को झुठलाते हैं जो कहती है कि उत्तरी भारत में हाइलोबैडिट कुल की लगभग 1.3 करोड़ वर्ष पुरानी दाढ़ मिली थी। शोधकर्ताओं का कहना है कि भारत में मिला जीवाश्म कैपी रगनेगेरेंसिस प्रजाति का है जो दक्षिण एशियाई प्राइमेट्स के विलुप्त हो चुके समूह का है, और वह वर्तमान कपियों का करीबी सम्बंधी नहीं था। वर्तमान प्राइमेट्स के पूर्व में किए गए डीएनए विश्लेषण से पता चलता है कि हाइलोबैटिड्स अफीका में अन्य कपियों से लगभग 2.2 करोड़ से 1.7 करोड़ वर्ष पूर्व अलग हो गए थे। लेकिन यह अभी एक रहस्य ही है गिबन के पूर्वज युरेशिया कब पहुंचे। एशिया में वाई. शाओयुआन के साक्ष्य मिलने और अफीका या उसके आसपास के क्षेत्रों में हाइलोबैडिट्स की उत्पत्ति के बीच लगभग एक करोड़ वर्ष का अंतर है।

आनुवंशिक साक्ष्य यह भी इंगित करते हैं कि वर्तमान गिबन प्रजातियों के साझा पूर्वज लगभग 80 लाख वर्ष पूर्व पृथ्वी पर रहते थे, इसी समय वाई. शाओयुआन भी पृथ्वी पर निवास करते थे। तो हो सकता है कि इसके बाद के सभी गिबन्स के पूर्वज वाई. शाओयुआन हों, या यह भी हो सकता है कि आधुनिक गिबन के पूर्वज और वाई. शाओयुआन निकट सम्बंधी हों। जर्नल ऑफ ह्यूमन इवॉल्यूशन में शोधकर्ता बताते हैं कि दांत की चबाने वाली सतह पर बने उभार और गढ्डों के निशान और दांतों व जबड़े की अन्य विशेषताएं काफी हद तक वर्तमान गिबन की तरह हैं। इसके अलावा वाई. शाओयुआन के अश्मीभूत दांत की कुछ विशेषताएं आधुनिक गिबन के दांतों की विशेषताओं की पूर्ववर्ती लगती हैं। दाढ़ के आकार के आधार पर शोधकर्ताओं का अनुमान है कि वाई. शाओयुआन का वजन लगभग छह किलोग्राम था, यह भी आधुनिक गिबन्स के समान है। इनके दाढ़ की संरचना इंगित करती है कि यह भी वर्तमान गिबन की तरह मुख्यत: फल खाता था। बहरहाल के. रगनेगेरेंसिस के विकास की कहानी अभी अस्पष्ट ही है क्योंकि इसका केवल एक ही दांत मिला है, जिसके आधार पर पुख्ता तौर पर कुछ कहना मुश्किल है।

**...स्रोत फीचर्स**

# बालिकाओं के साथ हैवानियत के बढ़ते मामले चिंताजनक

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष





श्वेता गोयल

वर्ष 2008 से प्रतिवर्ष 24 जनवरी को 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' मनाया जाता है, जो पूरी तरह लड़कियों को समर्पित है। प्रत्एक बालिका को मानवीय अधिकार मिलना सुनिश्चित करने, समाज में बालिकाओं के अधिकारों को लेकर जागरूकता पैदा करने तथा उन्हें नया अवसर मुहैया कराने के उद्देश्य से 2008 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा इस दिवस की शुरूआत की गई थी।

दरअसल बालिकाओं को शिक्षा, कानूनी अधिकार और सम्मान जैसे मामलों में असमानता का शिकार होना पड़ता है और ऐसे मामलों को दुनिया के समक्ष लाना, लोगों के बीच बराबरी का अहसास पैदा करना, लड़कियों के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता पैदा करना ही इस दिवस का अहम उद्देश्य है। लैंगिक भेदभाव तो सदियों से एक बहुत बड़ी समस्या है, इसीलिए राष्ट्रीय बालिका दिवस के माध्यम से लोगों में लैंगिक असमानता को लेकर जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया जाता है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में बालिकाओं के कल्याण के लिए सरकारों द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरूआत की गई है, बालिका विवाह और लिंग परीक्षण पर रोक जैसे कानून लागू हैं और बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसा महत्वपूर्ण अभियान चलाया जा रहा है लेकिन छोटी-छोटी बालिकाओं पर अत्याचारों का सिलसिला निर्बाध रूप से जारी है। संयुक्त राष्ट्र महिला के आंकड़ों के अनुसार विश्वभर में 15-19 आयु वर्ग की करीब डेढ़ करोड़ किशोर बालि. काएं अपने जीवन में कभी न कभी यौन उत्पीड़न का शिकार होती हैं। अगर पिछले कुछ दिनों के मामलों पर नजर डालें तो बालिकाओं के शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न की काफी वीभत्स तस्वीर सामने आती है। देश के विभिन्न हिस्सों से लगातार सामने आते ऐसे मामलों की लंबी फेहरिस्त है। आए दिन अबोध बालिकाओं के साथ हैवानियत के निरन्तर सामने आते ऐसे मामलों से इंसानियत भी शर्मसार हो रही है। चिंताजनक स्थिति यह है कि अक्सर ऐसे ज्यादातर मामलों में पुलिस का गैरजिम्मेदाराना और लापरवाही भरा रवैया सामने आता रहा है। निर्भया कांड के बाद कानूनों में सख्ती और महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने के बाद भी अगर इस तरह के मामले थमने का नाम नहीं ले रही तो इसका स्पष्ट कारण यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं होती, जिसके वे हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपराधियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं। हैदराबाद की बेटी दिशा का मामला हो या उन्नाव पीड़िता का अथवा हाथरस या बुलंदशहर की बेटियों का, लगातार सामने आते ऐसे तमाम मामलों से स्पष्ट है कि केवल कानून कड़े कर देने से ही बालिकाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने वाले नहीं हैं। यह विडम्बना ही है कि हम नवरात्र जैसे पर्वों पर बालिका पूजन करने का ढ़ोंग करते हैं लेकिन देवी स्वरूपा उन्हीं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं करते। बेहद चिंताजनक स्थिति है कि भारत में प्रतिवर्ष 3-7 लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिए जाते हैं। हालांकि आज कई बालिकाएं भी विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के झंडे गाड़ रही हैं लेकिन उसके बावजूद शिक्षा, कानूनी अधिकार और सम्मान जैसे मामलों में उन्हें 21वीं सदी में भी असमानता की शिकार होना पड़ता है। तमाम जागरूकताओं के बावजूद समाज में लैंगिक भेदभाव आज भी बरकरार है। बहुत से मामलों में बालिकाओं के नजदीकी लोग ही उनका शोषण करते हैं। सरकारों द्वारा भले ही 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाओं का गणेश कर दिया गया है लेकिन जब कुछ मामलों में कानून के रक्षक ही बालिकाओं के शोषण के मामले में भक्षक की भूमिका में सामने आते हैं तो ऐसी योजनाएं औचित्यहीन प्रतीत होने लगती हैं। बालिकाएं आज स्वयं को कहीं भी सुरक्षित नहीं समझती, इसलिए केवल कागजों में बालिकाओं के कल्याण के लिए नई-नई योजनाएं बनाते रहने से तब तक कुछ हासिल नहीं होने वाला, जब तक कि समाज बालिकाओं को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध होने की गारंटी न दे। बहरहाल, राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सरकार के साथ समाज भी अगर लिंगभेद को खत्म करने तथा देश में ऐसा वातावरण निर्मित करने का संकल्प ले, जहां बालिकाएं स्वयं को हर जगह सुरक्षित महसूस करें, तभी ऐसे दिवस मनाए जाने की कुछ सार्थकता होगी। जरूरत इस बात की है कि बालिकाओं के साथ दरिंदगी करने वालों के लिए बेहद कड़े कानून बनें, ऐसे मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक अदालतों का गठन हो और ऐसे मामलों की जांच में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों तथा अन्य अधिकारियों को कड़े दंड का प्रावधान हो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस परेड के लिए बारिश से प्रभावित पूर्वाभ्यास के दौरान उपस्थित लोग प्लास्टिक की चादरों के नीचे शरण लेते हुए।

## ऑस्ट्रेलिया में तीन लोगों की गोली मारकर हत्या करने वाले की तलाश जारी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स की पुलिस घरेलू हिसा से जुड़ी गोलीबारी में तीन लोगों की हत्या करने वाले आरोपी की तलाश कर रही है। स्थानीय समयानुसार, गुरुवार की शाम करीब 4:20 बजे हुई गोलीबारी के बाद पुलिस 37 वर्षीय संदिग्ध जूलियन इनग्राम को तलाश कर रही है। गुरुवार को पुलिस के साथ-साथ उसकी तलाश के लिए हेलीकॉप्टरों को भी तैनात किया गया था। पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि एक वाहन में 25 वर्षीय महिला और 32 वर्षीय पुरुष की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

# ट्रम्प के गाजा पीस बोर्ड को लेकर घिरे पाक पीएम

## विपक्ष बोला: ट्रम्प को खुश करने के लिए इससे जुड़े शहबाज, यह अमीरों का एक क्लब

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को दावोस में अमेरिका के 'बोर्ड ऑफ पीस' के चार्टर पर साइन किए हैं। इस बोर्ड को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की अगुवाई में गाजा में शांति कायम करने और फिर से बसाने के लिए बनाया गया है। पाकिस्तानी मीडिया डान के मुताबिक ऐसा करके शहबाज शरीफ अपने ही घर में घिर गए हैं।



■ पाकिस्तान में विपक्षी पार्टियों ने उनके फैसले का विरोध किया है और इसे पाकिस्तान के लिहाज से गलत बताया

पाकिस्तान में विपक्षी पार्टियों ने उनके फैसले का विरोध किया है और इसे पाकिस्तान के लिहाज से गलत बताया है। प्रसिद्ध पत्राकार और लेखक जाहिद हुसैन ने कहा कि पाकिस्तान ने जल्दबाजी में यह कदम उठाया है। हुसैन ने कहा कि पीएम को दूसरों के फैसलों का इंतजार करना चाहिए था। उन्होंने इसे ट्रम्प की जोखिम भरी नीति का हिस्सा बताया और कहा कि यह बोर्ड यूनाइटेड नेशन (यूएन) के जैसा एक संगठन बन रहा है, जो वैश्विक व्यवस्था के लिए खतरा है। हुसैन ने कहा कि यह बस एक अमीरों का क्लब बन रहा है। लेखक हुसैन ने चिंता जताई कि पाकिस्तान ट्रम्प की गुड बुक्स में रहने के लिए उनकी नीतियों का पालन कर रहा है। एक जिम्मेदार देश की विदेश नीति ऐसी नहीं होती। बोर्ड में इजरायल और अब्राहम समझौते करने वाले देश शामिल हैं, लेकिन फिलिस्तीनियों का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। उन्होंने इसे विनाशकारी कदम' करार दिया। उन्होंने पूछा कि क्या पाकिस्तान हमास को हथियार छोड़ने पर मजबूर करने के लिए तैयार है। उन्होंने आशंका जताई कि अमेरिकी जनरल के नेतृत्व में गाजा में फोर्स तैनात हो सकता है और पाकिस्तानी सैनिकों को फिलिस्तीनी प्रतिरोध से लड़ना पड़ सकता है। संसद में विपक्षी नेता अल्लामा राजा नासिर अब्बास ने एक्स पर पोस्ट कर इसे नैतिक रूप से गलत और अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि यह बोर्ड फलस्तीनियों से उनका अधिकार छीन रहा है। यह फलस्तीनियों के आत्मनिर्णय के अधिकार को कमजोर करेगा और यूएन को हाशिए पर धकेलने की कोशिश है। पाकिस्तान, जो कश्मीर जैसे मुद्दों पर यूएन के प्रस्तावों पर जोर देता है, इस तरह की पहल में शामिल होकर अपनी विश्वसनीयता खो रहा है। तहरीक-ए-तहफ्फुज के नेता मुस्तफा नवाज खोखर ने बिना संसद या सार्वजनिक बहस के इस बोर्ड में शामिल होना सरकार की मनमानी को दिखाता है। उन्होंने इसे औपनिवेशिक परियोजना (किसी शक्तिशाली देश का दूसरे देश पर कब्जा) बताया और कहा कि बोर्ड का चार्टर ट्रम्प को अत्यधिक शक्तियां देता है। खोखर के मुताबिक, बोर्ड के सदस्य को ट्रम्प शामिल या हटा जा सकते हैं और उनके पास वीटो का अधिकार भी होगा। खोखर ने सवाल उठाया कि अगर यह बोर्ड ईरान जैसे किसी देश के खिलाफ कार्रवाई का फैसला करता है, तो पाकिस्तान क्या करेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान खुद को ऐसे खतरनाक जिम्मेदारियों से बांध रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन ने पांच उप-रक्षा मंत्रियों को हटाया

**कीव।** यूक्रेन ने पांच उप-रक्षा मंत्रियों को हटया है। रक्षा मंत्री मिखाइलो फेडोरोव ने गुरुवार को टेलीग्राम पर यह जानकारी दी। फेडोरोव ने कहा कि यह फेरबदल यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और दुश्मन तथा उसकी अर्थव्यवस्था के खिलाफ 'एसिमिट्रिक' एवं साइबर हमलों को मजबूत करने के प्रयासों का हिस्सा है। रक्षा मंत्री के अनुसार कैबिनेट ने अनातोली क्लोचको, ओलेक्सांद्र कोज़ेंको, मायकोला शेवत्सोव, वलोडिमिर ज़्वेरुखा और हन्ना ग्वोज्दियार को उनके पदों से हटा दिया है।

### न्यूज़ीलैंड के उत्तरी द्वीप में भूस्खलन से चीनी नागरिक की मौत

**वेलिंगटन।** न्यूज़ीलैंड में उत्तरी द्वीप के पश्चिमी बे ऑफ़ प्लेंटी में भूस्खलन में एक चीनी नागरिक की मौत हो गई है। न्यूज़ीलैंड में चीनी दूतावास ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है। न्यूज़ीलैंड के बे ऑफ़ प्लेंटी इलाके में माउंट माउंगानुई के बेस पर एक हॉलिडे पार्क में गुरुवार को हुए बड़े भूस्खलन के बाद बच्चों समेत कई लोग लापता हैं। भारी बारिश और बाढ़ ने इस द्वीप के कुछ हिस्सों को तबाह कर दिया है, जिससे लोगों के घरों में बिजली बंद हो गई और द्वीप के पूर्वी तट पर कुछ इलाके अलग-थलग पड़ गए हैं।

### विमानन में सहयोग बढ़ाएंगे भारत-यूरोपीय संघ

**दावोस।** भारत और यूरोपीय संघ ने विमानन के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए नियामकों के बीच सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धाता जताई है तथा ढांचागत विकास के लिए एक कार्ययोजना तैयार की है। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने गुरुवार को दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के वैश्विक आर्थिक शिखर सम्मेलन के दौरान यूरोपीय संघ के परिवहन आयुक्त अपोस्टोलोस त्जित्जिकोस्टास से मुलाकात की।

# ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनकर फैमिली बिजनेस बढ़ाया

## एक साल में संपत्ति 12800 करोड़ बढ़ी, भारत में 8 प्रोजेक्ट चल रहे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को दावोस में दावा किया कि वे अमेरिका को फिर से महान और अमीर बना रहे हैं। उन्होंने अपनी नीतियों और टैरिफ के कारण 16.48 लाख करोड़ रुपये के निवेश आने का दावा किया। वहीं 20 जनवरी को आई न्यूयार्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, टैरिफ वॉर का बोझ अमेरिकी उपभोक्ताओं पर पड़ा। इस दौरान ट्रम्प की निजी संपत्ति में जबरदस्त इजाफा हुआ है।

जनवरी 2025 में दोबारा व्हाइट हाउस लौटने के बाद पिछले एक साल में ट्रम्प की संपत्ति कम से कम करीब 12810 करोड़ रुपये बढ़ी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि असली कमाई इससे ज्यादा भी हो सकती है, क्योंकि कई मुनाफे सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। वाल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में 8 ट्रम्प-ब्रांडेड प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं या प्लान्ड हैं, जिनमें रेसिडेंशियल टावर्स, कमर्शियल स्पेस और अन्य शामिल हैं।

डोनाल्ड ट्रम्प का महंगा और प्रसिद्ध आवास फ्लोरिडा के पाम बीच में स्थित मार-ए-लागो क्लब और एस्टेट है। यह संपत्ति एक ऐतिहासिक धरोहर है और 2019 से उनका मुख्य निवास स्थान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प ने राष्ट्रपति के पद की शक्ति का इस्तेमाल कर खुद और परिवार को फायदा पहुंचाया। ट्रम्प विदेशी सरकारों और कंपनियों से ऐसे सौदे कर रहे हैं जिनसे उनके परिवार को पैसा मिल रहा है। ट्रम्प की कमाई का बड़ा हिस्सा विदेशी रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स से आया है। ट्रम्प आर्गनाइजेशन 20 से ज्यादा विदेशी प्रोजेक्ट्स चला रहा है।



■ असली कमाई इससे ज्यादा भी हो सकती है, क्योंकि कई मुनाफे सार्वजनिक नहीं किए गए हैं
■ संपत्ति एक ऐतिहासिक धरोहर है और 2019 से उनका मुख्य निवास स्थान है

### ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी टीम ने बड़े पैमाने पर चंदा भी जुटाया

**न्यूयार्क** टाइम्स की जांच में सामने आया है कि चुनाव के बाद ट्रम्प और उनके करीबियों ने करीब 2 अरब डॉलर (18 हजार करोड़ रुपये) अलग-अलग फंड और योजनाओं के लिए इकट्ठा किए। यह रकम उनके इलेक्शन कैंपेन के लिए जुटाई गई राशि से भी ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी कागजात, फंडिंग रिकॉर्ड और कई लोगों से बातचीत करके पता लगा कि कम से कम 346 बड़े दानदाता ऐसे हैं, जिनमें से हर एक ने 2.5 लाख डॉलर या उससे ज्यादा का चंदा दिया। इन लोगों से ही करीब 50 करोड़ डॉलर से ज्यादा की रकम आई। इनमें से लगभग 200 दानदाता ऐसे हैं, जिन्हें या जिनके कारोबार को ट्रम्प सरकार के फैसलों से फायदा मिला। इनमें सुंदर पिचाई और सत्या नडेला जैसे 6 भारतवंशी बिजनेसमैन शामिल हैं। हालांकि रिपोर्ट यह भी कहती है कि यह साबित करना मुश्किल है कि किसी ने पैसा दिया।

उन्होंने 'ट्रम्प' नाम को लाइसेंस देकर करीब 210 करोड़ रुपये कमाए, जिसमें ओमान में लग्जरी होटल और सऊदी अरब में गोल्फ कोर्स शामिल हैं। भारत में पहला ट्रम्प-ब्रांडेड कमर्शियल प्रोजेक्ट ट्रम्प वर्ल्ड सेंटर पुणे में बन रहा है। इससे ट्रम्प को 289 मिलियन डॉलर से ज्यादा की कमाई होने का अनुमान है। गुड़गांव में रेसिडेंशियल और होटल प्रोजेक्ट्स लिस्टेड हैं। दिलचस्प बात यह है कि कुछ महीने पहले ट्रम्प ने भारत को डेड इकानमी कहा था। वियतनाम पर पिछले साल अमेरिका ने 46 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया था। टैरिफ कम करने के बदले ट्रम्प आर्गनाइजेशन को हनोई में 1.5 बिलियन डॉलर का गोल्फ प्रोजेक्ट शुरू करने की मंजूरी मिली और टैरिफ घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस प्रोजेक्ट को मंजूरी देने के लिए स्थानीय कानूनों को भी दरकिनार किया गया। इसी तरह, इंडोनेशिया में अक्टूबर 2025 में एक वायरल वीडियो में राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो को ट्रम्प के बेटे एरिक से मिलने की बात करते सुना गया। एरिक ट्रम्प परिवार का बिजनेस संभाल रहे हैं। इंडोनेशिया में मार्च में पहला ट्रम्प-ब्रांडेड गोल्फ क्लब खुला। वहां एक और प्रापर्टी और बाली में एक रिसार्ट भी ट्रम्प आर्गनाइजेशन की वेबसाइट पर लिस्टेड हैं। ट्रम्प आर्गनाइजेशन वियतनाम के हनोई में गोल्फ प्रोजेक्ट शुरू करने की तैयारी कर रहा है। ट्रम्प की सबसे बड़ी कमाई क्रिप्टोकरेंसी से हुई है। पिछले साल उनकी फैमिली से जुड़ी वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल कंपनी और एक मीम काइन से कम से कम 867 मिलियन डॉलर आए। 2025 में यूएई की एक फर्म ने ट्रम्प की कंपनी में 2 बिलियन डॉलर डाले, जो विश्व लिबर्टी फाइनेंशियल मानी जाती है। कुछ हफ्तों बाद ट्रम्प ने यूएई को सेमीकंडक्टर चिप्स बेचने की मंजूरी दी। ट्रम्प और उनके बेटों के पास वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल में 5 बिलियन डॉलर से ज्यादा के स्टेक हैं, जो परिवार की सबसे बड़ी संपत्ति बन गई है। पाकिस्तान के साथ भी एक बड़ा क्रिप्टो डील हुआ है, जो 17000 करोड़ रुपये का बताया जा रहा है। इसके अलावा, ट्रम्प और मेलानिया ने फिल्ममेकिंग से भी कमाई की। अमेजन ने मेलानिया के आने वाले डाक्यूमेंट्री 'मेलानिया' के राईट के लिए 28 मिलियन डॉलर दिए। साथ ही, टेक और मीडिया कंपनियों जैसे एक्स, मेटा, यूटयूब और पैरामाउंट ने ट्रम्प के खिलाफ मुकदमों को सेटल करने के लिए कुल 90.5 मिलियन डॉलर दिए। यूटयूब ने ट्रम्प के चैनल सस्पेंड करने पर 24.5 मिलियन डॉलर, जबकि पैरामाउंट ने कमला हैरिस के इंटरव्यू एडिट मामले में 16 मिलियन डॉलर चुकाए।

# कनाडा और अमेरिका के रिश्तों में तल्खी उजागर

■ राष्ट्रपति ट्रम्प ने 'बोर्ड ऑफ पीस' से मार्क कार्नी का निमंत्रण वापस लिया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि प्रस्तावित 'बोर्ड ऑफ पीस' (शांति बोर्ड) ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को दिया गया निमंत्रण वापस ले लिया है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट से इस निर्णय की जानकारी दी। प्रधानमंत्री कार्नी को संबोधित एक संक्षिप्त पत्र के रूप में लिखे संदेश में ट्रम्प ने बिना कोई विशेष कारण बताए स्पष्ट किया कि कनाडा के इस निकाय में शामिल होने के निमंत्रण को रद्द माना जाए। यह घटनाक्रम दोनों देशों के बीच गहराते कूटनीतिक मतभेदों की ओर इशारा कर रहा है।

यह कदम दोनों नेताओं के बीच इस सप्ताह हुई सार्वजनिक बयानबाजी और तीखी नोकझोंक के बाद उठाया गया है। इससे पहले गुरुवार को कार्नी ने ट्रंप के उस विवादास्पद दावे को सिरे से खारिज कर दिया था, जिसमें कहा गया था कि कनाडा अपने अस्तित्व के लिए अमेरिका पर निर्भर है। स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच से लौटने के बाद कार्नी ने क्यूबेक सिटी में कहा था कि कनाडा और अमेरिका के बीच आर्थिक और सुरक्षा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय साझेदारी है, लेकिन कनाडा अमेरिका के कारण जीवित नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कनाडा अपनी विशिष्ट पहचान और नागरिकों के कारण फल-फूल रहा है। दावोस शिखर सम्मेलन के दौरान कार्नी ने वैश्विक व्यवस्था में आने वाली 'दरार' के प्रति आगाह किया था और प्रमुख शक्तियों द्वारा टैरिफ (शुल्क) तथा आर्थिक दबाव के उपयोग की खुलकर आलोचना की थी। उन्होंने ग्रीनलैंड और डेनमार्क के प्रति भी अपना समर्थन व्यक्त किया था, जिसे अमेरिकी नीतियों के विरोध के रूप में देखा गया। इसके विपरीत, ट्रम्प ने उसी मंच से बोलते हुए दावा किया था कि कनाडा अमेरिका की वजह से ही जीवित है। दावोस में अमेरिकी राष्ट्रपति और कनाडाई प्रधानमंत्री के बीच कोई द्विपक्षीय मुलाकात भी नहीं हुई थी, जिससे तनाव की स्थिति पहले ही स्पष्ट हो गई थी। व्हाइट हाउस में दोबारा वापसी के बाद से ट्रम्प ने कनाडा के साथ व्यापारिक और राजनीतिक मोर्चे पर कड़ा रुख अपना रखा है। उन्होंने कनाडा पर व्यापक व्यापारिक शुल्क लगा दिए हैं और बार-बार यह सुझाव देकर विवाद पैदा किया है कि कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बन जाना चाहिए।

# अमेरिका ने वर्ल्ड हेल्थ आर्गनाइजेशन छोड़ा

■ डब्ल्यूएचओ का दो हजार 380 करोड़ बकाया, अमेरिका बोला: भुगतान नहीं करेंगे, जरूरत से ज्यादा दे चुके

**वाशिंगटन।** अमेरिका आज आधिकारिक तौर पर वर्ल्ड हेल्थ आर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) से बाहर हो गया। अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि हम डब्ल्यूएचओ में दोबारा शामिल होने की कोई योजना नहीं बना रहे हैं। अमेरिका अब देशों के साथ सीधे संपर्क करके रोग निगरानी और दूसरे प्राथमिकताओं पर काम करेगा।

अमेरिका पर डब्ल्यूएचओ की करीब 2 हजार 380 करोड़ रुपये से ज्यादा की फीस बकाया है। हालांकि, ट्रम्प प्रशासन का कहना है कहा कि वे कोई भुगतान नहीं करेंगे क्योंकि डब्ल्यूएचओ को पहले ही जरूरत से ज्यादा दिया गया है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस फैसले से अमेरिका के साथ-साथ दुनिया के हेल्थ सिस्टम पर असर पड़ सकता है। इसे अमेरिकी कानून के खिलाफ भी माना जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2025 में राष्ट्रपति बनने के पहले ही दिन डब्ल्यूएचओ से बाहर होने का फैसला किया था। गुरुवार को अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि डब्ल्यूएचओ बीमारियों को रोकने, संभालने और जानकारी शेयर करने में नाकाम रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) यूनाइटेड नेशन की एक खास एजेंसी है, जो वैश्विक स्वास्थ्य से जुड़े मामलों पर काम करती है।

# हिटलर के बाद सबसे ताकतवर सेना बना रहा जर्मनी

## युवाओं को 2.5 लाख महीने का ऑफर, ट्रम्प का धोखा और पुतिन से डर इसकी वजह



**बर्लिन।** द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जर्मनी ने लंबे समय तक सैन्य ताकत से दूरी बनाए रखी, लेकिन अब उसने सेना पर खर्च बढ़ा दिया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक जर्मन सरकार यूरोप की सबसे ताकतवर सेना बनाने के मिशन पर निकल चुकी है। युवाओं को सेना में लाने के लिए करीब 2.5 लाख महीने तक का ऑफर दिया जा रहा है। रूस के बढ़ते खतरे और ट्रम्प के दौर में अमेरिका से टूटते भरोसे ने जर्मनी को यह एहसास दिला दिया है कि अब अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी उसे खुद ही उठानी होगी। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज मई 2025 में एक सैन्य समारोह में सैनिकों का हौसला बढ़ाने के लिए पहुंचे थे। रिपोर्ट के मुताबिक इस साल की शुरुआत से ही जर्मनी में 18 साल के लड़कों को एक जरूरी फार्म भेजा जा रहा है। इसमें उनसे पूछा जा रहा है कि वे सेना में जाने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से कितने सक्षम हैं। यह नियम पिछले महीने पास हुए एक नए कानून के बाद लागू किया गया है। वहां पर सेना में भर्ती होना स्वैच्छिक (इच्छा से) है, लेकिन नया कानून सरकार को यह अधिकार देता है कि अगर जरूरत पड़ी तो जरूरी सैन्य सेवा भी लागू की जा सकती है। सरकार का मकसद यूरोप की सबसे ताकतवर सेना बनाना है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली बार होगा। जर्मन सेना (बुंडेसवेयर) में पिछले साल नवम्बर तक एक्टिव आर्मी की संख्या 1 लाख 84 हजार थी। मई से नवम्बर 2025 के बीच इसमें 25000 का इजाफा किया गया। मई में ही चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने संसद से कहा था कि जर्मन सेना को 'यूरोप की सबसे मजबूत सेना' बनना होगा। बुंडेसवेयर के सैन्य इतिहासकार टीमो ग्राफ ने अल जजीरा से कहा कि बहुत लंबे समय के बाद सेना इतनी बड़ी हुई है।

# इंसानों को संघर्ष छोड़, एकता के साथ होना चाहिए: सुनीता विलियम्स

**कोझिकोड।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्राी सुनीता विलियम्स ने इंसानों से संघर्षों पर पुनर्विचार करने और एकता का रास्ता अपनाने का आग्रह किया। सुविलियम्स ने केरल के कोझिकोड में आयोजित 'केरल लिटरेचर फेस्टिवल' (केएलएफ) में पृथ्वी पर जीवन के बारे में अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे अंतरिक्ष से देखने पर पृथ्वी पर राष्ट्रों की सीमाएं गायब हो जाती हैं और पृथ्वी एक साझा घर के रूप में दिखाई देता है। अंतरिक्ष यात्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक-दूसरे से लड़ने का कोई मतलब नहीं है, क्योंकि अंतरिक्ष से देखने पर पृथ्वी एक साझा घर की तरह दिखती है।




# जेलेंस्की बोले: पुतिन के पास पैसा खत्म, तो जंग भी खत्म

## अगर अमेरिका रूसी तेल टैंकर रोक सकता है, तो यूरोप क्यों नहीं

दावोस। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि अगर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पास पैसा खत्म हो जाएगा तो यूक्रेन जंग भी खत्म हो जाएगी। उन्होंने गुरुवार को यह बात स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनामिक फोरम में कही। उन्होंने कहा कि जब अमेरिका रूसी तेल टैंकर रोक सकता है और तेल जब्त कर सकता है तो यूरोप क्यों नहीं करता। यूरोप के तटों से होकर जाने वाला यही तेल यूक्रेन के खिलाफ जंग को पैसा दे रहा है। अगर पुतिन के पास पैसा नहीं बचेगा तो यूरोप में कोई युद्ध नहीं बचेगा।

जेलेंस्की ने कहा कि यही रवैया पहले ईरान के साथ भी देखा गया। वहां लोग आजादी के लिए सड़कों पर उतरे लेकिन आंदोलनों को खून में डुबो दिया गया और दुनिया चुप रही। उन्होंने यूरोप को याद दिलाया कि रूस की संपत्तियां फ्रीज तो की गईं, लेकिन जब उन्हीं पैसों से यूक्रेन की रक्षा की बात आई तो फैसला रोक दिया गया।



■ जेलेंस्की ने संघर्ष विराम को लेकर कहा कि अमेरिका के साथ अभी तक कोई पक्का समझौता नहीं हुआ है

जेलेंस्की ने कहा कि रूस के खिलाफ 'वार क्राइम ट्रिब्यूनल' बनाने को लेकर सिर्फ बैठकें हुईं नतीजा कुछ भी नहीं निकला। उन्होंने सीधे पूछा कि क्या यह समय की कमी है या राजनीतिक हिम्मत की। जेलेंस्की ने माना कि सुरक्षा गारंटी पर बातें हो रही हैं और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने जो वादे किए हैं उसके लिए वे आभारी हैं, लेकिन हर बार बात अटक जाती है। आखिर में कहा जाता है कि ट्रम्प का सहारा चाहिए। जेलेंस्की ने संघर्ष विराम को लेकर कहा कि अमेरिका के साथ अभी तक कोई पक्का समझौता नहीं हुआ है। जेलेंस्की ने संघर्ष विराम को लेकर कहा कि अमेरिका के साथ अभी तक कोई पक्का समझौता नहीं हुआ है। जेलेंस्की ने कहा कि यूरोप को अब अपनी सुरक्षा खुद करनी होगी। नाटो पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि यह संगठन सिर्फ इस भरोसे पर टिका है कि अमेरिका जरूरत पड़ने पर आगे आएगा, लेकिन अगर अमेरिका नहीं आया तो क्या होगा। उन्होंने कहा कि यूरोप को आत्मरक्षा करना सीखना होगा। वो ग्रीनलैंड में 14 या 40 सैनिक भेजकर क्या हासिल करना चाहता है? इससे पुतिन को क्या मैसेज जाता है, चीन को क्या मैसेज जाता है और शायद सबसे जरूरी बात, इससे डेनमार्क को क्या मैसेज जाता है ,उन्होंने कहा कि यूक्रेन को ठंडे इलाकों में लड़ने का असली अनुभव है और वह ग्रीनलैंड की रक्षा कर सकता है लेकिन वह नाटो का सदस्य नहीं है। ईरान और बेलारूस का जिक्र करते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि जब आजादी के लिए लड़ने वालों की मदद नहीं की जाती तो उसके नतीजे लौटकर आते हैं। बेलारूस में रूस ने मिसाइलें तैनात कर दीं और मिसाइलें सिर्फ दिखावे के लिए नहीं होतीं। जेलेंस्की ने कहा कि ग्रीनलैंड के मामले में भी यूरोप वही गलती कर रहा है और यह सोचकर बैठा है कि कोई और आकर समस्या सुलझा देगा जबकि इस बीच रूस की युद्ध मशीन लगातार चल रही है।

